ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष अमावस्या
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 6 जून 2024
वर्ष 5, अंक 72, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



द्रविड़ को रोकने का प्रयास किया पर नहीं माने : रोहित 15

सनी लियोनी की 'कोटेशन गैंग' का पोस्टर रिलीज 16

# राजग ने सर्वसम्मति से नरेंद्र मोदी को चुना नेता

## राष्ट्रपति के समक्ष कल पेश कर सकते हैं सरकार बनाने का दावा, तीसरी बार संभालेंगे देश की बागडोर

- सत्तारूढ़ गठबंधन की 7 जून को होगी एक और बैठक
- सप्ताहांत तक हो सकता है नई सरकार का शपथ ग्रहण

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने बुधवार को सर्वसम्मति से नरेन्द्र मोदी को अपना नेता चुन लिया। इसके साथ ही लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देश की बागडोर संभालने की दिशा में मोदी ने एक और कदम आगे बढ़ा दिया। लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन को बहुमत मिलने के एक दिन बाद यहां सात लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास में राजग के वरिष्ठ नेताओं की बैठक हुई। बैठक में शामिल सभी घटक दलों ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व पर विश्वास जताया और दावा किया कि उनके नेतृत्व में राजग सरकार भारत के गरीब, महिला, युवा, किसान, शोषित, वंचित व पीड़ित नागरिकों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

बैठक में पारित प्रस्ताव में कहा गया कि हम सभी को गर्व है कि 2024 का लोकसभा चुनाव राजग ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एकजुटता से लड़ा और जीता। हम सभी राजग के नेता नरेंद्र मोदी को सर्वसम्मति से अपना नेता चुनते हैं। प्रस्ताव में यह भी कहा गया कि भारत की विरासत को संरक्षित कर देश के सर्वांगीण विकास के लिए राजग सरकार भारत के जन-जन के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए कार्य करती रहेगी।

तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू, जनता दल (यूनाइटेड) के नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, शिवसेना नेता एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान इस बैठक में शामिल हुए। इनके अलावा, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के जीतनराम मांझी, जन सेना पार्टी के पवन कल्याण, राकांपा (अजित पवार) के प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे, अपना दल (सोनेलाल) की अनुप्रिया पटेल, राष्ट्रीय लोक दल के जयंत चौधरी, असम गण परिषद के अतुल बोरा, सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के इंद्र हंग सुब्बा, ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) के सुदेश महतो और जद(यू) के राजीव रंजन सिंह और संजय झा भी बैठक में शामिल हुए। भाजपा की तरफ से इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के अलावा पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह और अमित शाह ने बैठक में हिस्सा लिया।

तेदेपा, जद (यू), शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और लोजपा (रामविलास) ने क्रमशः 16, 12, सात और पांच लोकसभा सीट जीती हैं और ये दल सरकार गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रस्ताव में कहा गया कि 140 करोड़ देशवासियों ने पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से देश को हर क्षेत्र में विकसित होते देखा है। इसमें कहा गया कि बहुत लंबे अंतराल, लगभग छह दशक के बाद भारत की जनता ने लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत से सशक्त नेतृत्व को चुना है। सूत्रों ने बताया कि 7 जून को राजग की एक और बैठक हो सकती है, जिसके बाद राष्ट्रपति से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया जा सकता है। शपथ ग्रहण की तारीख को लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है, लेकिन गठबंधन के कुछ सदस्यों का मानना है कि अगर नई सरकार की रूपरेखा जल्द तैयार हो जाती है, तो यह (शपथ ग्रहण) सप्ताहांत तक हो सकता है।



राजग की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी, तेदेपा प्रमुख चंद्रबाबू नायडू, जदयू प्रमुख नीतीश कुमार व शिवसेना (शिंदे) प्रमुख एकनाथ शिंदे।

### फड़णवीस ने की इस्तीफे की पेशकश



**मुंबई।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने लोकसभा चुनाव में प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अपेक्षा से विपरीत प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेते हुए बुधवार को पार्टी हाईकमान के समक्ष सरकार के पद से इस्तीफा देने की पेशकश की। फडणवीस ने आज यहां मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि वह महाराष्ट्र के नतीजों की जिम्मेदारी अपने ऊपर ले रहे हैं क्योंकि राज्य में पार्टी का दायित्व उन पर है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं भाजपा नेतृत्व से अनुरोध करता हूं कि मुझे सरकार की जिम्मेदारी से मुक्त किया जाए ताकि मैं आगामी चुनावों में पार्टी की सफलता के लिए और कड़ी मेहनत कर सकूं। राज्य में विधानसभा के चुनाव इस साल के उत्तरार्ध में होने वाले हैं।

### राष्ट्रपति ने भंग की सत्रहवीं लोकसभा



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सिफारिश पर सत्रहवीं लोकसभा बुधवार को भंग कर दी। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार केन्द्रीय मंत्रिमंडल की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बैठक में राष्ट्रपति से सत्रहवीं लोकसभा को भंग करने की सिफारिश की गई थी। राष्ट्रपति ने इस सिफारिश पर अमल करते हुए संविधान के अनुच्छेद 85 के उपबंध (2) के तहत मिले अधिकार का इस्तेमाल करते हुए सत्रहवीं लोकसभा को भंग करने के आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए। इससे पहले दोपहर में मोदी ने राष्ट्रपति भवन जाकर राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें अपना तथा अपनी मंत्रिपरिषद् का इस्तीफा सौंपा था।

### महत्वपूर्ण विभागों की मांग कर सकते हैं तेदेपा, जदयू

ऐसी चर्चा है कि सरकार गठन के सिलसिले में तेदेपा और जद(यू) जैसे दलों की ओर से कुछ महत्वपूर्ण विभागों की मांग की जा सकती है, क्योंकि उनका समर्थन सरकार के गठन और अस्तित्व के लिए महत्वपूर्ण होगा। इस बार नई सरकार की सूरत बदली-बदली नजर आने की संभावना है, क्योंकि भाजपा को अपनी बदौलत बहुमत नहीं मिला है और उसे अपने सहयोगियों पर निर्भर रहना पड़ेगा। राजग 293 से अधिक सीट हासिल कर 543 सदस्यीय लोकसभा में बहुमत के लिए जरूरी 272 के जादुई आंकड़े को पार कर गया है।

## उचित समय पर लेंगे उचित फैसला : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी



इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल राहुल गांधी, अखिलेश व डीएमके नेता स्टालिन।



- इंडिया गठबंधन ने दिया विकल्प खुले रखने का संकेत

'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) ने बुधवार को कहा कि वह भाजपा सरकार के विपरीत जनाकांक्षा को साकार करने के लिए उचित समय पर उचित कदम उठाएगी। इस कदम को सरकार गठन की संभावना से जुड़े सारे विकल्प खुले रहने के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है।

गठबंधन के घटक दलों की अपने आधिकारिक आवास '10 राजाजी मार्ग' पर मेजबानी करने वाले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इस गठबंधन में उन सभी दलों का स्वागत है, जो संविधान की प्रस्तावना में अटूट आस्था रखते हैं और इसके आर्थिक, सामाजिक तथा राजनीतिक न्याय के उद्देश्यों को लेकर प्रतिबद्ध हैं। 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों के नेताओं ने सरकार गठन की संभावना और आगे की रणनीति पर करीब दो घंटे तक चर्चा की। बैठक में गठबंधन के विभिन्न घटक दलों के कुल 33 नेताओं ने भाग लिया। खरगे के अलावा कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी, राकांपा (एसपी) के प्रमुख शरद पवार, द्रमुक नेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, आप सांसद संजय सिंह और राघव चड्ढा, शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत और कई अन्य नेता शामिल हुए। बैठक के बाद खरगे ने संवाददाताओं से कहा कि बैठक में मौजूदा राजनीतिक परिस्थिति पर चर्चा की गई और बहुत से सुझाव आए। उन्होंने गठबंधन की तरफ से एक बयान भी पढ़ा। खरगे ने कहा कि इंडिया गठबंधन को मिले भारी जनसमर्थन के लिए हम मतदाताओं को तहे दिल से धन्यवाद देते हैं। इस जनादेश ने भाजपा और उसकी नफरत की राजनीति, भ्रष्टाचार और लोगों को हक हकूक से वंचित करने की राजनीति को बहुत करारा जवाब दिया है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राजनीतिक और नैतिक पराजय है। यह जनादेश महंगाई, बेरोजगारी और पूंजीवाद के खिलाफ है।



### सेंसेक्स 2,303 अंक चढ़ा, निफ्टी भी मजबूत

- चुनाव नतीजों के झटकों से उबरा बाजार
- निवेशकों की 13.22 लाख करोड़ बढ़ी पूंजी

**मुंबई।** चुनाव नतीजों के झटके से उबरते हुए स्थानीय शेयर बाजारों ने बुधवार को जोरदार वापसी की और बीएसई सेंसेक्स 2,300 अंक से अधिक की छलांग लगा गया। एनएसई निफ्टी भी 735 अंक के लाभ में रहा। लोकसभा चुनाव परिणाम उम्मीद के मुताबिक नहीं रहने के कारण शेयर बाजार में मंगलवार को चार साल में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट आई थी। भाजपा की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगियों की सरकार गठन को लेकर बातचीत के बाद बाजार चढ़ा है। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 2,303 .19 अंक यानी 3 .20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,382 .24 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 735 .85 अंक यानी 3 .36 प्रतिशत उछलकर 22,620 .35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 785 .9 अंक तक चढ़ गया था। बाजार में आई तेजी से निवेशकों को 13 .22 लाख करोड़ रुपये का लाभ हुआ।

## राहुल गांधी को सौंपा अमेठी से जीत का प्रमाण पत्र

### केएल शर्मा ने सोनिया से लिया आशीर्वाद



**अमेठी।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को हराने वाले कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने बुधवार को दिल्ली जाकर गांधी परिवार से मुलाकात की है। किशोरी लाल ने राहुल गांधी को अमेठी की जीत का प्रमाण पत्र सौंपा और सोनिया गांधी से आशीर्वाद लिया। इस दौरान सोनिया गांधी ने किशोरी लाल से कहा कि आप जैसे हैं, वैसे ही रहना है। किसी प्रकार का घमंड नहीं करना है। शर्मा ने कहा कि मैं गांधी परिवार की अपेक्षाओं पर हमेशा खरा उतरूंगा। किशोरी लाल ने कहा कि जीत के साथ जिम्मेदारी भी आती है और वो जिम्मेदारी मैं महसूस कर रहा हूं। अमेठी की जनता के साथ मिलकर मैं काम करूंगा तो निश्चित रूप में सफल होऊंगा। मैं बिना जनता को इन्वॉल्व किए कोई काम नहीं करूंगा। किशोरी लाल ने भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी को एक लाख 67 हजार वोटों से हराया है।

## एयर कनाडा की फ्लाइट में बम की धमकी से हड़कंप



**नई दिल्ली।** एयर कनाडा की टोरंटो जाने वाली उड़ान में उस समय हड़कंप मच गया जब यहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को विमान में बम रखे होने की धमकी वाला ईमेल मिला। हालांकि बाद में यह धमकी फर्जी निकली। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन लिमिटेड के कार्यालय में मंगलवार रात 10:50 बजे एक ईमेल मिला कि दिल्ली से टोरंटो जाने वाली एयर कनाडा की उड़ान में एक बम रखा है।

## ओखलकांडा में गधेरे में गिरा वाहन, छह की मौत

संवाददाता, भीमताल

- तीन बच्चों समेत सात लोग घायल चार घायलों को इलाज के लिए हल्द्वानी भेजा

**अमृत विचार :** नैनीताल जिले के ओखलकांडा ब्लॉक के पतलोट के समीप मैक्स वाहन देर शाम अनरबन गधेरे (बरसाती नाला) में गिर जाने से चालक समेत छह सवारों की मौत हो गई जिसमें तीन एक ही परिवार के थे, जबकि तीन बच्चों समेत सात घायल हो गए। चार घायलों को हल्द्वानी भेजा गया है।

मैक्स वाहन (यूके04 टीए 4243) हल्द्वानी से पुड़पुड़ी गांव जा रहा था। देर शाम करीब सवा सात बजे वाहन पतलोट से पहले झड़गांव के पास असंतुलित होकर 250 फीट गहरे गधेरे में गिर गया। वाहन के गिरने की आवाज सुनते ही आसपास के ग्रामीण पहुंचे और बचाव में जुट गए। जानकारी लगते ही खनस्यू थाने से पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंच गए। ओखलकांडा अस्पताल से दो एंबुलेंस तत्काल मौके की ओर रवाना हो गई। हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि आठ लोग घायल हुए। मृतकों में पुड़पुड़ी निवासी चालक भुवन भट्ट पुत्र डूंगरदेव भट्ट (30), भद्रकोट निवासी उमेश परगाई पुत्र हरीश परगाई (38), पुड़पुड़ी निवासी ममता पुत्री भोलादत्त (19), पार्वती देवी, महेश परगाई व दीपा परगाई शामिल हैं। इनमें से एक की मौत अस्पताल ले जाते वक्त हुई। तीन घायलों पंकज (13), मनोज (11) व लक्की (7) को ओखलकांडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि गंभीर रूप से घायल चार लोगों को हल्द्वानी रेफर किया गया है। सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश नैनवाल ने बताया कि एक एंबुलेंस चार गंभीर रूप से घायल सवारियों को लेकर हल्द्वानी गई है। मौके पर मौजूद ग्रामीण भुवन भट्ट ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग बचाव में जुट गए थे। एसडीएम एएन गोस्वामी ने बताया कि मृतकों के पोस्टमार्टम की कार्रवाई पतलोट में की जा रही है।





गधेरे में गिरा मैक्स वाहन।







## मुंबई-दिल्ली आईआईटी शीर्ष 150 विवि में शामिल

- एमआईटी सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मुंबई और दिल्ली दुनिया के शीर्ष 150 विश्वविद्यालयों में शामिल हैं, जबकि मैसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) ने 13वीं बार वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय का स्थान बरकरार रखा है। बुधवार को जारी हुई क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग, 2025 में यह जानकारी दी गई। आईआईटी मुंबई पिछले साल के 149वें स्थान से 31 रैंक ऊपर चढ़कर 118वें स्थान पर पहुंच गया है, वहीं, आईआईटी दिल्ली ने अपनी रैंकिंग में 47 अंकों का सुधार करते हुए वैश्विक स्तर पर 150वां स्थान हासिल किया है। लंदन आधारित उच्च शिक्षा विश्लेषक, 'क्वाक्वेरेली साइमंड्स' (क्यूएस) द्वारा प्रकाशित प्रतिष्ठित रैंकिंग के अनुसार, दिल्ली विश्वविद्यालय की अपने स्नातकों की रोजगार क्षमता के मामले में स्थिति अच्छी है और यह रोजगार परिणामों की श्रेणी में विश्व स्तर पर 44 वें स्थान पर है।

## केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 19 तक बढ़ी



- कोर्ट का अंतरिम जमानत देने से भी इनकार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में स्वास्थ्य आधार पर जमानत देने का आग्रह करने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका बुधवार को खारिज कर दी। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने तिहाड़ जेल के अधिकारियों को न्यायिक हिरासत में केजरीवाल की चिकित्सकीय जरूरतों का ध्यान रखने का निर्देश दिया। न्यायाधीश ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 19 जून तक के लिए बढ़ा दी। अदालत मामले में वैधानिक जमानत का आग्रह करने वाली केजरीवाल की याचिका पर सात जून को सुनवाई कर सकती है।

शनिवार को सुनवाई के दौरान ईडी ने आवेदन का विरोध करते हुए कहा था कि उन्होंने पूरे लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचार किया लेकिन अब जब उन्हें आत्मसमर्पण करना है तो वह अचानक बीमार होने का दावा कर रहे हैं।

## उत्तरकाशी के सहस्त्रताल ट्रैक पर नौ ट्रैकर्स की मौत

ब्यूरो, देहरादून

- 5 ट्रैकर्स के शव रेस्क्यू किए, 11 ट्रैकर्स को एयरलिफ्ट किया गया
- मौसम खराब होने से रेस्क्यू अभियान में आ रही बाधा

**अमृत विचार :** उत्तरकाशी जिले के सहस्त्रताल में ट्रैकिंग पर गया 22 सदस्यीय दल मौसम खराब होने के चलते फंस गया। जिसमें 9 ट्रैकर्स की मौत हो गई, चार ट्रैकर्स के शव रेस्क्यू कर लिए गए। 11 ट्रैकर्स को एयरलिफ्ट किया गया है। सेना के साथ एसडीआरएफ रेस्क्यू में जुटी है, लेकिन खराब मौसम रेस्क्यू में बाधक बन रहा है।

एसडीआरएफ के कमांडेंट मणिकांत मिश्रा के मुताबिक 22 सदस्यीय दल ट्रैकिंग के लिए 29 मई को रवाना हुआ था। 2 जून तो दल सहस्त्रताल के कोखली टॉप बेस कैंप पहुंचा। 3 जून को वहां खराब मौसम में ट्रैकिंग दल फंस गया। पूरी रात उन्हें ठंड में बितानी पड़ी। अगले दिन दल को ले जाने वाली गढ़वाल माउंटनेरिंग एवं ट्रैकिंग एजेंसी के मालिक को सूचना मिली कि ठंड लगने से चार ट्रैकर की मौत हो गई है जबकि सात की तबियत खराब है और 11 ट्रैकर फंसे हुए हैं। आनन-फानन में रेस्क्यू शुरू किया गया। सेना के जवान रेस्क्यू में जुट गए। बाद में एसडीआरएफ भी मदद को पहुंच गई।

## एक लाख लेने कांग्रेस दफ्तर पहुंचीं महिलाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### राहुल ने कहा था खटाखट रुपये मिलेंगे



रुपये लेने को परिजनों के साथ कांग्रेस मुख्यालय पहुंचीं महिलाएं। ● अमृत विचार

- कांग्रेस पदाधिकारियों ने महिलाओं को समझा-बुझाकर शांत किया

**अमृत विचार :** कांग्रेस ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में गरीब महिलाओं को एक लाख रुपये सालाना देने का वादा किया था जिसके तहत बुधवार को काफी संख्या में महिलाएं प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पहुंच गईं और गारंटी कार्ड जमा करने में मांग की। महिलाओं के अचानक पहुंचने पर कांग्रेस पदाधिकारी सकते में आ गए। उन्होंने महिलाओं को किसी तरह समझा-बुझाकर शांत किया। अभी सरकार न बनने का तर्क दिया।

कांग्रेस मुख्यालय पर बुधवार को सुबह से ही महिलाओं की भीड़ बढ़ने लगी। दोपहर तक काफी संख्या में महिलाएं एकत्रित हो गईं। इसमें ज्यादातर मुस्लिम थीं। वे गारंटी कार्ड लेने पहुंची थीं। मुख्यालय में पार्टी नेता चुनाव में शानदार प्रदर्शन पर एक-दूसरे को बधाई दे रहे थे। महिलाओं के पहुंच जाने पर सभी सकते में आ गए। मौजूद नेताओं ने महिलाओं को समझा-बुझाकर शांत कराया। मालूम हो कि चुनाव से पहले कांग्रेस ने कई परिवारों को 'गारंटी कार्ड' वितरित किए थे। चुनावी सभाओं में इस घोषणा को लेकर पार्टी नेता राहुल गांधी का 'खटाखट-खटाखट' खाते में रुपये आने वाला बयान भी खूब चर्चा में रहा था।

### सरकार बनने के बाद रकम देने की बात थी

प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि सरकार बनने के बाद गरीब महिलाओं को रकम देने की बात कही गई थी। चुनाव से पहले बड़ी संख्या में यह कार्ड लोगों को बांटे भी गए थे। सभी प्रत्याशियों ने भी अपने क्षेत्रों में गारंटी कार्ड बांटे थे। ये गारंटी कार्ड लगातार जमा हो रहे हैं।

## बेटे ने मां को गड़ासे से काटा पेट्रोल डालकर शव जलाया

संवाददाता, ऊंचाहार (रायबरेली)

### दुस्साहस

- ऊंचाहार की घटना, जघन्य हत्याकांड से पूरे क्षेत्र में सनसनी
- वजह स्पष्ट नहीं, पुलिस कर रही आरोपी की तलाश

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के पूरे ठकुराइन मजरे उसरैना गांव में एक बेटे ने अपनी मां को गड़ासे से काटकर शव पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। पुलिस ने अधजला शव कब्जे में लिया है। वारदात बुधवार की दोपहर हुई।

ठकुराइन मजरे उसरैना गांव निवासी लवकुश कुमार छोटे बेटे संदीप के साथ सलोन गए थे। घर में पत्नी सुशीला देवी (45) और बड़ा बेटा कुलदीप थे। ग्रामीणों का कहना है कि कुलदीप गांव में कहीं गया था। कुछ देर बाद घर लौटा, किसी बात पर उसने आपा खो दिया और गड़ासे से मां को काट डाला। फिर शव को घर के पीछे ले गया और पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। शव जलने लगा तो ग्रामीणों को जानकारी हुई। मौका पाकर कुलदीप भाग गया। पुलिस ने अधजले शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि कारणों का पता लगाया जा रहा है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

## ‘अमृत विचार’ आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 9450434176 या amritvichar.moradabad@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी हमें भेज सकते हैं। पता : अमृत विचार कार्यालय आशियाना फेस वन मुरादाबाद उप्र।

## शहर में आज



☞ जिगर मंच पर कवि सम्मेलन का आयोजन शाम सात बजे से।

☞ शिवसेना शिंदे गुट के 7 सांसदों की जीत की खुशी में 12:00 बजे जिला कार्यालय आशियाना प्रथम एमएमआईजी 58 पर जश्न का आयोजन।

## परिणाम के बाद अब विधानसभा वार मिले वोटों पर दलों के दिग्गज कर रहे मंथन

# भाजपा के गढ़ में सपा को मिले अधिक वोटों ने चौंकाया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मतगणना के बाद परिणाम घोषित हो गया। अब विधानसभावार मिले वोटों पर दलों में मंथन हो रहा है। भाजपा के गढ़ में सपा प्रत्याशी रुचि वीरा को मिले अधिक वोटों ने भाजपा के रणनीतिकारों को चिंता में डाल दिया है। ठाकुरद्वारा और नगर विधानसभा के अलावा बढ़ापुर में सपा प्रत्याशी ने कई राउंड में भाजपा से अधिक वोट हासिल किए है।

मुरादाबाद लोकसभा सीट से इंडी गठबंधन से सपा की प्रत्याशी रुचि वीरा को 6,37,363 वोट मिले हैं। जिसके चलते उन्होंने भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह को 1,05,762 मतों से हराकर पहली महिला सांसद बनने का गौरव हासिल कर लिया। नामांकन के आखिरी दिन मुरादाबाद में पहुंचने वाली रुचि वीरा ने एक महीने से कम समय में कड़ी मेहनत कर जीत तक का सफर तय किया तो बूथ जीतो चुनाव जीतो का मंत्र देने वाले भाजपा के दिग्गजों की रणनीति फेल होना स्वाभाविक था।

अब मतगणना के बाद आए परिणाम को लेकर भाजपा में मंथन होना है। बुधवार को भी भाजपा प्रत्याशी के कार्यालय पर वोटों का गुणा गणित लगाया जा रहा था। सपा प्रत्याशी के पक्ष में परिणाम पहले से लेकर आखिरी राउंड तक रहा। हर राउंड में वह भाजपा प्रत्याशी पर भारी पड़ती रहीं। सपा की रुचि वीरा ने पहले राउंड से बढ़त ली तो फिर पीछे मुड़ कर नहीं देखा। उन्होंने 6,37,363 वोट हासिल कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के कुंवर सर्वेश सिंह को 1,05,762 मतों से हराकर संसद में पहुंचने में सफलता पाई। दूसरे नंबर पर आए भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश (दिवंगत) को 5,31,601 मत ही मिले। चौंकाने वाली बात यह रही कि जिन विधानसभाओं में भाजपा को अधिक वोट की उम्मीद थी वहां सपा भारी पड़ी। इसमें बढ़ापुर, ठाकुरद्वारा और मुरादाबाद नगर विधानसभा सीट शामिल रही।

बढ़ापुर से कुंवर सर्वेश सिंह के बेटे सुशांत सिंह स्वयं भाजपा के विधायक हैं। भाजपा प्रत्याशी पूर्व सांसद ठाकुरद्वारा के ही रहने वाले थे और नगर विधानसभा में भाजपा के विधायक रितेश कुमार गुप्ता हैं। ऐसे में इन तीनों विधानसभाओं में सपा को मिले वोटों ने भाजपा के हार की पटकथा लिख दी।

### भाजपा के प्रभाव वाले तीन विस क्षेत्रों में मिले वोट

| पार्टी | बढ़ापुर | ठाकुरद्वारा | नगर विस क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| सपा | 1,03,2021 | 1,22,44 | 1,45,072 |
| भाजपा | 99,189 | 1,12,879 | 1,32,803 |
| अंतर | 4,013 | 9,562 | 12,269 |

मुरादाबाद लोकसभा सीट का परिणाम हमारी उम्मीद व कल्पना से परे है। फिर भी हम जनादेश का सम्मान करते हैं। पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं, बूथ अध्यक्षों, पन्ना प्रमुखों आदि के साथ बैठक में परिणाम व मिले वोटों पर मंथन करेंगे। जो कमियां या चूक रह गई होंगी उसे दूर करेंगे। जनहित के लिए उनके बीच रहकर निरंतर कार्य करना पार्टी व उनकी प्रतिबद्धता है।

**-आकाश पाल,** जिलाध्यक्ष भाजपा

## अत्याधुनिक जांच से लगेगा बीमारी का पता

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** बुधवार को कांठ रोड स्थित एक होटल में मुरादाबाद ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकॉलालिकल सोसाइटी की मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें बताया गया कि महिलाओं की प्रेग्नेंसी के दौरान अब विभिन्न अत्याधुनिक जांचों के माध्यम से बच्चे को होने वाली बीमारियों का पता लगाया जा सकेगा।

जनपद मुजफ्फरनगर से आईं डॉ. तारिणी तनेजा ने बताया कि गर्भावस्था के समय जांच कराकर बच्चे को होने वाली बीमारी से बचाया जा सकता है। दिल्ली की डॉ. दीप्ति नभ ने महिलाओं में अनियमित मासिक धर्म से होने वाली बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया कि कृत्रिम हार्मोन की मदद से अब इसका बेहतर इलाज संभव हो रहा है। अध्यक्षता सोसाइटी की संस्थापक अध्यक्ष डॉ. नीना मोहन व ब्रांच अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह ने की।

## एक नजर

### निबंध लेखन प्रतियोगिता की तिथि 10 तक बढ़ी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से लू के बारे में जानकारी व बचाव के उपाय को लेकर निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता 8 मई से 22 मई तक आयोजित की जानी थी। अब इसकी तिथि बढ़ाकर 10 जून कर दी गई है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र ने बताया कि लू से हो रहे व्यापक नुकसान को देखते हुए इसके बारे में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने के लिए प्राधिकरण ने तारीख बढ़ाकर 10 जून कर दी है। इससे संबंधित निबंध आदि अब इस समय सीमा तक भेजे जा सकते हैं।

### एएनएम दिवस मनाया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बुधवार को सरकारी टीकाकरण अभियान के अंतर्गत एएनएम दिवस मनाया गया। बच्चों व गर्भवती महिलाओं को टीका लगाने के लिए सभी एएनएम अपने सेंटर पर मौजूद रहीं। इस दौरान सभी टीकाकरण केंद्रों पर सघन चेकिंग की गई। एनएचएम के जिला कार्यक्रम प्रबंधक रघुवीर सिंह ने बताया कि टीकाकरण केंद्रों पर एएनएम की मौजूदगी व सभी जरूरी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। दावा किया कि टीकाकरण की ऑनलाइन रिपोर्टिंग में शुरुआत के समय आई दिक्कतों का अब दूर कर लिया है। टीका लगाते ही इसकी डिटेल ऑनलाइन भेजी जा रही है।

# तापमान 41 डिग्री, उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल

## आर्द्रता बढ़कर 43 प्रतिशत हुई, मौसम वैज्ञानिक 20 जून के बाद जता रहे मानसून सक्रिय होने का अनुमान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** तापमान में कमी के बाद भी उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल रहे। सुबह से लेकर रात तक लोग उमस से परेशान रहे। बारिश न होने से दोपहर और शाम को गर्मी बढ़ने से लोग बेचैन हो गए।

पिछले कई दिनों से तापमान बढ़ने और लू के थपेड़ों ने लोगों को बेदम कर दिया था। अधिकतम तापमान 45 डिग्री तक पहुंच गया था। लेकिन, दो दिन से अधिकतम तापमान 41 पर है। लेकिन उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल हैं। बुधवार को अधिकतम तापमान 41 और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहा। दोपहर में चिलचिलाती धूप से बचने के लिए लोग छांव की तलाश में भटकते रहे। सड़कों पर आवाजाही कम रही। शीतल पेय की दुकानों पर लोगों ने पहुंचकर उसका सेवन कर राहत पाई। शिकंजी, गन्ने का रस का लोगों ने खूब सेवन किया। सिविल लाइंस, कांठ रोड, कचहरी परिसर में कई जगह शिकंजी की दुकान पर लोगों की संख्या अधिक रही। प्यास बुझाने के लिए लोगों ने बोतलबंद पानी का सहारा लिया। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर मौसम वैज्ञानिक आरके सिंह का कहना है कि अभी गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। 20 जून या इसके बाद मानसून सक्रिय होगा।



गर्मी में इस तरह दुपट्टे से मुंह ढक कर निकलीं महिलाएं। ● अमृत विचार



पीतल नगरी डिपो पर वाटर कूलर से निकल रहा गरम पानी। ● अमृत विचार



गर्मी से बचने को दुपट्टे से मुंह ढक कर कुछ इस तरह से जातीं युवतियां।

## पीतल नगरी डिपो पर ठंडे पानी को तरसे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बढ़ती गर्मी के कारण लोग परेशान हैं। पिछले काफी समय से तामपान कम होने का नाम नहीं ले रहा है। वहीं मौसम विभाग का कहना हैकि अभी 10 दिन तापमान की स्थिति इसी तरह बनी रहेगी। दूसरी ओर प्रशासन ने बढ़ती गर्मी के कारण महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। लेकिन, रोडवेज के पीतल नगरी डिपो पर इसका कोई असर दिखाई नहीं दिया।

पीतल नगरी डिपो परिसर में पीने के पानी के लिए दो वाटर कूलर लगाए गए हैं, लेकिन मौजूदा समय में भीषण गर्मी के बीच दोनों खराब हैं। ठंडा पानी न मिलने पर यात्री गर्म पानी पीने को मजबूर हैं। डिपो पर लगभग 32 हजार यात्री प्रतिदिन आते है। यहां से आगरा, बरेली, लखनऊ, हल्द्वानी व कानपुर समेत अन्य शहरों के लिए बसें संचालित होती है। पीतल नगरी डिपो में गर्मी के मौसम में बैठने की व्यवस्था ठीक है। यात्री पंखे के नीचे बैठकर बसों का इंतजार करते देखे गए। लेकिन, पानी की दिक्कत से यात्री परेशान दिखे। पीतल नगरी डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक प्रेम सिंह ने बताया कि दो वाटर कूलर में एक विधायक निधि से लगा हुआ है। जिसको सही कराने के लिए विधायक को पत्र लिखा गया है। जबकि दूसरा वाटर कूलर बिजली फाल्ट होने के कारण खराब पड़ा है। जिसे जल्द ठीक कराया जाएगा। वहीं यात्री अमित कुमार ने बताया कि डिपो पर ठंडे पानी की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जिससे गर्मी में काफी परेशानी हो रही है।

# चार घंटे बिजली कटौती से मचा हाहाकार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बुधवार को पॉवर ट्रांसफार्मर की टेस्टिंग को लिए गए शट डाउन के चलते विवेकानंद बिजलीघर से जुड़े कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित होने से हाहाकार मच गया। जिसके चलते विकास भवन को भी बिजली कट झेलना पड़ा। इस दौरान विकास भवन के अधिकांश कार्यालयों में इनवर्टर से काम चलाया गया। चार घंटे की कटौती के बाद बिजली आपूर्ति बहाल हो पाई, जिसके चलते कई इलाकों में लोग परेशान रहे।

विवेकानंद सब स्टेशन के पॉवर ट्रांसफार्मर के मेंटीनेंस को बुधवार सुबह नौ बजे शट डाउन लिया गया। काम के चलते डिवीजन टू के एई, टेस्ट के कई कर्मचारी पहुंचे। चार घंटे तक चले मेंटीनेंस के काम के चलते आशियाना वन, टू, मंगल का बाजार, विवेकानंद, गौर संस, प्रेम नगर, गंगा मंदिर, प्रकाश इनक्लेव आदि इलाके में बिजली आपूर्ति बाधित रही। इन इलाकों के साथ विकास भवन में भी मेंटीनेंस की वजह से सभी कार्यालयों में बिजली कटौती रही। विकास भवन के कई कार्यालयों में इनवर्टर से काम चलाया गया। दोपहर बाद सभी इलाकों में बिजली बहाल हो पाई, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। लेकिन थोड़ी देर बाद फिर से बिजली चली गई। जिसके कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बाद में बिजली सुचारु होने पर लोगों को राहत मिली।

● बिजली न आने के कारण अधिकांश घरों में ठप हुए इनवर्टर पीने के पानी की भी रही किल्लत

### डिप्टीगंज और जिगर कालोनी में भी गुल रही बिजली

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** डिवीजन टू में कई इलाकों में मेंटीनेंस के चलते तीन घंटे बिजली गुल रही। जिगर कालोनी के डिप्टी गंज फीडर में स्मार्ट सिटी के तहत होने वाले केबल चार्जिंग का तीन घंटे काम किया गया। जिससे रामगंगा विहार कालोनी, डिप्टी गंज, गोल कोठी, बारादरी और कलेक्ट्रेट इलाके में बिजली की कटौती हुई। वहीं दूसरी ओर दौलतबाग क्षेत्र में नए पोल लगाने के चलते तीन घंटे की बिजली बंद रही। शट डाउन के चलते झब्बू का नाला, दीवान का बाजार, बंगला गांव, दसवां घाट, घोसी की पुलिया, तहसील स्कूल इलाके में लोग गर्मी से बेहाल रहे।

### आज इन इलाकों में बाधित रहेगी बिजली

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पीटीसी एसडीओ ने बताया कि गुरुवार सुबह आठ से 12 बजे तक पोल बदलने को लेकर साकेत, एकता द्वार, गंज गुरठी, कंपनी बाग और कांठ रोड, मधुबनी नवीन नगर, देव विहार, आदर्श कालोनी, आकाश रेजेंडेसी, सिविल लाइंस, जैन चौक, आंबेडकर पार्क इलाके में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

## ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्री झेल रहे दुश्वारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** भीषण गर्मी के बीच यात्री ट्रेनों में दुश्वारियों भरा सफर करने को मजबूर हैं। प्रतिदिन दैनिक ट्रेनों के साथ-साथ स्पेशल ट्रेनें भी अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच पा रही है। जिसके कारण यात्रियों को असुविधा हो रही है।

एक तरफ जहां गर्मी अपना सितम दिखा रही है तो वहीं ट्रेनों की लेटलतीफी ने यात्रियों का सफर दुश्वारियों भरा कर दिया है। गर्मी के बीच ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर न पहुंच कर यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बन रही है। प्रतिदिन दैनिक ट्रेनों के साथ-साथ समर स्पेशल ट्रेनें भी दो से छह घंटे की देरी से पहुंच रही है। जिसके कारण यात्रियों को सफर से ज्यादा स्टेशन पर ही समय काटना पड़ रहा है। बुधवार को दानापुर जनसाधारण एक्सप्रेस 4:31 घंटे, कामाख्या साप्ताहिक 3:55 घंटे, जयनगर क्लोन स्पेशल 2:25 घंटे, न्यू जलपाईगुड़ी क्लोन 6:58 घंटे, आनंद विहार टर्मिनल 5:18 घंटे व बेगमपुरा एक्सप्रेस 1:46 घंटे देरी से पहुंची।

# भारतीय पवेलियन की दुबई के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में शुरुआत

● महानगर के कई निर्यातक ले रहे हिस्सा, सजाए स्टाल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** दुबई के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में भारतीय पवेलियन की शुरुआत हो गई है। इसकी शुरूआत भारतीय वाणिज्य दूत के. कालीमुथु ने किया। मेले में मुरादाबाद समेत देश के विभिन्न क्षेत्रों के निर्यातकों ने मध्य-पूर्व के प्रीमियम खरीदारों के लिए अपने अनूठे हस्तशिल्प उत्पादों का प्रदर्शन किया है। निर्यातकों ने होम डेकोर, लाइफस्टाइल, होम टेक्सटाइल, फर्नीचर उत्पादों को सजाया है।

मेले में शामिल ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक आरके वर्मा ने बताया कि यह मेला भारतीय हस्तशिल्प को विश्व बाजार में लाने और व्यापार बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने निर्यातकों से यूएई में व्यापार को बढ़ावा देने के लिए जरूरी मदद का भरोसा जताया है। उन्होंने बताया कि अहमदाबाद, करूर, बेंगलुरु, चेन्नई, पानीपत, सहारनपुर, जयपुर, जोधपुर, मुरादाबाद और दिल्ली एनसीआर के प्रदर्शक इंडिया पवेलियन में अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं। होम डेकोर, लाइफस्टाइल, होम टेक्सटाइल, फर्नीचर और एक्सेसरीज के खास उत्पाद मेले में नजर आ रहे हैं। अध्यक्ष दिलीप बैद ने बताया कि ईपीसीएच नियमित तौर पर इंडेक्स फेयर दुबई में भाग लेती है। इंडेक्स मेला डिजाइन पर आधारित उत्पादों का पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका (डब्ल्यूएएनए) में सबसे बड़ा व्यापार मेला है। उन्होंने बताया कि ईपीसीएच ने इंडेक्स फेयर में हस्तशिल्प निर्यातकों की इस भागीदारी का आयोजन वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सहयोग से किया है। इस मौके पर अतिरिक्त कार्यकारी निदेशक राजेश रावत भी शामिल रहे।

# किशोरी को किया अगवा, शिकायत करने पहुंचे पिता को धमकाया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र में सूरजनगर गुलाबबाड़ी में एक किशोरी के अगवा होने का मामला सामने आया है। आरोप है कि लापता हुई बेटी के बारे में घरवालों ने उसकी काफी तलाश की। फिर पता चला कि उसे सोनू ले गया है। इसमें आरोपी का पिता भी शामिल है। पीड़ित किशोरी का पिता जब आरोपी के घर उसकी शिकायत लेकर गया तो आरोपी के पिता ने जान से मार देने की धमकी देकर घर से भगा दिया।

पीड़ित पक्ष ने कटघर थाना पुलिस को बताया है कि उनकी बेटी अभी 16 वर्ष की है। उसे मुहल्ले का ही सोनू पुत्र पप्पू बहला-फुसला ले गया है। यह घटना सोमवार को हुई है। आरोपी सोनू फल मंडी रोड पर सूरजनगर का रहने वाला है। पीड़ित पक्ष ने बताया कि उन लोगों ने जब सोनू के पप्पू पिता से शिकायत की तो उसने जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में कटघर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह ने बताया कि किशोरी के पिता की तरफ से आरोपी सोनू और उसके पिता पप्पू के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज की गई है।

अमृत विचार

सूचना

प्रिय पाठक,

यदि आपका अपना प्रिय अखबार "अमृत विचार" मिलने या शुरू करने में कोई असुविधा हो रही हो तो निम्न नम्बर पर हमें सम्पर्क करें।

मो0:- 9027872845, 9838333303



पढ़ते रहिये "अमृत विचार" सिर्फ ₹ 5/-.........

BHARAT MAXILLO FACIAL SURGERY & DENTAL IMPLANT CENTRE



Dr. Amit Yadav
BDS, MDS
(Oral & Mxillo Facial Surgeon)







• दाँतों की समस्त बीमारियों का इलाज।
• बाहर निकलें दातों को तार बांधकर व्यवस्थित करना।
• मसूड़ों की हड्डी में स्थाई दाँत लगाना।
• जबड़े की रसौली का इलाज।
• जबड़ें व चेहरे की हड्डियों के फ्रेक्चर का अत्याधुनिक तकनीक (मिनी प्लेटिंग) द्वारा इलाज।

Shahpur Tigri Road, Near Khushalpur Police Chowki, Moradabad.
Mob- 9457168237, 7579663555




**आज का मौसम**

आसमान में आंशिक रूप से छाए रहेंगे बादल

| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| 41.0° | 29.0° |
| सूर्योदय 05:17 | सूर्यास्त 07:08 |

## एक नजर

### जिला अस्पताल परिसर के बालाजी मंदिर में चोरी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइन थाने के पीछे जिला अस्पताल है। अस्पताल की पुराने पानी की टंकी के पास प्राचीन बालाजी मंदिर में मंगलवार रात चोरी होने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि चोरों ने भगवान बालाजी का मुकुट, पीतल का गदा, गुल्लक में पड़े रुपये, पीतल का घंटा चुरा लिया है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। पुलिस चोरों की तलाश में सीसीटीवी कैमरा की फुटेज खंगाल रही है। मंदिर की देखरेख करने वाले महेश कुमार ने बताया कि रात करीब 11 मंदिर बंद कर अस्पताल कैंपस स्थित आवास पर चले गए थे। इसी बीच चोर ताला तोड़कर मंदिर के अंदर घुस गए और म्यूजिक सिस्टम के अलावा अन्य सामान चोरी कर ले गए। पुजारी महेश प्रसाद को भी मंदिर में चोरी की जानकारी सुबह हुई, जब वह मंदिर खोलने पहुंचे थे। सिविल लाइन थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि चोरों की तलाश की जा रही है।

### अंतिम संस्कार में दिल्ली से आ रहे मां-बेटे घायल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दिल्ली से बाइक पर अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे मां-बेटे हादसे में घायल हो गए। इन्हें पुलिस ने 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भेजकर भर्ती कराया है। बताया जा रहा है कि मां-बेटे के साथ हादसा पाकबड़ा थाना क्षेत्र में रतनपुर कला के पास हाईवे पर हुआ। इन्हें एक कार ने टक्कर मार दी थी। घायल बेटा अकरम पुत्र रहसूद्दीन और उसकी मां शकीला उत्तर पूर्वी दिल्ली के नेहरू विहार दयालपुर के रहने वाले हैं। ये लोग बाइक से बिलारी में अपनी बहन की ससुराल में जा रहे थे। अकरम की बहन के ससुर का निधन हो गया था। इनके ही अंतिम संस्कार में ये लोग शामिल होने जा रहे थे। उधर, पाकबड़ा थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह ने बताया कि घटना के बाद कार और उसके चालक की तलाश की जा रही है।

# शराब के नशे में पत्नी की गला दबाकर हत्या

## रेलवे कॉलोनी आजादनगर में किराए के मकान में हुई घटना, आरोपी पति को किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** हरथला रेलवे कॉलोनी आजाद नगर में पति ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। घटना का कारण नशे की लत और पारिवारिक कलह बताया जा रहा है। पुलिस ने महिला के पति को हिरासत में ले लिया है। बताया जा रहा है कि नीटू सिंह पत्नी पूनम और तीन बच्चों के साथ हरथला आजाद नगर में किराए पर रहता था। वह संभल के थाना बहजोई क्षेत्र स्थित पवांसा गांव का रहने वाला था। किराए का मकान पिंटू उर्फ काले पुत्र दयाराम का है।

बताया जा रहा है कि मंगलवार आधी रात नीटू शराब के नशे में धुत होकर घर आया था। बच्चे कमरे की छत पर सो चुके थे। शराब के नशे में होने से उसकी पत्नी उससे नाराज होने लगी थी। लेकिन, नीटू दबाव में नहीं आया और वह पत्नी से ही गाली-गलौज करने लगा था। इसी दौरान पहले उसने पत्नी की बेरहमी से पिटाई की। शोरगुल सुनकर मकान मालिक व अन्य लोगों ने नीटू के कमरे में आकर दोनों पति-पत्नी को समझा-बुझाकर मामले को शांत करा दिया था। लेकिन, विवाद समाप्त होने के बाद भी नीटू शांत नहीं हुआ और वह पत्नी से उलझता रहा। इसी बीच उसने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। यही नहीं, फिर वह सुबह होते ही बच्चों को लेकर पूनम के मायके पहुंच गया और वह खबर दी कि जयंतीपुर कोई व्यक्ति आया था, वह पूनम की हत्या कर भाग गया है। खबर मिलते ही मृतक महिला पूनम की दादी तारावती और चाचा परमानंद सिंह मौके पर पहुंचे लेकिन, नीटू इनके साथ नहीं आया था। उधर, मकान मालिक से सूचना मिलने पर सिविल लाइन थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे थे। घटनास्थल पर प्रारंभिक जांच की और फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्र कराए थे। इसके बाद विवाहिता के शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। नीटू के बच्चों ने पुलिस को बताया कि उनका पिता लगभग हर रोज घर में शराब पीकर आते थे और पूनम से विवाद कर मारता-पीटता था। नीटू के नशे की लत और उसके वर्ताव से पूनम भी परेशान हो चुकी थी। यहां तक तीनों बच्चे भी अपने पिता के बर्ताब से दुखी रहते थे।



वह मकान जहां महिला की गला दबाकर हत्या की गई। ● अमृत विचार

- संभल के पवांसा गांव का रहने वाला था नीटू, दो दिन पहले ही किराए के मकान में आए थे रहने

### पूनम ने नीटू से किया था पुनर्विवाह

मृतक विवाहिता के परिवार वालों के मुताबिक, पूनम का करीब 10 साल पहले नीटू से पुनर्विवाह हुआ था। इससे पहले उसका विवाह मनोज से हुआ था। वह संभल जिले में हल्दू सराय का रहने वाला था। मनोज की मौत होने के बाद पूनम ने नीटू से पुनर्विवाह कर लिया था। पूनम की बड़ी बेटी भूमि लगभग 10 साल की है, जो मनोज से थी। जबकि, पुनर्विवाह के बाद नीटू से भी पूनम के दो बच्चों में बेटी अभि व बेटा संजना हैं। नीटू अपने परिवार समेत अभी दो दिन पहले ही हरथला कॉलोनी में किराए से रहने आया था। इससे पहले वह जयंतीपुर में किराए से ही रहता था। नीटू व उसके परिवार के पास एक अदद चारपाई तक नहीं थी। कमरे में फर्श पर चादर बिछाकर लेटते-बैठते थे।

### बड़ी बेटी ने कहा, पापा ने ही मम्मी को मारा

प्रभारी निरीक्षक राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि मृतका की बेटी भूमि ने उन्हें बताया भी है कि उसकी मां की हत्या उसके पिता नीटू ने ही गला दबाकर की है। महिला के गले पर निशान भी दिख रहे थे। भतीजी पूनम की हत्या के मामले में उसके चाचा परमानंद सिंह ने दामाद नीटू के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि नीटू पुलिस की हिरासत में है।

# समझौता दरकिनार, 12 लाख और कार के लिए कर रहे थे मारपीट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** ससुराल में मारी-पीटी जा रही विवाहिता को पुलिस थाने ले आई और उसका मेडिकल कराया। फिर पीड़िता की तहरीर पर उसके पति समेत नौ लोगों के विरुद्ध मारपीट एवं दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज किया है। इसमें पति राहुल कुमार, सास कुसुम, ससुर मदनलाल, देवर लक्की, देवरानी गुड़िया, ननद सिमरन व शिवानी, ननदोई रोहित और देवर का साला तुषार नामजद है।

नामजद आरोपी केडीएम आइटीआइ कॉलेज महू काजीपुर के रहने वाले हैं। बताया जा रहा है कि अभी 3 जून को पीड़िता लक्ष्मी को उसका पति सास व ससुर पीट रहे थे। जिस पर पीड़िता घटना का वीडियो बनाने लगी। इस पर राहुल ने उसके फोन को छीनकर तोड़ डाला। इसी बीच शोरगुल सुनकर मुहल्ले के किसी व्यक्ति ने लक्ष्मी के मायके फोन कर घटना बता दी। मायके वालों ने यूपी डॉयल-112 पर कॉल कर दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस लक्ष्मी को ससुराल से सिविल लाइंस थाने लाई थी। उसका जिला अस्पताल में मेडिकल कराया था। उधर, पीड़िता लक्ष्मी ने पुलिस को बताया है कि उसका मायका बाजपुर उत्तराखंड में है, जबकि ससुराल केडीएम आइटीआइ कॉलेज महू काजीपुर में है। उसका विवाह सात साल पहले राहुल कुमार के साथ हुआ था। आरोप है कि ससुराल वाले दान-दहेज से खुश नहीं थे। अतिरिक्त दहेज में 12 लाख रुपये नकद व कार मांग रहे थे। इस मामले में उसने आरोपी ससुराल वालों पर मुकदमा भी किया था। इसका निस्तारण काशीपुर महिला आयोग ने कराया था। समझौता होने पर लक्ष्मी फिर ससुराल गई थी। उसने बताया कि उसकी ससुराल वाले उससे मारपीट करते हैं।

**दहेज उत्पीड़न**

- पीआरवी पुलिस ने महिला का अस्पताल में कराया मेडिकल
- पति समेत नौ लोगों के विरुद्ध पीड़िता ने दर्ज कराई एफआईआर

# मृत महिला को जीवित दिखा कराया प्लॉट का बैनामा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जो महिला 16 साल पहले मर चुकी है, भला वह किसी को कोई वस्तु कैसे बिक्री कर सकती है....। लेकिन, ऐसा ही हुआ है। यहां रामगंगा विहार में एक प्लाट को मर चुकी महिला ने दूसरे को बैनामा ही नहीं करा दिया बल्कि उप निबंधक के सामने मौजूद होकर साक्ष्य भी प्रस्तुत किए हैं। फिलहाल, इस फर्जीवाड़े में आरोपी महिला समेत सात के विरुद्ध सिविल लाइन थाने में धोखाधड़ी व अन्य आरोपों के तहत एफआईआर दर्ज हुई है। यह एफआईआर नई दिल्ली निवासी डॉ. अतुल अरोड़ा ने दर्ज कराई है।

डॉ. अतुल अरोड़ा ने पुलिस को बताया है कि वह नई दिल्ली में एम-46 ग्राउंड फ्लोर चितरंजन के रहने वाले हैं। उनका कहना है कि उनके पिता डॉ. जगदीश लाल अरोड़ा ने मुरादाबाद विकास प्राधिकरण (एमडीए) में रामगंगा विहार द्वितीय योजना के तहत एमआईजी भूखंड संख्या-सी. 12जेड प्रथम श्रेणी का बैनामा कराया था। इस भूखंड का बैनामा 29 मार्च 2003 को उनकी मां राजरानी अरोड़ा के नाम से हुआ था। राजरानी सरायतरीन की निवासी थीं।

डॉ. अतुल अरोड़ा का कहना है कि उनकी मां का 13 दिसंबर 2008 को स्वर्गवास हो गया था। चूंकि, वह दिल्ली में रहते हैं, इसलिए मुरादाबाद में आना-जाना कम रहता है। वैसे उन्होंने भूखंड को बेचने के लिए कुछ लोगों से संपर्क किया था। लेकिन, संपर्कियों में से एक ने डॉ. अतुल बताया कि जिस संपत्ति को बेचना चाहते हैं, वह आपकी नहीं है। उसने उन्हें व्हाट्सएप पर एक अन्य बैनामा की प्रति भेजी। ये संबंधित बैनामा 20 मई 2024 की तिथि का है। जिस पर विक्रेता के तौर पर उनकी मां राजरानी अरोड़ा का नाम अंकित है, उनकी फोटो भी लगी है। क्रेता के रूप में महेंद्र सिंह पुत्र भोलू सिंह नाम बैनामा पर लिखा है। क्रेता उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले का रहने वाला है। वादी का आरोप है कि इस कथित बैनामा प्रपत्र में अधिवक्ता विजेंद्र पाल की सलाह पर महावीर प्रसाद टाइप राइटर लिखा है। गवाह में शेरुआ धर्मपुर निवासी बाबूराम पुत्र राम सिंह और रामसराय तहसील कांठ निवासी अमरीक सिंह का नाम अंकित है। बैनामा पर इनके निशानी अंगूठा भी लगे हैं।

**फर्जीवाड़ा**

- नई दिल्ली की महिला ने रामगंगा विहार कॉलोनी में खरीदा था प्लाट
- घोटाले में अधिवक्ता समेत पांच के विरुद्ध नामजद एफआईआर

### किसी अन्य महिला को खड़ा कर कथित बैनामा कराने का आरोप

डॉ. अतुल अरोड़ा का आरोप है कि आरोपियों ने उनकी मां राजरानी की जगह पर किसी अन्य महिला को खड़ा कर भूखंड का कथित बैनामा कराया है। बैनामा पर उनकी मां राजरानी के नाम हस्ताक्षर भी प्रदर्शित हैं। आरोप है कि फर्जीवाड़ा करने वाले महेंद्र सिंह, बाबूराम, अमरीक सिंह संबंधित भूखंड पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। फिलहाल, इस मामले में सिविल लाइन थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि प्रकरण में डॉ. अतुल अरोड़ा की तरफ से डीएम के निर्देश पर आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। इसमें उधम सिंह नगर के रामनगर वैन जसपुर के महेंद्र सिंह और अधिवक्ता विजेंद्र पाल, टाइप राइटर महावीर प्रसाद, बाबूराम, अमरीक सिंह नामजद हैं। इसमें एक अज्ञात महिला भी शामिल है।




# बैंक अधिकारी पर हमला करने वाले को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** आठ साल पहले दीन दयाल नगर में बैंक अधिकारी के घर में लूटपाट करने की नीयत से घुसे दोनों अभियुक्तों को न्यायालय ने सजा सुनाई है। एक को तो अगस्त 2018 में ही आजीवन कारावास हो गया था। दूसरा आरोपी किशोर था, इसलिए अब बुधवार को उसे सजा हुई है। इन पर जानलेवा हमला और महिला की हत्या के आरोप लगे थे। दोष सिद्ध पाए गए अभियुक्त किशोर को बुधवार को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही विभिन्न मामलों में कुल 40,000 रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। यह फैसला बाल न्यायालय/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) कोर्ट-1 डॉ. केशव गोयल ने पारित किया है।

न्यायाधीश ने अभियुक्त को सात बिंदुओं पर सजा सुनाई है। आदेश पारित कर कहा है कि सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। उधर, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि घटना करने वाले उत्तम कश्यप के अलावा दूसरा आरोपी किशोरावस्था का था। इसलिए उसके मामले में किशोर न्याय बोर्ड ने 5 अगस्त 2016 को अपराध का संज्ञान लिया था। मुकदमे की पत्रावली बाल न्यायालय को भेजी गई थी। बाल न्यायालय ने किशोर को तलब किया था। इसके बाद मामले की सुनवाई आदि होती रही। अब इसमें अंतिम फैसला हुआ है। अधिवक्ता के मुताबिक, सह अभियुक्त उत्तम कश्यप पुत्र नौ सिंह निवासी मकान नंबर 218 कांशीराम नगर को न्यायालय सत्र न्यायाधीश ने 18 अगस्त 2018 को निर्णय पारित करते हुए उसे दोष सिद्ध करार दिया था। फिर उसे आजीवन कारावास और अर्थदंड से दंडित किया था।

**आरोप**

- आठ साल पहले सुधीर भटनागर के घर किया था जानलेवा हमला
- हमले में घायल रेनू की इलाज के दौरान हो गई थी मौत

### यह था पूरा मामला

सुधीर भटनागर पुत्र स्व.रामगोपाल भटनागर निवासी डी-36 दीनदयाल नगर थाना सिविल लाइन ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इनकी तरफ से कहा गया था कि 10 जून 2016 को सुबह 7.30 बजे के समय वह और उनकी पत्नी रेनू भटनागर व उनका बेटा यथार्थ घर मौजूद थे। उसी दौरान दरवाजे की घंटी बजी और उनकी पत्नी रेनू ने गेट खोला। साईं मंदिर पर पंक्चर की दुकान करने वाला उत्तम व उसका एक साथी घर घुस आए थे। इनके हाथों में चाकू थे। दोनों ने गेट पर ही रेनू भटनागर को जान से मारने की नियत से चाकुओं से ताबड़तोड़ वार कर घायल कर दिया था। रेनू का शोर सुनकर बेटा यथार्थ भी छत से नीचे आ गया था, इसे भी हमलावरों ने चाकुओं से गोदकर घायल कर दिया था। पत्नी-बच्चे के बचाव में गए सुधीर भटनागर के गले पर भी चाकू से कई वार कर दिए थे। इसी दौरान मुहल्ले के कुछ लोग आ गए थे तो आरोपी धमकाते हुए भाग गए थे। उधर, मुहल्ले वालों ने घायल सुधीर व इनकी पत्नी और बेटे को कॉसमॉस में भर्ती कराया था। फिर पत्नी की दिल्ली में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। घटना के दो दिन बाद पुलिस ने आरोपी उत्तम कश्यप व उसके आरोपी साथी को हरथला रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया था।

## एक नजर

### 20 जून तक कार्य पूरा न होने पर होगी कार्रवाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** स्मार्ट सिटी के रिहैबिलिटेशन आफ मेजर स्टार्म वाटर परियोजना के अन्तर्गत करूला नाले के कार्य का मुख्य अभियंता ने निरीक्षण किया। मौके पर श्रमिकों की संख्या कम होने से काम समय पर पूरा न होने को देखते हुए नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने कार्यदायी संस्था सीएनडीएस (जलनिगम) के प्रबंधक को चेतावनी पत्र जारी किया है। इसमें कहा कि हर हाल में काम 20 जून तक पूरा कराएं। अन्यथा दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### जिला अस्पताल में कुत्तों ने युवक पर बोला हमला

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को जिला अस्पताल की ओपीडी के बाहर आवारा कुत्तों ने एक युवक पर हमला कर दिया। जिससे युवक बुरी तरह से घायल हो गया। उन्होंने अस्पताल में एंटी रैबीज का इंजेक्शन लगवाया। कुत्तों के हमले से घायल रामकुमार उर्फ खन्ना कटघर थाना क्षेत्र के गोविंद नगर के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि वह दवा लेने के लिए जिला अस्पताल आए थे। इसी बीच ओपीडी के बाहर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया। इससे पूर्व भी कुत्ते कई लोगों पर हमला कर चुके हैं।

### कच्ची शराब के साथ पकड़ा

**छजलैट, अमृत विचार :** मामला तहसील क्षेत्र के थाना छजलैट का है जहां मुखबिर की सूचना पर ग्राम कुरी रवाना के पास से कच्ची शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। मुखबिर की सूचना पर ग्राम कुरी रवाना के पास एक व्यक्ति शराबबंदी के दिन कच्ची शराब बेच रहा था जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम सुशील कुमार पुत्र वेद प्रकाश ग्राम गोविंदपुर थाना छजलैट बताया। पुलिस ने उसके पास से 18 फ्रूटी कच्ची देसी शराब के गत्ते तथा 400 रुपये बरामद किए। पुलिस ने आबकारी अधिनियम धारा के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### अपहरण की रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर में नाबालिग युवती के अपहरण के मामले में भाई की तहरीर पर एक आरोपी के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर के मोहल्ला निवासी युवक ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी नाबालिग बहन दिल्ली रिश्तेदारी में गई थी। तभी उसकी मुलाकात रजनीश पुत्र लाल बहादुर निवासी तिलोसा जिला बांदा उत्तर प्रदेश से हो गई थी। आरोपी ने उसकी बहन को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। आरोप है कि रजनीश ने तीन जून को उसकी बहन को घर से बहलाफुसलाकर अपने साथ ले गया।

# पर्यावरण को बचाने का लिया संकल्प, बेहतर कल के लिए लगाएं पौधे

## विश्व पर्यावरण दिवस पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने किया पौधरोपण, अन्य संस्थाओं ने पर्यावरण को बचाने का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट की ओर से बुधवार को दयानंद सरस्वती पार्क साईं मंदिर के सामने दीनदयाल नगर में विश्व पर्यावरण दिवस व मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर पौधे रोपे गए। मुख्यमंत्री के दीर्घायु जीवन की सभी ने कामना की।

क्षेत्रीय वन अधिकारी गिरीश चंद श्रीवास्तव, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी अनुज कुमार, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी मनोज कुमार वर्मा, वनरक्षक प्रेमपाल, रश्मि, दामिनी, निजामुद्दीन के साथ मिलकर महासभा के पदाधिकारियों ने हरिशंकरी का पौधा लगाया। मुख्य अतिथि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व जिला पर्यावरण एवं गंगा समिति उत्तर प्रदेश के नामित सदस्य प्रदीप सक्सेना एडवोकेट ने कहा कि इस साल गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। कई शहरों में 52 सेल्सियस से भी अधिक हो गया है। तापमान में कमी के लिए सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट के सदस्यों ने संकल्प लिया कि वह सभी हर संभव दो पौधे अवश्य लगाएंगे और उनकी देखभाल अपने बच्चों की तरह करेंगे। महासभा के अध्यक्ष ने कहा कि बरसात के दौरान जिसे भी पौधे लगाने की इच्छा हो वह उनसे मुफ्त पौधा ले सकता है। इस अवसर पर नीतू सक्सेना, दीपक सक्सेना, अनिल सक्सेना, मनोज सक्सेना, बीके सक्सेना, अरुण सक्सेना, सुदेश भटनागर, अरविंद सक्सेना, बिंदू सक्सेना आदि लोग उपस्थित रहे।


पौधरोपण करते अखिल भारतीय कायस्थ महासभा व वन विभाग के अधिकारी।


डाकघर में पौधरोपण करते यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल क्लब की सदस्य।


नगर निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों को शपथ दिलाते नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल।

### शिवसैनिक बर्थ-डे पर उपहार में देंगे पौधा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शिवसेना जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा के नेतृत्व में शिव सैनिकों ने पर्यावरण दिवस मनाते हुए केजीके कॉलेज पर पौधरोपण किया। शिवसेना जिला प्रमुख ने कहा कि आज से एक नई मुहिम शुरू करिए इसके तहत अब शिव सैनिक हर किसी के बर्थडे पर एक पेड़ देंगे। जिला प्रमुख का कहना है यदि व्यक्ति अपने हर बर्थडे पर एक पेड़ लगाए और 70 साल जिए तो 100 करोड़ लोग 7000 करोड़ पेड़ लगा सकते हैं। इससे पर्यावरण को बहुत लाभ होगा। आज के कार्यक्रम में कमल सिंह राव, मुदित उपाध्याय, अरुण ठाकुर, उमेश ठाकुर, राजीव राठौर, शिबू पांडे, राहुल कुमार, पंकज पाल आकाश कुमार आदि वरिष्ठ शिवसेना पदाधिकारी मौजूद रहे।

### वाईईपीपी ने किया पौधरोपण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर महिला संस्था यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल की सदस्यों द्वारा प्रधान डाकघर जेल रोड पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां पर मौजूद लोगों द्वारा पौधरोपण किया गया। सामूहिक पहल प्रधान डाकघर एवं वाईईपीपी ह्यूमन ग्लोबल फाउंडेशन द्वारा की गई। इसमें प्रधान डाकघर के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि पर्यावरण संरक्षण के कार्यक्रम में प्रधान डाकघर ग्रुप को हमेशा सहयोग करता रहेगा। पौधरोपण में प्रमुख रूप से प्रवर अधीक्षक डाकघर अमित दत्त एवं कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं वाईईपीपी परिवार से नेहा मेहरोत्रा, पूनम भटनागर, अदिति गोयल, प्रियंका अवस्थी, तृप्ता सिंह आदि शामिल रहीं।

# नगर आयुक्त ने दिलाई लोगों को शपथ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** विश्व पर्यावरण दिवस पर बुधवार को नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल की उपस्थिति में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। शाहपुर तिगरी में अमृत सरोवर के पास स्थित पार्क में नगर आयुक्त ने निगम के अधिकारियों व अन्य लोगों के साथ पौधरोपण किया। इसके बाद नुक्कड़ नाटक आयोजित कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया गया।

नगर आयुक्त ने कहा कि पौधे प्राण वायु आक्सीजन देते हैं। इसलिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल भी करनी होगी। नगर निगम की सहयोगी संस्था एआईआईएलएसजी की ओर से नुक्कड़ नाटक कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण और उसके महत्व के बारे में बताया गया। लोगों को पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील कुमार दोहरे, कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार के अलावा नगर निगम के पर्यावरण अनुभाग की टीम के सदस्य आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में नगर निगम के जलकल अनुभाग की टीम ने मिली शिकायतों के आधार पर वार्ड नंबर 2, 5,12, 17, 18, 26, 30, 36 और 51में जलापूर्ति में आ रही समस्या को दूर कराने के लिए पाइप लाइन में लीकेज की मरम्मत कराई।

# पॉलीथिन प्रयोग न करने की ली शपथ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिस प्रकार तेजी से पर्यावरण बिगड़ रहा है, उसे देखते हुए लोगों की चिंता बढ़ गई है। धरती और धरतीवासियों को बचाने की मुहिम तेज हो गई है। इसको लेकर महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेटों द्वारा पौधरोपण किया गया। पुनीत सागर अभियान के अंतर्गत कैडेटों ने अपनी कला के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

मेजर राजीव ढल ने बताया कि हमें पौधरोपण केवल विश्व पर्यावरण दिवस पर ही नहीं बल्कि जब भी पौधरोपण का सीजन हो हमें पौधों का रोपण करना चाहिए। एनसीसी कैडेटों ने विद्यालय की दीवारों पर कलाकृति के माध्यम से पुनीत सागर अभियान के अंतर्गत लोगों को नदियों की स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कैडेटों ने शपथ भी ली कि वह सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करेंगे। इस मौके पर कैडेट सक्षम अग्रवाल, उदयवीर, सिद्धार्थ कुमार, अनुराग, नितिन, अभिषेक सैनी, अनुराग, योगेश कुमार, प्रिंस, ऋषभ कुमार, प्रिंस सैनी, ध्रुव चहल, असद, ओमकार सिंह, हीरा सिंह, आदित्य कुमार, राजपाल सिंह, सुरेश कुमार आदि उपस्थित रहे।


महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में पौधरोपण करते राजीव ढल व एनसीसी कैडेट्स।

- विश्व पर्यावरण दिवस पर पार्क में कैडेट्स ने किया पौधरोपण

### पर्यावरण को सुंदर बनाने के लिए सभी लगाएं पौधे

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** अम्बिका प्रसाद इन्टर कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. मोनिका रस्तोगी के दिशा निर्देशन में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी विजयपाल सिंह ने वृक्षों के महत्व को विस्तारपूर्वक बताया। प्रधानाचार्या ने अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए को प्रेरित किया।


अंबिका प्रसाद इंटर कॉलेज में पौधरोपण करते शिक्षक। ● अमृत विचार

# पर्यावरण असंतुलन से बढ़ रहा तापमान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण समिति की ओर से महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया।

प्राचार्या प्रोफेसर चारू मेहरोत्रा ने बताया कि हीट वेव का प्रमुख कारण पर्यावरण असंतुलन है। यह मानव निर्मित उष्णता है जो विकास के नाम पर पेड़ों की बलि दी गई है। परंतु इतनी संख्या में पेड़ों को उगाया नहीं गया। आयोजन में पर्यावरण संरक्षण समिति की संयोजिका प्रोफेसर अंशु सरीन, प्रोफेसर अनुराधा सिंह, प्रोफेसर पुनीता शर्मा, डॉ. शिवानी गुप्ता का सक्रिय सहयोग रहा। उप प्राचार्या प्रोफेसर अंजना दास ने प्रत्येक छात्रा को अपने-अपने घरों के आसपास अधिक से अधिक पेड़ लगाने व उसकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों ने भी पौधरोपण किया।


गोकुलदास कॉलेज में पौधरोपण करतीं शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

# मदद का भरोसा देकर किया उत्पीड़न

- मजबूरी समझकर हमदर्दी जताने वालों ने पीड़िता को दिया धोखा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** पहले पति से अलगाव के बाद दो बच्चों को पालने के लिए महिला डेढ़-दो साल पहले मुरादाबाद आई थी। आरोपियों ने हमदर्दी दिखाकर उसे अपने घर में रहने को किराए से कमरा दे दिया। दोनों बच्चों का नाम मदरसे में लिखवा दिया। फिर आरोपियों ने उसकी मजबूरी का फायदा उठाना शुरू किया। आरोपी ने बहला-फुसलाकर उसका निकाह अपने भांजे संग करा दिया। कुछ समय बाद आरोपी पीड़िता को परेशान करने लगे। स्थिति यहां तक आ गई कि पीड़िता को कमरा खाली कर रामपुर में बहन के यहां जाकर शरण लेनी पड़ी।

आरोपियों की प्रताड़ना से आजिज आई पीड़िता कई बार मझोला थाने पहुंचकर गुहार लगाई। प्रार्थना पत्र दिए लेकिन, उसकी सुनवाई नहीं हुई। अब घटना के छह महीने बाद बुधवार को मझोला थाना पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी पिता-पुत्र के विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज किया है। इसमें टीपीनगर में आरटीओ कार्यालय के पास के निवासी हदीश खान और उसका बेटा अनीस खान नामजद हुआ है।

पीड़िता ने बताया कि वह मूलतः उत्तराखंड में बिलासपुर की रहने वाली है। करीब 9 साल पहले प्रताड़ना के चक्कर में ही उसने अपने पहले पति को छोड़ दिया था। उससे उसके दो बेटे हैं। बड़ा बेटा 14 साल का है। कुछ समय बाद पीड़िता अपने बच्चों की परवरिश के चक्कर में बिलासपुर से मुरादाबाद आई थी। वह फैक्ट्री में मजदूरी करती थी। इसी बीच उसकी मुलाकात आरोपी हदीश खान से हुई थी। पीड़िता ने बताया कि आरोपी हदीश खान उसे अपनी बेटी कहकर हमदर्दी दिखाता था और उसने अपने घर में रहने को एक कमरा दे दिया था। फिर उसका बेटा अनीस खान और भांजा उसे परेशान करने लगा था। दोनों मिलकर उसे छेड़ते थे। धीरे-धीरे हदीश खान ने अपने भांजे से उसका निकाह करा दिया। निकाह का एक साल हुआ है। निकाह के बाद उसका दूसरा पति और अनीस खान दोनों मिलकर उसे शारीरिक रूप से परेशान करते थे। विरोध करने पर मारते-पीटते थे। 18 दिसंबर 2023 को भी उसे उसके पति और आरोपी हदीश खान व इसके बेटे अनीस ने गाली-गलौज कर मारा पीटा। पीड़िता कमरा खाली कर दोनों बच्चों को लेकर रामपुर में अपनी बहन के यहां चली गई थी। पीड़िता ने बताया कि हदीश और इसके भांजे व बेटे अनीस ने उसकी जिंदगी बर्बाद कर दी। मझोला थानाध्यक्ष कमलेश कांत वर्मा ने बताया कि प्रकरण में जांच कर कार्रवाई कर रहे हैं।


नीट में सफल हुए आकाश इंस्टीट्यूट के छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

# आकाश के 651 छात्रों ने रचा इतिहास

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** आकाश इंस्टीट्यूट मुरादाबाद के विद्यार्थियों ने फिर से इतिहास रच दिया है। इसमें सिमरा शोएब ने नीट यूजी परीक्षा में 720 में से 699 अंक प्राप्त किए।

सफल छात्रों में सुमित ने 695,मोहद मोनिस ने 693, रंगोली चौधरी ने 686, अहमद रहमानी ने 685 निशांत शर्मा ने 680, तुषार मित्तल ने 675, सिद्धांत चंद्रा ने 675, मोहद डाइम ने 675, आकांशा तुरहा ने 673, पूजा ने 673, साकिर अली ने 671, रोशनी सुल्तान ने 671, इंशा खान ने 667, मरिया शोएब ने 663, शराफ हुसैन वारसी ने 662, श्रद्धा चौधरी ने 659, वंश ने 654 देवांश रस्तोगी ने 652, ,केशव चौधरी ने 651,श्रेष्ठ गुप्ता ने 647, अरबाज ने 643, फरहान अहमद ने 642, रिहान ने 642, प्रियांशु भारद्वाज ने 641,प्रिया सिंह ने 640 अंक प्राप्त किए। निदेशक विवेक शर्मा ने अच्छे परिणाम के लिए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी।


विजडम इंस्टीट्यूट में उपस्थित नीट में सफल छात्र छात्राएं। ● अमृत विचार

# नीट में चमके विजडम के होनहार

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** विगत वर्षों की भांति विजडम इंस्टीटयूट कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इस वर्ष भी विजडम सेन्टर ने अपना परचम लहराया है। विजडम से शहर मुरादाबाद में 40 बच्चों ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण की है। विजडम का हमेशा प्रयास रहा है कि संस्थान में बच्चों को उच्च श्रेणी की शिक्षा दी जाए। ताकि उन्हें मुरादाबाद छोड़कर बाहर न जाना पड़े। संस्थान के मोहम्मद फैसल ने नीट परीक्षा में 720 में से (680) अंक लाकर कीर्तिमान स्थापित किया और साथ ही मोहम्मद कामरान ने (665), मोहम्मद फैजान (635), मोहम्मद आसिम में (630), फरदीना हाशमी ने (595) अंक लाकर संस्थान की गरिमा बढ़ाई। अन्य चयनित छात्रों में कैफुलवरा, अनुभव रंजन, मोहम्मद फरमान, मोहम्मद फैजान आदि शामिल हैं। विजडम इंस्टीट्यूट के प्रबंधक मोहम्मद नाजिम ने चयनित बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

कृषि प्रदर्शनी

## जिगर मंच पर पर्यावरण मित्र सम्मान से सम्मानित हुए महानगर के गणमान्य

# नाटकों से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण मित्र समिति द्वारा जल एवं पर्यावरण सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का आयोजन जिगर मंच पर किया गया। जिला कृषि विकास, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी के अंतर्गत आयोजित अनुगूंज में आज की शाम पर्यावरण संरक्षण को समर्पित रही। जिगर मंच पर पर्यावरण को समर्पित दो नाटकों का मंचन नाटा ग्रुप के कलाकारों द्वारा किया गया। नाटकों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूपीएससी में चयनित वैभव आनंद शर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि सहायक आयुक्त उद्योग नेहा, प्रदर्शनी प्रभारी राहुल शर्मा रहे। इसके अतिरिक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा कुछ विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान भी किया गया।

इस अवसर पर पर्यावरण के अनेक मर्मज्ञ सम्मानित किए गए। इनमें प्रमुख रूप से वैभव आनंद शर्मा, प्रशांत कुमार, गेसू मौर्य, अंजनी कुमार शुक्ल, डॉ.अनिल सचदेवा, डॉ. मनोज अग्रवाल, डॉ. अनुराग रस्तोगी, डॉ.अखिल अग्रवाल, डॉ. ए के गोयल , डॉ. अनुराग गोयल, डॉ. मुकेश अग्रवाल, डॉ. कौशल कुमारी, डॉ. शरद रस्तोगी, डॉ. राघव शर्मा, डॉ. संजीव आकांक्षी बाबा, मिली सिक्का, शमिता जैन, सोनिया, स्वाति वर्मा, वंदना शंखधर, ईशान सक्सेना, मानसी मेहरोत्रा, नेहा शर्मा, गौरव सक्सेना, मतलूब खां, विपिन गुप्ता, तारा चंद पाल को पर्यावरण मित्र सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक सुशील कुमार शर्मा, के के गुप्ता, डॉ.आर एन वाजपेई, ममता वाजपई, आर के टंडन, उदित भारद्वाज, बबलू, संजू गौतम आदि रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रदर्शनी समिति के सभी सदस्यों का सहयोग रहा।


जिगर मंच पर आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरण को बचाने का संदेश देते कलाकार।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने किया पौधरोपण

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मुरादाबाद महानगर के कार्यकर्ताओं द्वारा पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पौधारोपण का कार्यक्रम नया मांझरा स्थित जाहरवीर पार्क में किया गया।

विभाग संयोजक अमन शर्मा ने बताया कि कार्यकर्ताओं द्वारा बड़े स्तर पर पौधे लगाकर लोगों से प्रकृति को बचाने का आह्वान किया। लोगों से सुरक्षित जीवन और पर्यावरण संतुलन के लिए पौधे लगाने और उनकी देखरेख करने की अपील की गई। क्योंकि वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है और स्वच्छ पर्यावरण और पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन हेतु आवश्यक है । इस स्तर पर महानगर सहमंत्री अशिमत चौधरी, अक्षित शर्मा, महानगर तहसील संयोजक अभिषेक चौहान, अनिकेत चौहान और लविश आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्लास्टिक पर पाबंदी को शुरू की मुहिम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर सीएल गुप्ता नेत्र संस्थान में प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने के लिए मुहिम शुरू की है। संस्थान की वाइस चेयरपर्सन डॉ. आशि खुराना ने बताया कि हमारे संस्थान में एनवायरमेंटल वॉरियर के नाम से कुछ लोगों की एक कमेटी बनाई गई है। जिसमें लोकेश चौहान, गरिमा सिंह, अतुल विज, बिलाल सिद्दीकी, अलकनंदा, सुमित सहाय, महेंद्र, भारत, सूरज चौरसिया को रखा गया है। इन सभी सदस्यों को आज बैज लगाकर सम्मानित किया गया। इस समिति का कार्य संस्थान में कार्य करने वाले सभी कर्मचारियों को प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने के लिए जागरूक करना है।

परिवर्तन दी चेंज संस्था के संस्थापक कपिल कुमार को रामगंगा की स्वच्छता के लिए कार्य करने पर सम्मानित किया गया। मुरादाबाद नगर निगम के द्वारा स्वच्छता अभियान के एंबेसडर के रूप में चयनित रमेश आर्य को भी सम्मानित किया। संस्थान के क्वालिटी इंचार्ज लोकेश चौहान ने अपनी प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी कर्मचारियों को प्लास्टिक का इस्तेमाल, उससे होने वाले नुकसान एवं पर्यावरण में प्लास्टिक की भूमिका को उपयोग को रोकने के तरीकों पर बात की। संस्थान की प्रशासनिक अधिकारी गरिमा सिंह ने पूरे कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभी कर्मचारियों को प्रतिज्ञा दिलाई कि अगले पर्यावरण दिवस से पहले हमारा संस्थान पूर्णतया प्लास्टिक फ्री घोषित करने के लिए हम सब मिलकर प्रयास करेंगे।


सीएल गुप्ता नेत्र संस्थान में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर उपस्थित चिकित्सक व अन्य।

## एक नजर

### हादसे में बच्चे की मौत दोनों पक्षों में समझौता

**डिलारी, अमृत विचार :** बुधवार को नगर पंचायत ढकिया निवासी दंपति बाइक से हाईवे से अपनी रिश्तेदारी में जा रहे थे। तभी पुलिस चौकी जलालपुर के पास अचानक बाइक पीछे से ट्रैक्टर-ट्राली में घुस गई। जिससे बाइक सवार नौशाद और उसकी पत्नी तबस्सुम की गोद में एक वर्षीय शिशु शबनूर नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। बाद में लोगों ने घायलों को निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां शिशु की मृत्यु हो गई वहीं दंपति की हालत चिंताजनक बनी हुई है। थाना प्रभारी डिलारी पवन कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों में आपस में समझौता हो गया।

### योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन मनाया

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सैंट मार्क्स स्कूल में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 52वां जन्मदिन मनाया। नगर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाल ने कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया। कार्यक्रम में नागेंद्र लांबा, पंकज कुमार, देवेंद्र कुमार सिंह, सत्यप्रकाश गुप्ता, कमलेश, मुकेश चौधरी, नितिन शर्मा, रितेश पाल, प्रियांशु आदि मौजूद रहे।

### गैंगस्टर एक्ट में चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**छजलैट, अमृत विचार :** छजलैट थाना अध्यक्ष अर्जुन कुमार त्यागी ने जिला कार्यालय में गैंग चार्ट 31 मई को प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने जांच में पाया कि जितेंद्र पुत्र रणधीर सिंह निवासी विलावाला थाना भगतपुर गैंग लीडर है व दूसरा आरोपी चंद्रपाल पुत्र हरचरन सिंह भी इसी गांव का निवासी है और गैंग का सक्रिय सदस्य है। वहीं गैंग का तीसरा सदस्य विनीत कुमार पुत्र रनवीर सिंह है। चौथा सदस्य अरुण पुत्र श्योनाथ सिंह ग्राम उधोनंगली थाना भगतपुर का निवासी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गैंगस्टर एक्ट के तहत आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।

### धोखाधड़ी करने के मामले में दो गिरफ्तार

**कांठ, अमृत विचार :** एटीएम कार्ड बदलकर खाते से 50000 रुपये निकालने के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना कांठ क्षेत्र के ग्राम नयागांव अकबरपुर चैदरी निवासी नन्हे पुत्र बुंदू 27 मई को एटीएम से रुपये निकालने आया था। इस दौरान पास खड़े व्यक्ति ने धोखे से एटीएम कार्ड बदलकर पीड़ित के खाते से 50 हजार रुपये निकाल लिए। बाद में जानकारी होने पर पीड़ित ने थाना कांठ में तहरीर दी थी। पुलिस ने अमित प्रजापति पुत्र कुशलपाल निवासी थाना नानौता व श्रवन कुमार पुत्र तेल्लू निवासी ग्राम आलमगीरपुर को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से दो एटीएम एवं 22000 रुपये बरामद किए हैं।



बिलारी के हरि मंगल महाविद्यालय में पौधरोपण करते शिक्षक। ● अमृत विचार



विद्यालय में पौधरोपण करते प्रधानाचार्य राजीव शर्मा व अन्य।



कुंदरकी में पौधरोपण करते संगठन के लोग।

# पेड़-पौधों के संरक्षण से होगा पर्यावरण में सुधार

## विश्व पर्यावरण दिवस पर स्कूल-कॉलेज, सरकारी कार्यालयों व कालोनियों में किया पौधरोपण

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के श्रीमती मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पौध रोपण कर इनके संरक्षण का संकल्प लिया गया।

बुधवार को अमरपुर काशी स्थित विद्यालय में पं. विनोद कुमार मिश्रा ने विद्यालय के अंतर्गत क्यारी एवं गमले में लगे हुए वृक्षों की नियमित देखभाल करते हुए विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। इसी क्रम में पेड़ पौधों को जल द्वारा संचित किया।

इस अवसर पर भीमसेन सैनी, आचार्य दीपक कुमार बिश्नोई, छात्र सूर्यांश मिश्र एवं वेंकटेश मिश्रा ने सहयोग किया। वहीं संत रविदास सरस्वती संस्कार केंद्र पिपली व डॉ. भीमराव आंबेडकर सरस्वती संस्कार केंद्र श्याम सिंह पर भी पर्यावरण दिवस दानवीर प्रजापति के द्वारा बच्चों के सहयोग से मनाया गया। आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज स्योंडारा में विद्यालय प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा एवं समस्त स्टाफ ने पौधरोपण किया। बुधवार को विद्यालय में पौधरोपण करने के बाद प्रधानाचार्य ने बताया कि भीषण गर्मी में हम सबको मिलकर अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने चाहिए जिससे पर्यावरण शुद्ध हो सके। इस अवसर पर शिवप्रिया श्रौतिय, सुमित यादव, उमेश कुमार, हिमांशु श्रौतिय आदि मौजूद रहे। वहीं हरि मंगल महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों द्वारा पौधे लगाकर पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस दौरान डॉ. ज्योति गुप्ता, सुरेंद्र चौहान, डॉ. रश्मि सिंह, शंकर सिंह, रामपाल सिंह, राजवीर सिंह, मनोज यादव, मोहित यादव आदि मौजूद रहे।

वहीं नगर के पूर्व सदस्य कपड़ा मंत्रालय वाजिद हुसैन अंसारी एडवोकेट एवं पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी बिलारी शहला वाजिद ने अपने आवास पर पौधे लगाकर विश्व पर्यावरण दिवस की शुरुआत की। इस अवसर पर जाकिर हुसैन, हुदा वाजिद, भरावती देवी, रेखा चौधरी, मिनी, रसूल मोहम्मद, नाजिम, अफनान वाजिद आदि मौजूद रहे।

### वाईटीए ने पौधों को संरक्षित करने का लिया संकल्प

**कुंदरकी, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर संगठन के लोगों ने पौधरोपण किया। थाना मैनाठेर से समाजसेवी युवा तुर्क एसोसिएशन के सदस्यों ने जगह-जगह पौधरोपण कर धरा को हरा भरा बनाए रखने एवं पौधे को किसी ऐसे स्थान पर लगाने और उसे संरक्षित करने का संकल्प लिया। युवा समाजसेवी कादिर पाशा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पौधरोपण सबसे बेहतर उपाय है। इस अवसर पर सभी ने संकल्प लिया कि हम अपने-अपने स्तर पर एवं संस्था स्तर पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करेंगे। इस अवसर पर कादिर पाशा, नदीम चौधरी, कामरान पाशा, जैनूल पाशा, फैसल मोमिन, चौधरी हसन, गुलाम रजा, सलमान पाशा, महताब पाश, नफीस पाशा, रजा मुगल आदि मौजूद रहे।

## पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को किया जागरूक

कांठ, संवाददाता

**अमृत विचार:** विश्व पर्यावरण दिवस पर क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में पौधरोपण किया गया एवं पर्यावरण की सुरक्षा हेतु जागरूक किया गया।

विश्व पर्यावरण दिवस पर प्राथमिक विद्यालय माननगर में प्रधानाध्यापिका भुवनेश कुमारी ने पौधरोपण कर लाल रंग का फीता बांधकर पौधों को बचाने का संकल्प लिया। इस दौरान उन्होंने सभी को पौधरोपण करने के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि बढ़ती गर्मी से लोगों का बुरा हाला है। साथ पर्यावरण प्रदूषित होने से लोगों को सांस लेने में परेशानी होती है। इस सबकों पौधरोपण कर नियंत्रित किया जा सकता है।महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज पट्टी मौढ़ा कांठ में विद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह, ऊषा सिंह, अखिलेश कुमार बिश्नोई, गौरव कुमार, सौरभ अग्रवाल, पंकज कुमार, धीरज कुमार, संजीव कुमार, मंगलसेन, धर्मवीर सिंह, ओमकार, छोटन, अनंत शर्मा, आदित्य, कार्तिकेय, वंश त्यागी सिद्धांत विश्नोई उपस्थित रहे।



प्राथमिक विद्यालय माननगर में पौधरोपण करतीं प्रधानाध्यापिका भुवनेश कुमारी।



ठाकुरद्वारा के कृषि विज्ञान केंद्र पर पौधरोपण करते वैज्ञानिक। ● अमृत विचार

### हर व्यक्ति को करना चाहिए पौधरोपण

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम मलपुरा लक्ष्मीपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र पर पौधरोपण किया गया। वैज्ञानिक अवनी चौहान, डॉ. राजेश कुमार, रणवीर सिंह, पुष्पराज यादव, दिनेश कुमार, दीपक कुमार ने बताया कि वर्तमान में मानव जीवन पर पर्यावरण प्रदूषण सबसे बड़ा खतरा है। प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण करना चाहिए।

## विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता को किया सम्मानित

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम एवं विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

संस्थान में विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रशिक्षु नेहा बिश्नोई द्वारा उप शिक्षा निदेशक प्राचार्य डॉ. ओमप्रकाश गुप्त को पौधा भेंट कर किया गया। प्रशिक्षु मरजीना एवं इरम सैफी द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। स्वागत गीत खुशी भार्गव, रिया कश्यप व नेहा बिश्नोई द्वारा प्रस्तुत किया गया। डायट प्रवक्ता आशुतोष त्यागी ने प्रशिक्षुओं को वृक्षों की महत्वता से अवगत कराया। शीतल कुमार ने प्रशिक्षुओं से पेड़ पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षण करने की अपील की। प्रवक्ता डॉ. टीना वर्मा, डॉ. सुनील कुमार, मुकुल कौशिक ने भी अपने विचार व्यक्त किए। डायट प्राचार्य डॉ. ओमप्रकाश गुप्त ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की महत्वपूर्ण भागीदारी आवश्यक है। इस अवसर पर पोस्टर, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गईं। भाषण प्रतियोगिता में प्रार्थना शर्मा, पोस्टर प्रतियोगिता में अभिषेक व निबंध प्रतियोगिता में रितिक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. लोकेंद्र कुमार ने किया। प्रतिभागियों को प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया।



पौधरोपण करते डायट प्राचार्य व अन्य।

## सार-संक्षेप

### पौधरोपण से ही होगा जीवन सुरक्षित

**कांठ, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस एवं समाजसेवी संतोष देवी की 9वीं पुण्यतिथि पर थाना प्रभारी निरीक्षक व अन्य लोगों ने पौधरोपण किया। नागमणि मंदिर कांवड़ पथ बाईपास पर मुख्य अतिथि थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मौहम्मद यूसुफ, भाजपा नेता एवं महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज के प्रबंधक मुकेश माहेश्वरी ने पौधरोपण किया। इस दौरान फलदार एवं छायादार एवं तुलसी का पौधरोपण किया। साथ ही शर्बत का वितरण किया गया। डॉ. अशोक चौहान ने पौधरोपण के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. सचिन चौहान, धर्मेंद्र चौहान, विपिन चौहान, राजीव चौहान, अनिल सैनी, वरण चौधरी, श्याम सिंह महाराज, डॉ. ललित चौहान, सर्वश्रेष्ठ चौहान, वंशिका चौहान, मौहम्मद अर्श आदि मौजूद रहे।



पौधरोपण करते थाना प्रभारी निरीक्षक व अन्य। ● अमृत विचार



पौधरोपण करते प्रधानाचार्य आशीष कुमार जादौन व अन्य। ● अमृत विचार

### नीम व अन्य औषधीय पौधों का किया रोपण

**बिलारी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के अमरपुर काशी स्थित कृषि औद्योगिक इंटर कॉलेज में पौधरोपण किया गया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य आशीष कुमार जादौन ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस पर नीम, गुड़हल आदि के पौधे रोपित किए गए। नीम के पेड़ क्षेत्र में कम होते नजर आ रहे हैं। नीम एक औषधीय पेड़ है। इसका प्रत्येक भाग उपयोगी होता है। इस दौरान संस्था संस्थापक मुकुट सिंह, प्रबंधक बलराम शर्मा, अशोक कुमार गुप्ता, प्राचार्य अशोक कुमार सिंह, प्रधानाचार्य आशीष कुमार जादौन, नेहा पाल, अजय सिंह, महेश कुमार, आदित्य कुमार, उदय पाल, अनिल कुमार, गौरव गुप्ता, अरविंद कुमार, विश्वजीत राघव आदि ने पौधरोपण किया।



एक-दूसरे को मिठाई खिलाते सपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### गठबंधन प्रत्याशी की जीत पर सपाइयों ने मनाया जश्न

**कांठ, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के कार्यालय में सपा के नेता व कार्यकर्ताओ ने मुरादाबाद से गठबंधन प्रत्याशी रुचि वीरा एवं उत्तर प्रदेश में सपा गठबंधन की 43 सीटों की जीत पर मिठाई बांटी। उत्तर प्रदेश में सपा गठबंधन ने बंपर जीत दर्ज की जिससे पार्टी के लोगों में खुशी की लहर है। समाजवादी पार्टी कार्यालय में सपा के नेता एवं कार्यकर्ताओं ने गठबंधन प्रत्याशी रुचि वीरा एवं प्रदेश में सपा गठबंधन की 43 सीटों की जीत पर मिठाई बांटी। इस दौरान वक्ताओं ने कहा अगर केंद्र में गठबंधन सरकार बनती है तो देश में चहुंमुखी विकास होगा। इस मौके पर फुरकान अली राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा, विक्रम सिंह यादव, नईम अंसारी, दीपक विश्नोई, नासिर कमाल, दानिश अंसारी, फसाहत करीम, अमजद आदि मौजूद रहे।



चंद्रशेखर आजाद को गुलदस्ता भेंट करते आसिफ पाशा एडवोकेट। ● अमृत विचार

### असपा अध्यक्ष चंद्रशेखर को दी जीत की बधाई

**कुंदरकी, अमृत विचार :** नगर निवासी आसिफ पाशा एडवोकेट ने भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर को पहली बार सांसद निर्वाचित होने पर गुलदस्ता भेंट कर जीत की बधाई दी। आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के नगीना से सांसद निर्वाचित होने पर कुंदरकी निवासी आसिफ पाशा एडवोकेट ने धामपुर पार्टी कार्यालय पर जाकर उनको मुबारकबाद दी और गुलदस्ता भेंट किया।



वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को भोजन कराते संस्था के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को कराया भोजन

**बिलारी, अमृत विचार:** नगर के सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को भोजन कराया गया। बुधवार को श्रीराम आश्रम काली मंदिर सहसपुर के संस्थापक ब्रह्मलीन 1008 स्वामी शिवानंद सरस्वती की छठी पुण्यतिथि पर अध्यक्ष पं. राघवेंद्र शर्मा ने ग्राम ग्वालखेड़ा स्थित सामाजिक सेवा संस्थान वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को भोजन कराया। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर राहगीरों को ठंडा शर्बत पिलाया।

## पौधे लगाने और पर्यावरण बचाने का दिया संदेश

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** ग्राम फैजुल्लागंज स्थित फैजुल्लागंज वेट लैंड में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन रवि कुमार गंगवार वन क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान फैजुल्लागंज छवि रही। साथ ही छात्रा स्वाति मिश्रा, रजनी व अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में वन विभाग से पीयूष जोशी, केपी सिंह, राजेंद्र सिंह, वन दरोगा संजय सिंह, वन दरोगा कंचन, वन रक्षक शिवांकी, वन रक्षक बीट प्रभारी मदन सिंह, राम सिंह, नरेश सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं, गांधी स्मारक डिग्री कॉलेज सुरजन नगर जयनगर में कॉलेज प्राचार्य डॉ. भूपेंद्र सिंह ने विश्व पर्यावरण के बारे में बताया। इस दौरान डॉ देवेंद्र प्रकाश, कुलदीप व्यास, डॉ. धनंजय सिंह, डॉ. अमर प्रताप कनौजिया, रवि जायसवाल आदि मौजूद हे।



गांव फैजुल्लागंज में पौधरोपण करतीं वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार



पर्यावरण दिवस पर जगह-जगह पौधे लगाए गए व वन विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। पेड़-पौधे हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है और वायुमंडल में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। पेड़ लगाए और पर्यावरण बचाए का संदेश अपनाना चाहिए।
**-रजनी सिंह,** छात्रा



पर्यावरण के अवसर पर वन विभाग द्वारा पौधे लगाए गए। मुझे लगता है कि हर व्यक्ति का फर्ज है कि पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण करें। वन विभाग द्वारा जगह-जगह पौधे लगाए गए जिससे पर्यावरण को बचाया जा सके। वृक्ष लगाओ जीवन बचाओ का संदेश सभी के लिए है। **-स्वाति मिश्रा,** छात्रा

**उपलब्धि** — छात्र आदित्य सक्सेना के घर पर बधाई देने वालों का लगा रहा तांता

# नीट में 710 अंक प्राप्त कर किया नाम रोशन

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** छात्र आदित्य सक्सेना ने नीट में 720 में 710 अंक प्राप्त कर नगर का नाम रोशन किया है। उसकी उपलब्धि पर जहां परिवार में खुशी का माहौल है, वहीं शुभकमनाएं देने वालों का तांता लगा है।

नगर के बड़ा बाजार निवासी टैंट व्यवसायी शिवम सक्सेना व सुनीता देवी के घर उस समय खुशियां छा गई। जब उनके पुत्र आदित्य सक्सेना ने न सिर्फ नीट की परीक्षा पास की, बल्कि 720 में 710 अंक लाकर सभी को गौरांवित किया। उनकी सफलता पर परिवार के सदस्यों के साथ रिश्तेदारों एवं परिचितों ने शुभकमानाएं दीं।

आदित्य ने बताया कि उसने प्राथमिक शिक्षा से लेकर इंटरमीडिए की पढ़ाई डीएवी पब्लिक स्कूल काशीपुर उत्तराखंड से की है। हाईस्कूल में 86 प्रतिशत और इंटरमीडिएट की वर्ष 2023 की परीक्षा में 95.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। पिछले वर्ष नीट परीक्षा में कम अंक आए थे, लेकिन प्रयास नहीं छोड़ा और घर पर ही स्वयं अध्ययन के साथ आन लाइन कोचिंग की। इस वर्ष सफलता मिली। उनकी सफलता में मम्मी-पापा के साथ गुरुजनों का भी सहयोग रहा है। भविष्य में एमबीबीएस के बाद प्राइवेट प्रैक्टिस कर समाज की सेवा करने का इरादा जाहिर कर युवाओं को सलाह दी कि मेहनत और लगन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उनकी सफलता पर अनुज सक्सेना एडवोकेट, अनुराग सिंघल, संजीव चौहान, सौरभ अग्रवाल, यतेंद्र शर्मा, अकबर अली, मुदित कुमार, गजेंद्र पाल सिंह, आशू गुप्ता, शाहनवाज खान, रेखा शर्मा, विशाल अग्रवाल, संजीव सिंघल, संदीप अग्रवाल, सफीक अहमद, विवेक त्यागी आदि ने बधाई दी है।



आदित्य को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार करते परिजन। ● अमृत विचार

### जियाउर्रहमान बर्क की जीत पर बांटी मिठाइयां

**बिलारी, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने संभल से सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क की जीत पर मिठाई बांटी। बुधवार को गांधी पार्क में सपा नेता गजराम सिंह वाल्मीकि, कपिल, राज सिंह वाल्मीकि राजू सिंह चौधरी ने समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क की जीत के बाद लोगों को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर हरकिशोर यादव, ऋषिपाल सिंह, राजवीर सिंह, राजपाल सिंह, मनोज कुमार, रविराज, सतवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

वहीं नगर में विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता ईआर बंसल ने अभियान चलाकर घर की विद्युत सप्लाई से दुकान इत्यादि के उपयोग को पकड़ा। उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को इन वाणिज्य में बदलने का आदेश दिया।

# तेज रफ्तार डंपर ने ली युवक की जान

● **चाची और बच्चा घायल, डंपर चालक मौके से हुआ फरार**

संवाददाता, भगतपुर

**अमृत विचार:** चाची के मायके से घर लौट रहे बाइक सवार युवक को तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक पर बैठी चाची और उसका आठ वर्षीय पुत्र घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जबकि हादसे में घायल हुए दोनों को मुरादाबाद अस्पताल में भर्ती करा दिया गया।

थाना क्षेत्र के गांव श्यामपुर हादीपुर निवासी राजकुमार सैनी (23) पुत्र रामप्रकाश बुधवार की सुबह बाइक से चाची रेशम पत्नी ओमकार व उसके आठ वर्षीय पुत्र शिवम् के साथ चाची के पीहर कोतवाली काशीपुर के ग्राम बांसखेडी गया था। दोपहर करीब दो बजे वहां से घर को वापस लौट रहा था। जैसे ही वह अलीगंज - रोशनपुर मार्ग पर ग्राम सकटपुरा पहुंचा तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पीछे बैठी मृतक की चाची व उनका पुत्र शिवम् घायल हो गए। वहीं हादसे के बाद डंपर चालक डंपर को लेकर भागने लगा, लेकिन तभी डंपर अनियंत्रित होकर रोड के किनारे पलट गया। इस दौरान मौका पाकर चालक डंपर को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी कुछ ही देर में परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और डंपर को कब्जे में ले लिया। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। परिजनों ने बताया कि मृतक राजकुमार सैनी का रिश्ता उत्तराखंड के रामनगर में तय हो गया था और करीब दो माह बाद शादी होनी थी। मृतक की मां खेमवती व छोटे भाइयों का रो-रोकर बुरा हाल है। भगतपुर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि टक्कर मारने के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। मृतक के पिता रामप्रकाश की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है।



मृतक राजकुमार का फाइल फोटो।

अमृत विचार www.amritvichar.com

## एक नजर


रहरा में चंदनपुर चीनी मिल में पौधरोपण करते अधिकारी। ● अमृत विचार

### त्रिवेणी शुगर मिल में किया पौधरोपण

**रहरा, अमृत विचार :** पर्यावरण दिवस पर चंदनपुर के त्रिवेणी शुगर मिल में पौधरोपण किया गया। त्रिवेणी शुगर मिल चंदनपुर कार्यक्रम का आरंभ चीनी मिल के उपाध्यक्ष शुगर आमोद कुमार शर्मा ने पौधे लगाकर किया। उत्तर प्रदेश चीनी निगम ने चीनी मिल को 20,000 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया है। चीनी मिल द्वारा इस लक्ष्य को अगस्त, सितंबर तक पूर्ण कर लिया जाएगा। पौधे लगाने को गड्ढों की खोदाई का प्रगति कार्य पर है। पर्यावरण दिवस पर चीनी मिल के अन्य विभाग अध्यक्ष एवं अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लगभग 200 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर आरएस सहरावत महाप्रबंधक गन्ना, टीसी राजोरिया महाप्रबंधक उत्पादन, अमरनाथ जागीरदार, प्रबंधक इंजीनियर, अमेज कुमार सिंह, अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन एवं प्रशासन, संजय कुमार जायसवाल उप महाप्रबंधक आदि मौजूद रहे।

### सौम्य त्यागी ने नीट में 835वीं रैंक हासिल की

**ढबारसी, अमृत विचार :** ढबारसी निवासी सौम्य त्यागी ने नीट परीक्षा में 835वीं रैंक प्राप्त की। उन्हें 720 में से 681 अंक मिले। उन्हें बधाई देने वालों को घर पर तांता लगा हुआ है। उनका प्राप्त अंक प्रतिशत 94 .58 रहा। सौम्य की सफलता से परिजन स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों एवं परिजनों एवं मार्गदर्शन करने वाले दादा (सेवानिवृत्त शिक्षक) गजराज सिंह त्यागी को दिया। सौम्य त्यागी ने बताया कि मेहनत से कोई भी मंजिल पाई जा सकती है।




पौधरोपण करते जिलाधिकारी , शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लो व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार


सैदनगली के गोया वर्ल्ड स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस पर मौजूद अध्यापक। ● अमृत विचार


जय शिव कॉलेज में पौधरोपण करते एनसीसी कैडेट्स व शिक्षक। ● अमृत विचार

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी : डीएम

## विश्व पर्यावरण दिवस पर शिक्षण संस्थाओं और निजी संगठनों ने जिलेभर में लगाए पौधे

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर कलेक्ट्रेट में पौधरोपण किया गया। जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने पौधरोपण कर जनपद के लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। उन्होंने कहा की प्राकृतिक पर्यावरण को बनाए रखने और इस धरती को हरा भरा बनाए रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पौधरोपण करना होगा। इस कार्यक्रम के अवसर पर शिक्षक विधायक डॉ. हरी सिंह ढिल्लो, सीडीओ अश्विनी मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुरेंद्र सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक माया शंकर यादव, परियोजना निदेशक अमरेंद्र प्रताप, जिला वन अधिकारी सत्य प्रकाश आदि अधिकारियों ने पौधरोपण किया।

वहीं, डीएम ने गर्मी में प्यास बुझाने के लिए टीपी नगर चौराहे पर लगाए वाटर कूलर की प्रशंसा की। कहा कि गर्मी में राहगीरों को पानी की कमी महसूस नहीं होनी चाहिए। पालिकाध्यक्ष व ईओ द्वारा नगर के टीपी चौराहा व लकड़ा चौराहा पर मिट्टी के घड़ों में शीतल जल के प्याऊ लगवा कर अभिनव प्रयोग किया है, वह प्रशंसनीय है। डीएम राजेश त्यागी ने पालिका द्वारा लगाए प्याऊ व स्टाल में रखे हुए मटकों के शीतल जल का सेवन किया। इस अवसर पर पालिका अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार, जलकल अभियंता तपेश कुमार आदि कर्मचारी रहे।


पौधरोपण करते लॉ कॉलेज के चेयरमैन व स्टॉफ। ● अमृत विचार


हसनपुर में झम्मनलाल डिग्री कॉलेज में पौधरोपण करते छात्र-छात्राएं।

### हाशमी कॉलेज में लगाए पौधे

**अमरोहा, अमृत विचार :** हाशमी गर्ल्स पीजी कालेज में पौधरोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मना। हाशमी एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन व कालेज प्रबंधक डॉ. सिराजुद्दीन हाशमी ने कहा कि हमारी जिम्मेदारी केवल पौधा लगाकर खत्म नहीं होती, क्योंकि यही पौधा एक दिन वृक्ष बनेगा। कालेज प्राचार्या डॉ. रिजवाना कुलसुम ने कहा कि हमें स्कूल-कालेजों में पर्यावरण शिक्षा पर जोर देना चाहिए। उधर, हकीम महताबउद्दीन हाशमी कालिज ऑफ लॉ अमरोहा के कैम्पस में पौधरोपण किया। चैयरमेन डॉ. बुरहानउद्दीन हाशमी एवं प्राचार्य डॉ. राना परवीन ने कहा कि बिना पेड़ पौधे लगाये भविष्य में बढ़ते हुए तापमान को नियन्त्रित नहीं किया जा सकता है। इस दौरान महाविद्यालय के मोहम्मद तारिक, डॉ. नूर अली अंसारी, डॉ. रिपु दमन प्रताप सिंह, डॉ. मोहम्मद हारून, मोहम्मद इफ्तिकार अली, डॉ. नूतन गुप्ता, शहजाद सिद्दकी, फरहत मंसूरी, मोहम्मद गुफरान, मोहम्मद जमशेद खान, मोहम्मद अरशद, जहाँ आरा आदि लोग उपस्थित रहे।

### महाविद्यालय में छात्रों ने किया पौधरोपण

**हसनपुर, अमृत विचार :** बुधवार को झम्मन लाल पीजी कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवियों ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीति शर्मा के निर्देशन में महाविद्यालय परिसर में पौधे लगाकर पर्यावरण को स्वस्थ व सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। डॉ. नीति शर्मा ने कहा कि वातावरण को प्रदूषण से बचाने के लिए पौधरोपण सर्वश्रेष्ठ है। इसलिए हमें अपने आस-पास व घरों में भी पौधे लगाने चाहिए। बच्चों ने गुलहड़ सफेद व गुलाबी रंग के बेलपत्र, तुलसी और अमरूद आदि के पौधे लगाए। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के माली सिंटू का पूर्ण सहयोग रहा। स्वयं सेवी बृजेश ने अपने घर के आस पास पौधरोपण किया। इस अवसर पर बीएड विभाग से कुमुद त्यागी, बबिता त्यागी, रेनू चौधरी, निगहत परवीन, संजय सिंह, गौरव शर्मा, पंकज, कुलदीप, जितेंद्र, तुषार, सुहेल, कृष्णा, पुष्पेंद्र आदि मौजूद रहे।

### जय शिव ग्रुप कॉलेज में पौधरोपण

**अमरोहा, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर जय शिव पीजी महाविद्यालय में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक चारू शर्मा व संरक्षक अरविंद शर्मा ने पौधरोपण किया। बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कॉलेज प्रबंधन एवं संरक्षक ने एनसीसी कैडेट्स के साथ कॉलेज परिसर में पौधे लगाए। इसके बाद जय शिव कन्या इंटर कॉलेज और फार्मा कॉलेज में आलू बुखारा, नाशपाती, पपीता अमरूद के छायादार फलदार पौधे भी लगाए गए। इस मौके पर विपिन कुमार, आकाश कुमार, देवेंद्र कुमार और कॉलेज के छात्र-छात्राएं रहे। कॉलेज प्रबंधन चारू शर्मा ने पौधों के संबंध में जानकारी दी।

### गोया वर्ल्ड स्कूल में लगाए पौधे

**सैदनगली, अमृत विचार :** गोया वर्ल्ड स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस पर अध्यापकों ने पौधे लगाकर लोगों को पेड़ों का महत्व बताया। प्रधानाचार्या स्वाति गुप्ता ने बताया कि पेड़-पौधे हमारी ईश्वर प्रदत्त बहुमूल्य सम्पदा है। जिनसे हरा पर्यावरण, वायुमण्डल संतुलित रहता है। पौधों से हमें ऑक्सीजन गैस प्राप्त होती है। यदि वृक्षों की कटाई पर अंकुश नहीं लगाया गया तो हमारा पर्यावरण असंतुलित व दूषित हो जाएगा। सांस लेने के लिए भी ऑक्सीजन नहीं मिल पाएगी।

### हरियाली के प्रहरी बने सेवानिवृत अध्यापक मेघराज

**सैदनगली, अमृत विचार :** बचपन से पर्यावरण संरक्षण कर रहे सेवानिवृत अध्यापक मेघराज सिंह नागर को प्रकृति से बेहद लगाव है। पतित पावनी गंगा मैया के तटबंध किनारे के गांव सतेड़ा के मूल निवासी मेघराज सिंह नागर ने 1974 से वर्ष 2011 तक सरकारी अध्यापक के रूप में सेवाएं दीं। सैदनगली थाना क्षेत्र के पंडका गांव में आकर बस गए। बचपन से ही उन्हें पेड़ पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का शौक रहा है। उनके बगीचे में पीपल, बरगद, नीम के वृक्ष लगे हैं। पेड़ पौधों की देखरेख करीब 80 वर्षीय मेघराज सिंह स्वयं करते हैं वह युवाओं को संदेश देते हैं मनुष्य के सांसों की डोर पेड़ पौधों से बंधी है। हरियाली के बिना मानव जीवन अधूरा है।


पीपल का पौधा लगाते मेघराज सिंह।


मंडी धनौरा में पौधरोपण करते अध्यापक। ● अमृत विचार

### ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करने का आह्वान

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** बुधवार को वाईएमएस डिग्री कॉलिज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तहत विश्व पर्यावरण दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में महाविद्यालय अध्यक्ष मोहम्मद नाजिम व प्राचार्य डॉ. एके सिंह द्वारा नीम, जामुन, शीशम, पिलखुन व छायादार आदि विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। महाविद्यालय अध्यक्ष मोहम्मद नाजिम ने बताया कि पर्यावरण का अर्थ संपूर्ण प्राकृतिक परिवेश से है। प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने बताया कि भारत समेत पूरे विश्व में प्रदूषण तेजी से फैल रहा है। इसलिये हमें प्रकृति का ध्यान रखना चाहिए। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सोहन सिंह ने बताया कि इस वर्ष पिछले वर्षों के तुलना में अधिक गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मनुष्य के साथ-साथ पशु-पक्षियों को भी भयंकर स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। इस मौके पर महाविद्यालय के प्रबंधक रियाज अहमद, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एके सिंह, सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहे।


अमरोहा में तालाब किनारे पौधरोपण करते जिला गंगा समिति के सदस्य।

### पर्यावरण दिवस पर लगाए पौधे

**अमरोहा, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत जिला गंगा समिति के तत्वाधान में सामाजिक वानिकी प्रभाग के सहयोग से पौधारोपण किया। प्रभागीय वनाधिकारी सचिव जिला गंगा समिति के निर्देशन व जिला परियोजना अधिकारी के नेतृत्व में पौधारोपण महाअभियान के अंतर्गत ग्रामों के सार्वजनिक स्थलों, मंदिर, धर्मशाला व अमृत सरोवर के किनारे पौधारोपण किया गया जिसमें अनेकों गंगा सेवकों ने सहभागिता की। नमामि गंगे जिला परियोजना अधिकारी सचिन चौधरी ने सभी गंगा दूतों के सहयोग से छायादार, फलदार व फूलदार पौधे शीशम, कनेर, बकैन, बांस, जामुन, कंजी, अमरूद के पौधे रोपित किए। उन्होंने बताया कि पेड़ों से पर्यावरण को स्वच्छ रखा जा सकता है। इस मौके पर सभी गंगा दूतों ने पौधरोपण किया व शपथ भी ली। पौधरोपण के दौरान उप प्रभागीय वनाधिकारी विमल किशोर भारद्वाज, लोकेश कुमार, योगाचार्य नौबहार सिंह, राहुल आदि मौजूद रहे।

# 2019 में ज्यादा वोट लेकर हारे थे तंवर इस बार कम मत पाकर भी बन गए सांसद

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**विश्लेषण**

- 2019 में भाजपा प्रत्याशी के तौर पर मिले थे 537834 वोट
- जबकि 2024 में 476506 वोट लेकर बन गए सांसद

**अमृत विचार :** भाजपा से कंवर सिंह तंवर दूसरी बार अमरोहा लोकसभा से सांसद बन चुके हैं। इस बार उन्होंने 476506 मत प्राप्त कर कुंवर दानिश अली को हराया। जबकि पिछले 2019 के चुनाव में कंवर सिंह तंवर को 537834 वोट मिले थे। लेकिन उसके बावजूद भी चुनाव हार गए थे। इस बार वह कम वोट लेकर भी चुनाव जीते और सांसद बन गए।

2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा ने लगातार तीसरी बार सांसद कंवर सिंह तंवर पर भरोसा जताया था। जिसमें वह दो बार कामयाब हो गए जबकि एक बार हार का मुंह देखना पड़ा। वह भी तब जब उनको तीनों बार से अधिक वोट मिले थे। अर्थात तीनों बार से कम वोट मिलना सांसद कंवर सिंह तंवर के लिए फायदेमंद रहा।

दरअसल वर्ष 2014 में कंवर सिंह तंवर पहली बार अमरोहा सीट से भाजपा से सांसद बने थे। तब 70.97 प्रतिशत मतदान हुआ था। जिसमें उनको 528880 वोट मिले थे। उन्होंने 158214 वोटों से सपा की हुमैरा अख्तर हो हराया था। उसके बाद वर्ष 2019 लोकसभा चुनाव में अमरोहा सीट पर 71.05 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें कंवर सिंह तंवर को 537834 वोट मिले। 2014 के सापेक्ष 8954 वोट अधिक मिले। लेकिन उसके बावजूद भी वह चुनाव हार गए थे। बसपा के दानिश अली ने 63248 वोटों से जीत हासिल की थी। वहीं इस बार 2024 के चुनाव में 64.58 प्रतिशत मतदान हुआ। यानि 1108579 वोट पड़े थे। जिसमें कंवर सिंह तंवर को पिछले दोनों चुनाव से बहुत कम वोट मिले। वह 476506 वोट पाकर भी चुनाव जीत गए। जबकि उनके प्रतिद्विंदी कांग्रेस के दानिश अली को 447836 व बसपा के मुजाहिद हुसैन को 164099 वोटे मिले।

# परिवहन निगम के एमडी ने डिपो का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर ने अमरोहा डिपो का निरीक्षण किया। क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक मोहम्मद शफी ने एमडी का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं को सही कराने के निर्देश दिए।

बुधवार को परिवहन निगम के एमडी अमरोहा डिपो पहुंचे। जहां पर उन्होंने रोडवेज बस अड्डे और वर्कशॉप का निरीक्षण किया। एमडी ने रोडवेज बस अड्डे पर यात्रियों की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने शौचालय, ठंडा पानी, बैठने की व्यवस्था को देखा। इसके अलावा उन्होंने वर्कशॉप में डीजल कक्ष, वॉशिंग कक्षा आदि का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण में परिवहन निगम के एमडी को अमरोहा डिपो में सब कुछ ठीक मिला। क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक मोहम्मद शफी ने बताया कि एमडी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रोडवेज बस अड्डे पर पौधरोपण भी किया। उन्होंने वर्कशॉप और रोडवेज परिसर में पौधरोपण करने के निर्देश भी दिए हैं। एमडी के निरीक्षण के दौरान स्टेशन प्रभारी शंभूनाथ, बाबू नाजिम हुसैन समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।


एमडी का स्वागत करते क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक। ● अमृत विचार

## पेड़ काटने को लेकर तीन भाइयों में मारपीट

**हसनपुर, अमृत विचार :** खेत में खड़े पेड़ों को काटने को लेकर दो भाइयों व भतीजे ने एक भाई को बच्चों सहित जमकर पीटा। पीड़ित कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ नाम दर्ज तहरीर दी।

कोतवाली क्षेत्र के गांव पतेई भूड़ निवासी परविंदर पुत्र बनी सिंह, पत्नी अनीता व बेटे दीपांशु को साथ लेकर कोतवाली पहुंचा और बड़े व छोटे भाई एवं भतीजे के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी। पीड़ित का आरोप है कि बुधवार सुबह खेत में खड़े पेड़ों को बड़ा भाई व छोटा भाई काट रहे थे। पीड़ित ने मना किया कि मेरे हिस्से के पेड़ छोड़ दो, इसी बात को लेकर कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। आरोप है कि दोनों भाइयों व भतीजे ने उसके साथ, पत्नी अनीता व बेटा दीपांशु के साथ भी मारपीट की है। पीड़ित कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है।


मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार


हसनपुर में भाजपा की जीत पर मिठाई बांटते पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी।

# भाजपा की जीत पर मिठाई बांट कर मनाई खुशी

संवाददाता, ढबारसी

**अमृत विचार :** अमरोहा लोकसभा सीट से भाजपा के कंवर सिंह तंवर के जीतने व केन्द्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की तीसरी बार बनने जा रही सरकार की खुशी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने डीजे पर डांस कर आतिशबाजी की तथा मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राजीव गोयल ने कहा कि केंद्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनने जा रही है। जो एक ऐतिहासिक घटना है। नरेन्द्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं से सरकार की लोकप्रियता को बढ़ावा मिला है।

उड़ीसा में भाजपा की तथा आंध्र प्रदेश में एनडीए की सरकार बनाने के लिए जनता ने स्पष्ट जनादेश दिया है। इस मौके पर आदमपुर मण्डल अध्यक्ष राजीव गोयल, अमित गिरी, राष्ट्रीय लोक दल के नेता इरकान अली, राशिद मलिक, अमन गोयल, सुरजीत गोयल, हरद्वारी सिंह, अंकुर सिंह, अंकित सागर, सचिन गुप्ता, आदित्य त्यागी, अभिनव शर्मा आदि मौजूद रहे।

### तंवर की जीत पर पालिका अध्यक्ष ने बांटी मिठाई

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने चौधरी कंवर सिंह तंवर की जीत पर मिठाई बांटी। उन्होंने कहा कि यह जनता की जीत है, जनता ने देश हित में मतदान कर भाजपा को जिताया है। बता दें कि अमरोहा लोकसभा सीट से भाजपा के चौधरी कंवर सिंह तंवर ने कांग्रेस के दानिश अली को हराकर सीट पर कब्जा जमाया है। बुधवार को झकड़ी अड्डे स्थित अपने कैंप कार्यालय पर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी द्वारा मिठाई बांटी। इस मौके पर प्रशांत सैनी, शुभम अग्रवाल, सौरभ सैनी, राहुल, मनोज, महेश आदि मौजूद रहे।


प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
● बी. फार्मा (4 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● एम.एच.ए. (2 वर्षीय) ● एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)



प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
● बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
● एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
● बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## एक नजर

### आम के बाग में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में अपने ही आम के बाग में फंदे से युवक का शव लटका मिला। कोतवाली क्षेत्र के हल्का नंबर दो गांव में बुधवार दोपहर अपने ही आम के बाग में पेड़ से लटके युवक का शव मिलने पर सनसनी फैल गई। मृतक की अभी शादी भी नहीं हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि युवक ने जान क्यों दी इसका पता नहीं है। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। बिना किसी कानूनी कार्रवाई के परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। हालांकि पुलिस घटना की जानकारी होने से इनकार कर रही है।

### चचौरा मोड़ पर ई-रिक्शा पलटी, चालक घायल

**रहरा, अमृत विचार :** हसनपुर-अलीगढ़ मार्ग पर दोपहर में ई रिक्शा पलटने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक को उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है। रहरा थाना क्षेत्र के गांव चचौरा निवासी अब्दुल खान पुत्र सब्बीर खान गवां से सीमेंट के कट्टे लेकर अपने गांव चचौरा को आ रहा था। चालाक ने बताया कि ई-रिक्शा में ब्रेक नहीं थे। जिससे रिक्शा रूक नहीं पाई और खंदक में जा पलटी।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** नेशनल हाइवे पर कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर परिवार वाले भी अस्पताल पहुंच गए। बताया जाता है कि रजबपुर निवासी नदीम व जमील बुधवार सुबह बाइक से गाजियाबाद जा रहे थे। इसी दौरान नेशनल हाइवे पर गांव मोहम्मदाबाद के पास पीछे से आ रही तेज गति कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। आरोपी चालक कार समेत मौके से फरार हो गया। मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सक ने हालात गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अमरोहा की खबरें पेज 11 पर भी।

# फीडर मशीनों की मरम्मत के चलते आठ घंटे ठप रही बिजली

## उपकेंद्र पर महीनों से खराब पांच फीडर मशीनों को किया ठीक

संवाददाता, ढबारसी


ढबारसी बिजलीघर में मशीन ठीक करते कर्मी। • अमृत विचार

- विद्युत आपूर्ति ठप होने से 35 गांवों के उपभोक्ता रहे परेशान
- फीडर मशीनें ठीक होने से निर्बाध मिलेगी आपूर्ति

**अमृत विचार :** ढबारसी बिजलीघर में खराब पड़ी पांच फीडर मशीनों की मरम्मत के लिए मुरादाबाद से टेक्निकल टीम पहुंची। बिजली घर में मरम्मत कार्य चलने की वजह से लगभग 35 गांवों की विद्युत आपूर्ति आठ घंटे तक ठप रही। इससे गांवो के हजारों उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा।

ज्ञात हो कि ढबारसी बिजलीघर में 12 फीडर मशीनें लगी हुई हैं, जिनमें से पांच मशीनें पिछले कई माह से खराब पड़ी हुई थीं। खराब मशीनों द्वारा जिन लाइनों को सप्लाई की जाती थी, उन्हें सही वाली फीडर मशीनों से जोड़ दिया गया था।

जिसकी वजह मशीनों पर ओवरलोड के चलते बार-बार फीडर ट्रिप होने की वजह से किसानों व घरेलू उपभोक्ताओं को सुचारु रूप से विद्युत आपूर्ति नहीं मिल पा रही थी। विद्युत आपूर्ति की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से शिकायत की थी और बिजलीघर पहुंचकर प्रदर्शन भी किया था। इस समस्या को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। बुधवार को मशीनों को सही करने के लिए मुरादाबाद से टीम ढबारसी बिजलीघर पहुंची। मरम्मत कार्य चलने की वजह से बिजलीघर से जुड़े 35 गांवों की विद्युत आपूर्ति आठ घंटे तक ठप रही। मशीनों की मरम्मत के बाद लोगों को सुचारु रूप से विद्युत आपूर्ति संचालित हो सकेगी।


हसनपुर में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान संगठन के पदाधिकारी। • अमृत विचार

# पंचायत में अधिकारियों की मौजूदगी को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** किसानों की पंचायत में उनकी समस्या का निस्तारण करने के लिए अधिकारियों की उपस्थिति के लिए भाकियू अम्बावता ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। संगठन के पदाधिकारियों ने समय से अधिकारियों की उपस्थिति होने की मांग की।

6 मई को भाकियू अम्बावता की मासिक पंचायत रहरा ब्लॉक में हुई। जिसमें किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा होगी और अधिकारियों से समस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा। बुधवार को विकास खंड परिसर स्थित उप जिलाधिकारी कार्यालय पर जिला अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया के नेतृत्व किसान एकत्र हुए। उन्होंने एसडीएम भगत सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने मांग की कि पंचायत में खंड विकास अधिकारी रहरा, जेई विद्युत विभाग बुराबली, लेखपाल मोहित, एसडीओ पीडब्ल्यूडी, सब इंस्पेक्टर रहरा आदि अधिकारियों के उपस्थित रहने की मांग की। जिस पर किसानों ने चेतावनी दी कि अधिकारी समय से उपस्थित नहीं हुई तो वह रह आदमपुर मार्ग जाम करने का कार्य करेंगे। ज्ञापन देने वालों में सतपाल सिंह, चमन सिंह, जगबीर सिंह, धीरज सिंह, विकास कुमार, प्रेम सिंह, आरिफ मलिक, इरशाद मालिक, रमेश, विकास आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


हसनपुर में भजन प्रस्तुत करती बाल कलाकार। • अमृत विचार

### भगवान भोलेनाथ का भक्तों ने लिया आशीर्वाद

**हसनपुर, अमृत विचार :** यादव समाज एवं शिवसेना जिला प्रमुख वेद प्रकाश यादव द्वारा नगर स्थित श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर में प्रति माह तेरस के दिन भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। मंगलवार रात मंदिर अमरनाथ की गुफा के रूप में सजाया गया। उसके बाद मिंटू मस्ताना ग्रुप द्वारा भगवान भोलेनाथ का गुणगान किया। मिंटू मस्ताना एवं छोटी सपना भारती के द्वारा प्रस्तुत भोलेनाथ के भजनों पर उपस्थित भक्त भाव विभोर हो गए। इसी के साथ भक्तों ने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर उनसे गर्मी से राहत दिलाने के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर रमेश यादव, मनोज यादव, राजेंद्र यादव, विजय यादव, विकास यादव, वेद प्रकाश यादव, सतवीर गिरी, देवेंद्र शर्मा, महेश शर्मा आदि मौजूद रहे।


सैदनगली में मिठाई खिलाते भाजपा कार्यकर्ता। • अमृत विचार

### कंवर सिंह तंवर की जीत पर बांटी मिठाई

**सैदनगली, अमृत विचार :** नगर पंचायत के ज्योतिबाफूले चौक पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिवस मनाया और चौधरी कंवर सिंह तंवर की जीत पर मिठाई का वितरण किया गया। कार्यकर्ताओं ने मिलकर एक दूसरे को मिठाई खिलाई और शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर जिला महामंत्री अभिनव कौशिक, सभासद अमित भाटी, अमित प्रजापति, शेरपाल सिंह, सुखा राणा, धीर सिंह, नरेश सैनी, दीपक त्यागी, भगवत खड़गवंशी, राकेश सैनी, धारा सिंह, चेतन चौधरी, सरदार जगतपाल सिंह, जगपाल सिंह, फजले अब्बास, नीरज,राशिद, मेहरबान आदि लोग मौजूद रहे।


गजरौला के ज्ञान भारती इंटर कालेज में पौधरोपण करती छात्राएं व शिक्षक।

### पर्यावरण दिवस पर किया पौधरोपण

**गजरौला, अमृत विचार :** बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर ज्ञान भारती इण्टर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य पीजी गोस्वामी ने बच्चों को पर्यावरण एवं पौधों के महत्व के बारे में बताते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रभाष कुमार ने वर्तमान में बढ़ती गर्मी के कारणों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसका मुख्य कारण वाहनों का अत्याधिक प्रयोग, वृक्षों का अत्याधिक कटान है। इस अवसर पर सुमन सिंह, राजपाल सिंह, कुमकुम, महिमा, रिंकी, नेहा आदि स्वयं सेवक एवं सेविकाएं उपस्थित रहे। वहीं गांव पाल में पर्यावरण दिवस पर शिवकुमार के नेतृत्व में शपथ समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर सुरेन्द्र कुमार, महेंद्र सिंह, सोमवीर, सूरज कुमार, परम सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### साप्ताहिक बाजार में महिला ने छीनी सोने की चेन

**गजरौला, अमृत विचार :** मुरादाबाद के बिलारी थाना क्षेत्र के ढकिया नरू गांव निवासी संतोष गजरौला के आजादनगर में स्थित अपनी बहन के यहां आई हुई हैं। बुधवार को वह बहन के साथ साप्ताहिक बाजार में सामान खरीदने गई थीं। वहां भीड़ का फायदा उठाते हुए दूसरी महिला ने संतोष के गले से सोने की चेन खींच ली। तभी संतोष ने शोर मचा दिया। लोगों ने आरोपी महिला को पकड़ लिया। इस दौरान वहां काफी देर तक हंगामा होता रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में लिया तथा थाने ले गई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

### नशे में युवक ने घर के बाहर खड़ी कार का शीशा तोड़ा

**गजरौला, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला बुध बाजार निवासी रौशन की कार बुधवार को घर के बाहर खड़ी थी। वहां नशे में धुत एक युवक आया और कार का शीशा तोड़ दिया। मोहल्ले में युवक को पकड़कर पिट दिया गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह विवाद को शांत कराया। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### गंगा में डूबे युवक का तीसरे दिन मिला शव

**हसनपुर, अमृत विचार :** मेरठ के थाना हस्तिनापुर क्षेत्र के गांव बसतोरा में गंगा किनारे कट्टे लगाने का कार्य चल रहा है।

जिसमें हसनपुर तहसील क्षेत्र के गांव रुखालू निवासी हरीश पुत्र दोजी की 18 वर्ष एवं किशनपाल पुत्र अगन 23 अन्य ग्रामीणों के संग मजदूरी करने गए थे। सोमवार को दोनों युवक गंगा किनारे कट्टे लगते समय डूब गए थे। मंगलवार को हरीश का शव गंगा में मिल गया था। प्रशासन द्वारा मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर बुधवार को परिजनों को सौंप दिया था। परिजनों द्वारा मृतक हरीश के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। वहीं, गोताखोरों द्वारा घटनास्थल से 20 किलोमीटर दूर जलालपुर के निकट किशनपाल के शव को ढूंढ लिया। पुलिस प्रशासन द्वारा मृतक किशनपाल के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# भाजपाइयों ने सांसद तंवर का किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा


कार्यक्रम में बोलते सांसद कंवर सिंह तंवर व साथ में अन्य।


गजरौला में मुख्यमंत्री का जन्म दिन मनाते पार्टी पदाधिकारी।

**अमृत विचार :** शहर के जोया रोड स्थित बैंक्वेट हाल में नवनिर्वाचित सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर का स्वागत किया गया।

बुधवार को सांसद कंवर सिंह तंवर का धनौरा विधायक राजीव तरारा, हसनपुर विधायक महेंद्र खड़कवंशी समेत भाजपाइयों ने स्वागत किया। सांसद चौधरी कंवर सिंह ने कहा कि वह कार्यकर्ताओं के सुख दुःख में साथ खड़े होंगे। जिला प्रभारी सत्यपाल सिंह पाल ने भी शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पूर्व सांसद देवेंद्र नागपाल, विधायक राजीव तरारा, विधायक महेंद्र खड़वंशी भी संबोधित किया। जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी ने आए सभी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर महिला अध्यक्ष उषा शर्मा, मीनाक्षी वर्मा, उषा शर्मा, आशा आर्य, सुमन सैनी, शुभम चौधरी, राम सिंह सैनी, राकेश वर्मा, पूरन सिंह, राम अवतार कपासिया, दिवाकर शर्मा, मनोज वर्मा आदि रहे।

वहीं, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दरियापुर में एनडीए गठबंधन की सरकार बनने पर व चौधरी कंवर सिंह तंवर को विजय मिलने पर मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। जिलाध्यक्ष सत्यपाल ने कहा कि जनता ने मोदी पर विश्वास जताते हुए तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए एनडीए को बहुमत दिया है। बैठक में आदेश अमरोही, मोहम्मद यूनुस प्रधान, जगबीर सिंह चौहान, डॉक्टर जगत सिंह गुर्जर, राम अवतार शर्मा, रामगोपाल जाटव मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन मनाया

**गजरौला, अमृत विचार :** भाजपाइयों ने मुख्यमंत्री का जन्मदिन केक काटकर मनाया। बुधवार सुबह पार्टी कार्यकर्ता डॉ. राजीव शुक्ला के कार्यालय पर एकत्र हुए। जहां जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी ने मुख्यमंत्री के चित्र का तिलक कर मिठाई खिलाई। अमरोहा लोकसभा सीट से चौधरी कंवर सिंह तंवर की जीत पर भी खुशी जताई। इस दौरान आसाराम सोसायटी के अध्यक्ष विचित्र भाटी, सभासद पति देवेश शर्मा, जिपं सदस्य सोनू गुर्जर, महेश कुमार, वसीम अल्वी, वेद प्रकाश गिरी, पवन गिरी गोस्वामी, कैलाश गुर्जर, रमेश सिंह, अंकुर नगर आदि रहे।

# पर्यावरण प्रदूषण रोकने के लिए पौधरोपण जरूरी

संवाददाता, मंडी धनौरा


मंडी धनौरा में अमर सिंह डिग्री कॉलेज में पौधरोपण करते अध्यापक व छात्र-छात्राएं।


हसनपुर में पौधरोपण करते अध्यापक।

**अमृत विचार :** अमर सिंह डिग्री कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस पर महाविद्यालय परिसर में महाविद्यालय स्टाफ व छात्र-छात्राओं संग पौधरोपण किया। इस दौरान महाविद्यालय प्रबन्धक अशोक सैनी ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिये हमें पेड़-पौधों की रक्षा करनी चाहिए तथा अधिक संख्या में पेड़-पौधे लगाने चाहिए।

उन्होंने कहा कि हम सभी को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील होना होगा और यथासंभव इसकी सुरक्षा के लिए प्रयास करना होगा। हम सभी का यह कर्तव्य है कि हम स्वयं तो अधिकाधिक संख्या में पौधे लगाएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। प्राचार्य डॉ. अशोक कटारिया ने कहा कि एक स्वस्थ एवं सुरक्षित पर्यावरण के बिना मानव समाज की कल्पना अधूरी है। उन्होंने कहा कि हमें ज्यादा से ज्यादा सौर ऊर्जा को अपनाना चाहिये तथा अपने जीवन में प्लास्टिक से बने उत्पादों का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

वृक्ष ही प्रकृति की अमूल्य धरोहर हैं, इसलिए हमें ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाने चाहिए। इस अवसर पर प्रवक्ता चन्द्रमोहन सिंह, निसार अहमद, समरपाल सैनी, राजाराम सिंह, पूनम शर्मा, नीतू देवी, निशिन सैनी, अर्शी सहित आदि मौजूद रहे।

### पौधरोपण कर लोगों को किया जागरूक

**हसनपुर, अमृत विचार :** रामसरन एवं सुशील आनंद हाई स्कूल में विद्यालय स्टाफ ने पौधरोपण किया। विद्यालय स्टाफ द्वारा विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। विद्यालय अध्यक्ष पंडित रविशंकर शर्मा ने कहा कि धरती पर बढ़ते तापमान को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण करना आवश्यक है, क्योंकि वृक्ष ही तापमान को कम कर सकते हैं। इस मौके पर प्रबंधक सुशील चंद्र सक्सेना, प्रधानाचार्य निशांत त्यागी, सोमवती कश्यप, सोहनलाल, अनुराधा आदि मौजूद रहे।


हसनपुर के मोहल्ला काला शहीद में विलाप करते परिजन। • अमृत विचार

# करंट से ई-रिक्शा चालक की मौत

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला निवासी ई-रिक्शा चालक की करंट लगने से हालत बिगड़ गई। परिजनों द्वारा उसे चिकित्सकों के यहां ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मोहल्ला काला शहीद निवासी रघुवीर सिंह पुत्र चेतराम 60 ई-रिक्शा एवं पशुपालन करके परिवार का पोषण करता था। बुधवार सुबह जब वह उठा तो उसने किसी काम के लिए प्लग दबाया, तो शॉर्ट सर्किट होने से उसे करंट लग गया। जिसके कारण उसकी हालत बिगड़ गई, परिजनों द्वारा उसे नगर के चिकित्सक के यहां ले जाया गया। जहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके परिवार में दो बेटे व एक लड़की है, तीनों बच्चों की शादी हो चुकी है। मृतक की पत्नी सुमन का बुरा हाल है। वहीं प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने पूरी घटना की जानकारी होने से इनकार किया।


हसनपुर में कोतवाली में पुलिस से वार्ता करते किसान। • अमृत विचार

# किसानों एवं ठेकेदार की वार्ता में नहीं निकला हल

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** गंगा एक्सप्रेस वे के निर्माण के लिए ठेकेदार द्वारा किसानों के खेतों से उठाई मिट्टी का पैसा न देने के मामले में वार्ता विफल होने से किसानों में मायूसी है। ठेकेदार का कहना है कि कुछ ग्रामीणों को मिट्टी का पैसा दे दिया गया है।

गंगा एक्सप्रेस वे के निर्माण के लिए थाना लोनी जनपद गाजियाबाद निवासी अरविंद पुत्र संतोष सिंह ने कोतवाली क्षेत्र के गांव रुखालू निवासी जय सिंह, कलुआ,सुकन एवं राजीव सहित कई किसानों के खेतों पर से मिट्टी उठाई थी। इन किसानों के लाखों रुपये ठेकेदार पर बकाया हो गए। किसानों ने मंगलवार को कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर पैसे दिलवाने की मांग की। वहीं बुधवार को ठेकेदार के भाई कोतवाली पहुंचे और किसानों से वार्ता की। जिस पर उन्होंने कहा कि कुछ किसानों को मिट्टी के पैसे दे दिए गए हैं वह झूठ बोल रहे हैं। वार्ता विफल होने के कारण किसानों के चेहरे पर मायूसी है।

### विषाक्त पदार्थ खाकर आत्महत्या की कोशिश

**गजरौला, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव निवासी महिला का पति से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। बताते हैं कि दोनों के बीच बीते तीन दिन से विवाद चल रहा था। बुधवार को भी दोनों के बीच विवाद हो गया।

शोर होने पर परिवार वाले भी जमा हो गए। उन्होंने किसी तरह दोनों को शांत कराया। विवाद शांत होने पर पति मजदूरी करने चला गया। बताते हैं कि पति से झगड़ा होने पर नाराज महिला कमरे में गई तथा अंदर रखा कोई विषाक्त पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिवार वालों को घटना की जानकारी हुई। जानकारी मिलने पर महिला का पति भी वापस लौट आया। सूचना मिलने पर गांव पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से महिला को सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है।

# जलवायु परिवर्तन का कारण लोगों का प्रकृति से दूर होना

संवाददाता, गजरौला


गजरौला में श्री वेंकटेश्वरा विवि में पौधरोपण करते अधिकारी।


मंडी धनौरा में पौधरोपण करते लोग। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** श्री वेंकटेश्वरा संस्थान वीजीआई मेरठ एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण एवं पर्यावरण जागरूकता रैली का आयोजन हुआ। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि सुखद संयोग है कि आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन है।

इस अवसर पर कनेक्ट पीपल्स विद नेचर विषय पर आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ वन अधिकारी नरेश कुमार ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग एवं तेजी से जलवायु परिवर्तन का एकमात्र कारण यह है कि आज पढ़े- लिखे समृद्ध लोग भी प्रकृति से दूर होते जा रहे है। वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी आईएफएस एसपी सिंह ने कहा कि उत्कृष्ट शिक्षा के साथ-साथ वेंकटेश्वरा अपने सामाजिक सरोकारों के लिए भी पूरे देश में जाना जाता है। श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय के अब्दुल कलाम सभागार में संगोष्ठी एवं जागरूकता रैली का आरंभ संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, वरिष्ठ आईएफएस एसपी सिंह, वन विभाग के वरिष्ठ डिप्टी रेंजर अधिकारी सुमित राठी आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके किया। इस मौके पर आरएस शर्मा, कुलसचिव डॉ. पीयूष पांडेय, डॉ. सीपी सिंह, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. दिव्या गिरधर, डॉ. एना ब्राउन, डॉ. मंजरी राणा, अनुषा कर्णवाल, सुमनदीप कौर, प्रशांत दहिया, सौमिक बनर्जी,सुमित घोष आदि मौजूद रहे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर बांटे जूट के थैले

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** नोरेक्स फ्लेवर्स प्राइवेट लिमिटेड में नोरेक्स के उपाध्यक्ष संचालन शशांक अग्रवाल के नेतृत्व में पौधरोपण किया गया। वहीं, नोरेक्स फ्लेवर्स के अधिकारियों द्वारा पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण की रक्षा को बढ़ावा देना था। नोरेक्स फ्लेवर्स ने कार्यक्रम के दौरान जूट के थैलों का वितरण भी किया। इस अवसर पर ललित कुमार, सौरभ द्विवेदी, अरुण कुमार, भूपेन्द्र सिंह आदित्य कुमार सहित आदि मौजूद रहे।

### जुबिलेंट इंग्रेविया में किया पौधरोपण

**गजरौला, अमृत विचार :** जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। बुधवार को जुबिलेंट फैक्टरी परिसर में प्रेसीडेंट विजय श्रीवास्तव ने यूनिट हेड विनोद झा के संग पौधे लगाए। कहा कि प्रकृति के बिगड़ते संतुलन को सही करने के लिए पेड़-पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि धरती पर जीने के लिए पेड़-पौधों का होना बेहद आवश्यक है। इस मौके पर जुबिलेंट के निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित,विनय शुक्ला, खुर्शीद अहमद, सुनील सिंह, फाल्गुनी चौधरी, प्रसून अग्रवाल, पराग गोयल, सतेंद्र चौधरी आदि भी मौजूद रहे।

प्रो. पंकज कुमार मो. 7505622049
शरद डेयरी एण्ड कनफेक्शनरी
हमारे यहाँ पर दूध, दही, पनीर, मावा, क्रीम, सफल मटर, मक्खन, बर्थडे का सभी सामान, कोल्ड ड्रिंग, पत्तल गिलास, दोने व चम्मच एवं जन्मदिन के केक भी मिलते है।
पता- गजरौला रोड, प्रथमा बैंक के पास सलेमपुर गौसाई, बाजार मार्केट (अमरोहा)

## एक नजर

### महिला चार बच्चों को छोड़ प्रेमी के साथ फरार

**चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार :** थाना बनियाठेर क्षेत्र के एक गांव निवासी 48 वर्षीय महिला अपने चार बच्चों को छोड़कर प्रेमी के संग फरार हो गई। बताया जाता है कि करीब दस वर्ष पहले महिला का प्रेमी महिला के यहां हलवाई की दुकान करता था। उसी समय उसका महिला से प्रेम प्रसंग हो गया। 29 मई की रात महिला प्रेमी के साथ फरार हो गई। महिला के बड़े पुत्र ने पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें पुत्र का कहना है कि मां के नाम जमीन भी है।

### मेड़ के विवाद में धमकी देने का लगाया आरोप

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव पट्टी बालू शंकर निवासी बाबू ने पुलिस को तहरीर दी। कहा कि खेत पड़ोसी गांव के ही प्रेमपाल ने मिट्टी उठवाकर अपने खेत को नीचा करा लिया था। आरोप है कि खेत नीचे होने की वजह से प्रेमपाल आए दिन मेड़ को काटकर खेत में मिला रहा है। विरोध करने पर प्रेमपाल गाली गलौज करते हुए बाबू को मारपीट करने की धमकी देता है।

### गाली गलौज व मारपीट में चार गिरफ्तार

**संभल/धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र में अलग अलग गांवों से बुधवार को गाली गलौज करते हुए मारपीट करने पर आमादा चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के गांव डरौली निवासी सगे भाई पूरन, तेजपाल व हरिओम अपने परिवार के चंदर की पत्नी ममता के साथ मकान से गेंहू निकालने को लेकर गाली गलौज कर रहे थे। दूसरी ओर थाना क्षेत्र के गांव बहीपुर निवासी टीटू गांव के ही सोमवी उर्फ भोले के साथ किसी बात को लेकर गाली गलौज कर रहा था। पुलिस ने पूरन, तेजपाल व हरिओम व टीटू को गिरफ्तार कर लिया।

### सास, जेठ व जेठानी पर मारपीट का आरोप

**धनारी, अमृत विचार :** गांव मलुआ के घेर निवासी बृजेश की पत्नी सरिता ने पुलिस को तहरीर है कि ससुराल वाले बृजेश की गैरमौजूदगी में आए दिन सरिता को किसी ना किसी बात को लेकर परेशान करते रहते है। बुधवार को भी सास, जेठ, जेठानी घर में घुसकर खाने पीने सहित अन्य सामान उठाकर सरिता के सामने जबरदस्ती लेकर जाने लगे। विरोध किया तो सास, जेठ व जेठानी ने मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया।

---

### पुरानी अदावत भूलकर चुनाव प्रचार के दौरान सपा विधायक के घर गये थे जियाउर्रहमान बर्क

# जीत की बधाई देने पहुंचे इकबाल महमूद का मिठाई खिलाकर स्वागत

कार्यालय संवाददाता,संभल



संभल में अपने आवास पर सपा विधायक इकबाल महमूद को मिठाई खिलाकर उनका स्वागत करते जियाउर्रहमान बर्क।

**अमृत विचारः** 2024 के लोकसभा चुनाव ने संभल की राजनीति को नई दिशा दे दी है। बर्क परिवार की सपा विधायक इकबाल महमूद के साथ पचास साल पुरानी अदावत अब खत्म हो चली है। चुनाव प्रचार के दौरान डा. शफीकुर्रहमान बर्क के पौत्र सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क ने इकबाल महमूद के घर जाकर रिश्तों की खटास दूर करने की पहल की तो चुनाव में शानदार जीत के बाद अब सपा विधायक इकबाल महमूद मुबारकबाद देने जियाउर्रहमान बर्क के घर पहुंचे। जियाउर्रहमान बर्क ने इकबाल महमूद का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया।

पूर्व सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क का छह दशक से भी ज्यादा समय तब संभल की राजनीति में दबदबा रहा। बर्क की राजनीति की शुरुआत से लेकर इस साल उनके इंतकाल तक इकबाल महमूद के साथ उनका हमेशा छत्तीस का आंकड़ा रहा। मुलायम सिंह यादव ने भी इन रिश्तों की खटास दूर कराने का प्रयास किया लेकिन कामयाबी नहीं मिली। इस साल डा. शफीकुर्रहमान बर्क के इंतकाल के बाद सपा विधायक उनके जनाजे में शामिल हुए और फिर उनके घर पर भी पहुंचे तो रिश्तों की खटास में कुछ कमी आई थी। डा. शफीकुर्रहमान बर्क के इंतकाल के बाद इकबाल महमूद भी संभल लोकसभा सीट से सपा टिकट के दावेदार थे लेकिन अखिलेश यादव ने जियाउर्रहमान बर्क को प्रत्याशी घोषित किया तो इकबाल महमूद ने इसका विरोध नहीं किया। वहीं चुनाव प्रचार के दौरान जियाउर्रहमान बर्क अपने पिता ममलूकुर्रहमान बर्क के साथ एक दिन इकबाल महमूद के घर पहुंचे तो इकबाल महमूद व उनके बेटे सुहेल इकबाल ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। जियाउर्रहमान बर्क ने चुनाव में शानदार जीत हासिल की तो बुधवार को फिर ऐसा घटनाक्रम हुआ जिससे जियाउर्रहमान बर्क व इकबाल महमूद के बेहतर होते रिश्तों का सिलसिला आगे बढ़ा।

### बेटे व समर्थकों संग घर जाकर दी जीत की बधाई

**संभल,अमृत विचार :** बुधवार को सपा विधायक इकबाल महमूद अपने बेटे सुहेल इकबाल व कुछ समर्थकों के साथ संभल के नव निर्वाचित सांसद जियाउर्रहमान बर्क को जीत की मुबारकबाद देने के लिए दीपा सराय में जियाउर्रहमान बर्क के आवास पर पहुंचे। यहां जियाउर्रहमान बर्क ने गर्मजोशी के साथ इकबाल महमूद व उनके बेटे का स्वागत किया। इकबाल महमूद ने जीत की मुबारकबाद दी तो जियाउर्रहमान बर्क ने मिठाई खिलाकर उनका सत्कार किया। इकबाल महमूद ने भी जियाउर्रहमान बर्क को मिठाई खिलाई। इस दौरान समर्थकों ने दोनों के ही गले में माला पहनाकर जीत की खुशी मनाई।

---

# सफाई कर्मी को मारपीट कर गोली मारी

### चितौरा रोड पर बाइक निकालने के विवाद में युवकों ने दिया घटना को अंजाम

संवाददाता,बहजोई



बहजोई में घायल सफाई कर्मी।

- घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल से हायर सेंटर रेफर किया

**अमृत विचारः** तीन युवाओं का सफाई कर्मी से बाइक निकालने को लेकर विवाद हो गया। युवाओं ने सफाई कर्मी के साथ पहले तो जमकर मारपीट की फिर उस पर फायर कर दिया। घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे रेफर किया गया है।

बहजोई के मोहल्ला सतुले नगर पजया निवासी सिमोन पुत्र शम्मी नगर पालिका परिषद में आउटसोर्सिंग पर सफाई कर्मी है। वह अपने साथी देवेश , राजीव तथा ट्रैक्टर ट्राली के चालक साहिद के साथ बहजोई के चितौरा रोड पर सफाई करने गया था। कूड़ा उठाते समय तीन युवक एक बाइक पर आए तो वह सफाई कर्मी से ट्रैक्टर हटाने की बात करने लगे। जिसको लेकर विवाद हो गया। युवकों ने पहले तो सफाई कर्मी के साथ जमकर मारपीट की। आरोप है कि सफाई कर्मी ने विरोध किया तो एक युवक ने उसके ऊपर फायर कर दिया। गोली उसके पेट को छूते हुए निकल गई। फायर होने से सफाई कर्मियों में हड़कंप मच गया। चीखने चिल्लाने की आवाज से आसपास के लोग एकत्रित हो गए। आरोपी बाइक पर सवार होकर संभल रोड की ओर फरार हो गए। घायल सफाई कर्मी को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने रेफर कर दिया। पुलिस ने सफाई कर्मी की तहरीर पर तीन के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### साथी पर हमले के विरोध में थाने पहुंचे सफाई कर्मी

**बहजोई,अमृत विचार :** जैसे ही सफाई कर्मी सिमोन के साथ मारपीट व गोली मारने की खबर नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मियों को लगी तो एक-एक करके वह एकत्रित हो गए और अपने कूड़े से भरे ट्रैक्टर ट्राली लेकर थाने के बाहर पहुंच गए। जहां पर उन्होंने विरोध किया। विरोध करते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग उठाई। जिस पर चेयरमैन राजेश शंकर राजू ने वार्ता करते हुए सफाई कर्मियों को कार्रवाई का आश्वासन दिया। वहीं कोतवाल ने भी जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने की बात कही।

> सफाई कार्य करने वाले नगर पालिका परिषद की सफाई कर्मचारी के साथ विवाद होने के बाद मारपीट तथा फायर करने का मामला सामने आया है। सफाई कर्मी की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जल्दी तीनों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
> – दीपक कुमार तिवारी, सीओ, बहजोई।

### दहेज की मांग को लेकर मारपीट का आरोप

**संभल/सरायतरीन, अमृत विचार :** सरायतरीन के मुहल्ला पीला खदाना निवासी अनस की पत्नी शमा ने पुलिस को मारपीट किए जाने की तहरीर दी है। अनस की शादी 8 वर्ष पहले रामपुर जिले की तहसील शाहाबाद के मुहल्ला कानूनगोयान निवासी शमा के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से शमा से उसके ससुराल वाले मायके से दहेज लाने की मांग करने लगे थे।

### संपत्ति के विवाद में पिता और चाचा ने मारपीट कर किया घायल

**संभल/रजपुरा, अमृत विचारः** रजपुरा थाना क्षेत्र में ई पिता, चाचा और चाची ने संपत्ति विवाद के चलते ई रिक्शा चालक के साथ मारपीट की। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर सीएचसी से चालक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी चालक दिल्ली में रहकर ई रिक्शा चलाता है। दो माह पहले चालक की मां की मौत हो गई थी। आरोप है कि संपत्ति के लालच में चालक की चाची ने उसके पिता के साथ अवैध संबंध बना लिए। चालक ने बताया कि अवैध संबंधों के चलते संपत्ति बेचकर मिले रुपयों को मेरा पिता चाचा व चाची को दे रहा है। आरोप है कि पिता ने बुधवार को अपने भाई व उसकी पत्नी के साथ मिलकर लाठी डंडों से जमकर मारपीट की। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर चालक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

---

# भीषण गर्मी में राहत के लिए तरसे लोग

कार्यालय संवाददाता, संभल



गर्मी में चेहरा ढक कर जाती महिला।



चन्दौसी में दोपहर में आइसक्रीम से राहत पाने का प्रयास करतीं बालिकाएं।

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के चलते जनजीवन त्रस्त है। लोग राहत पाने के लिए तरस रहे हैं। बुधवार को भी दिनभर पसीना टपकता रहा। दोपहर में दुश्वारियां ज्यादा बढ़ी तो तमाम जतन किए फिर भी राहत नहीं मिल सकी। शाम को छह बजे भी चिलचिलाती धूप की वजह से लोग बेहाल नजर आए।

बुधवार को भी सुबह से ही चिलचिलाती धूप निकली तो लोग परेशान होने लगे। मुख्य मार्गों पर सुबह से लेकर दोपहर बाद तक सफर करने वाले बाइक सवारों को गर्म हवा ने परेशान किया । चेहरों पर कपड़े ढकने के बाद भी खास राहत नहीं मिल सकी। दोपहर में पारा 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने पर गर्मी असहनीय होने लगी। तब लोगों ने घरों में कैद होना ठीक समझा । मुख्य मार्गों, चौराहों और बाजारों में सन्नाटे का माहौल बना रहा। दुकानदार ग्राहकों का इंतजार करते हुए नजर आए।

### मौसम में बढ़ी उमस, पसीने से तर हुए लोग

**चन्दौसी, अमृत विचार :** सोमवार की देर रात तेज आंधी के साथ हुई बूंदाबांदी के बाद जहां मंगलवार को भीषण गर्मी से राहत महसूस की गई। वहीं बुधवार को सबह से ही उमस बढ़ने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। उमस भरी गर्मी में न घर में चैन मिल रहा था और न ही घर के बाहर। लोग आसमान में टकटकी लगाकर बारिश के लिए प्रार्थना करते दिखे। जो लोग दोपहर में घर से बाहर निकले उनका बार-बार गला सूख रहा था और बाजार में शीतल पेयजल पीकर गर्मी से राहत पाने का प्रयास करते दिखे। वहीं बच्चे भी आइसक्रीम खाकर राहत पाने का प्रयास करते दिखे। उमस का आलम ये था कि दिन ढलने पर घर के आंगन और दरवाजे पर बैठना मुश्किल हो रहा था। दिन ढलने पर भी उमस भरी गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही थी।

### चोरी गई बाइक 24 घंटे में बरामद, एक गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचारः** हयातनगर थाना क्षेत्र में मंगलवार को थाने के पास संभल बहजोई मार्ग के किनारे स्थित चाय की दुकान से चोरी हुई बाइक को पुलिस ने 24 घंटे में ही बरामद कर युवक को गिरफ्तार कर लिया। कानूनी कार्रवाई कर पुलिस ने युवक का चालान कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव मुजफ्फरपुर निवासी कुलवंत सिंह ने मंगलवार को थाने के पास संभल बहजोई मार्ग के किनारे चाय की दुकान चलाने वाले राजू की बाइक चोरी की थी। रिपोर्ट दर्ज कर थाना पुलिस बाइक को बरामद करने का प्रयास कर रही थी। बुधवार को कूप मंदिर के पास से गांव लहरा कमंगर जाने वाले मार्ग पर बाइक पर सवार कुलवंत सिंह के आने की सूचना पुलिस को मिली। मौके पर पुलिस ने हाथ से इशारा कर कुलवंत सिंह से बाइक को रुकवा लिया। पुलिस ने बाइक कब्जे में लेकर कुलवंत सिंह को हिरासत में ले लिया।

# ग्रामीणों ने दौड़ाया तो पशुओं से लदा वाहन छोड़ भागे चोर

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

**वारदात**

- भैंसा और बकरा किया था चोरी बकरे के मिमियाने पर हुई जाग

**अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में दो पशु चोरी करके चोरों ने टाटा मैजिक में लाद दिए और बाइक पर सवार होकर जाने लगे। जाग होने पर ग्रामीणों ने पशु चोरों को दौड़ा लिया तो चोर पशुओं से लदे टाटा मैजिक को छोड़कर भाग गए।

थाना क्षेत्र के गांव शाहजहांनाबाद निवासी यूसुफ सैफी मंगलवार को रात घर में सो रहा था। देर रात बाइक सवार दो चोर पहुंचे और घर में बंधे बकरे को खोल लिया। चोरों ने बकरे को बाइक पर लादा और गांव के बाहरी छोर पर उस स्थान की तरफ चल दिए जहां टाटा मैजिक खड़ा था। टाटा मैजिक में पहले से ही चोरी किया गया भैंसा लदा था। इस बीच बकरे के मिमियाने पर ग्रामीण जाग गए। ग्रामीणों ने पशु चोरों का पीछा शुरू कर दिया। चोरों ने बकरे को भी टाटा मैजिक में लाद दिया और भागने लगे। ग्रामीणों ने पशु चोरों को दौड़ा लिया।

गांव बसंतपुर डांडा और पतेई नासिर के बीच में टाटा मैजिक को छोड़कर पशु चोर बाइक से भाग निकले। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने टाटा मैजिक को कब्जे में ले लिया। बकरा यूसुफ को सौंप दिया जबकि भैंसा गांव के लोग ले गए। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि गांव शाहजहांनाबाद से बकरा चोरी का मामला संज्ञान में है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

---

# बिलारी और जैन क्लब ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

कार्यालय संवाददाता, संभल/सिरसी

- सिरसी में रेलवे ग्राउंड पर चल रहा नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट
- मैन ऑफ द मैच अभिषेक और फहीम रहे

**अमृत विचार :** सिरसी के मुहल्ला शर्की में रेलवे ग्राउंड पर चल रहे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को रात पहले मैच का टॉस बिलारी के कप्तान साहिबे आलम ने जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बिलारी की टीम ने आठ ओवर में 94 रन बनाए। जिसमे अभिषेक ने 56 रन एवं हिमांशु ने 14 रन बनाए।

एचआरसी संभल के गेंदबाज मोनू और उस्मान ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए एचआरसी संभल की टीम आठ विकेट खोकर 60 रन ही बना पाई। बिलारी ने 34 रन से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनाई। एचआरसी संभल की ओर से तारिक ने 29 रन बनाए। बिलारी के गेंदबाज अभिषेक ने तीन विकेट लिए। दूसरे मैच का टॉस महमूदपुर माफी टीम के कप्तान साहिल ने जीता। टीम ने पहले गेंदबाजी की। जैन क्लब सिरसी ने बल्लेबाजी करते हुए आठ ओवर में पांच विकेट खोकर 101 रन बनाए। टीपू ने 48 रन, जमाल ने 14 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए महमूदपुर माफी की टीम आठ ओवर में नौ विकेट खोकर 69 रन पर ही सिमट गई। जैन क्लब ने 32 रन से जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। जैन क्लब के गेंदबाज फहीम ने तीन और दाऊद ने दो विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच अभिषेक और फहीम रहे। एम्पायर की भूमिका मुस्तफा अली और मुहम्मद शुऐब ने निभाई। स्कोरिंग एहतेशाम ने और कमेंट्री जौहर अब्बास और अबु तालिब ने की।

**सावधानी** जान के दुश्मन बन रहे हिंसक कुत्ते,प्रशासन को नहीं परवाह

# कुत्तों के खौफ से बच्चों व बुजुर्गों का अकेले निकलना बंद

संवाददाता, संभल

- वृद्धा जुबैदा की कुत्तों के झुंड ने नोच-नोचकर ले ली थी जान
- सुरक्षा को हाथ में लाठी-डंडे लेकर घर से बाहर निकल रहे लोग

**अमृत विचारः** संभल शहर के मुहल्ला मियां सराय में आवारा कुत्तों के आतंक इस कदर है कि बुजुर्गों व बच्चों के अकेले घर से निकलना बंद हो गया है। बड़े भी कुत्तों से अपनी सुरक्षा के लिए हाथ में लाठी-डंडे लेकर घर से बाहर निकल रहे हैं।

कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला मियां सराय में समतुल्ला की पत्नी जुबैदा की कुत्तों के झुंड ने नोच-नोचकर जान ले ली थी। जुबैदा के शरीर पर बने जख्म कुत्तों की बर्बता की कहानी बयां कर रहे थे। इस घटना के बाद इलाके में आवारा कुत्तों को लेकर दहशत का माहौल है। बुधवार को जब अमृत विचार की टीम ने मुहल्ला में पहुंचकर बात की तो लोग सहमे नजर आये। मुहल्ला के लोगों के चेहरे पर कुत्तों के आतंक का खौफ साफ साफ दिखाई देता है। जुबैदा की मौत होने से घटनास्थल के आसपास में रहने वाले मुहल्ला के लोग इस कदर खौफजदा हैं कि अब लोगों ने बच्चों व बुजुर्गों के अकेले घर से बाहर निकलने पर पाबंदी लगा दी है। बड़े भी एहतियात बरतते हुए कुत्तों को डराने व धमकाने के लिए हाथ में डंडा लेकर घर से बाहर निकल रहे हैं। कुत्तों को घरों में घुसने से रोकने के लिए मुहल्ला के लोग दरवाजे बंद रखते हैं। लोग नगर पालिका से हिंसक हो चुके कुत्तों को पकड़वाने की मांग कर रहे हैं। हालांकि कुत्तों द्वारा महिला की जान लेने की घटना के बाद भी पालिका की नींद नहीं खुली है।

## क्या कहते हैं लोग



> मंडी समिति संभल में फलों की आढ़त पर जाने के लिए सुबह पांच बजे से पहले उठकर घर से जाना होता है। बाइक से जाते समय मुहल्ला में कुत्तों का झुंड हमलावर होकर काटने के लिए दौड़ता है। जिससे कभी कभी बाइक अनियंत्रित भी हो जाती है।
> –आदिल कुरैशी, मियां सराय



> जब से कुत्तों के नोचने से महिला की मौत की बात सामने आई है तब से जेहन में भय पैदा हो गया है। एहतियात बरतते हुए घरों को दरवाजों को बंद करना शुरु कर दिया है और बच्चों व बुजुर्गों से घरों से बाहर निकलने के लिए मना कर किया है। नगर पालिका को इसके लिए कुछ करना चाहिए।
> – मोहसिन नबी खान, मियां सराय



> मुहल्ला में कुत्तों के झुंड ने आतंक मचा रखा है। आतंक की वजह से बच्चों के बाहर निकलने पर उनकी सुरक्षा की चिंता सताती रहती है। मंगलवार को कुत्तों के हमले से महिला की मौत होने से सारा मुहल्ला के लोगों में डर है। प्रशासन जल्द कुछ करे। – शाज कमाल, मियां सराय



> नगर में आवारा कुत्तों की दहशत से लोग परेशान हैं। महिला पर हमला कर उसकी जान लेने जैसी घटनाओं को रोकने के लिए नगर पालिका को हिंसक कुत्तों को जल्द से जल्द पकड़वाना चाहिए।
> – अरमान कुरैशी, मियां सराय

---

## सार-संक्षेप



भैंस नदी पर नाले की सफाई करते नगर पालिका के कर्मचारी। ● अमृत विचार

### नाले की सफाई शुरू,जलभराव से मिलेगी निजात

**संभल, अमृत विचार :** बरसात से पहले नालों की सफाई अभियान के तहत अब नगर पालिका ने भैंस नदी नाले की सफाई शुरू करा दी है। प्रयास है कि बरसात से पहले जितनी हो सके सफाई करा दी जाए ताकि झमाझम बारिश से शहर में जलभराव की समस्या सामने न आए। भैंस नदी नाला शहर के बड़े नालों में से एक है। इस नाले से कई क्षेत्रों का पानी होकर गुजरता है। नगर पालिका परिषद ने पिछले कई दिनों से नालों की तली झाड़ सफाई के लिए अभियान चलाया हुआ है। अब भैंस नदी नाला की सफाई भी शुरू करा दी गई है। बुधवार को कर्मचारी नाले की सफाई कार्य में जुटे नजर आए। मौके पर पंपिंग सेट भी लगाया गया। इस नाले की सफाई होने से शहर में जलभराव की समस्या शायद न हो। नाले से कई क्षेत्रों का पानी गुजरेगा तो दिक्कत नहीं आएगी। ईओ आनंद कुमार कटारिया ने बताया कि भैंस नदी नाले की तली झाड़ सफाई का प्लान बना था लेकिन बरसात से पहले जितना काम हो जाए उसे जल्द कराने का प्रयास है। भैंस नदी नाले की सफाई से बरसात में सहूलियत मिलेगी। नाले से पानी गुजरेगा तो शहर में जलभराव की समस्या नहीं आएगी।



शहीद करमवीर सिंह के परिजनों को सम्मानित करते सीआरपीएफ अधिकारी।

### श्रद्धांजलि देकर जवान की वीरता को किया याद

**संभल/असमोली,अमृत विचार :** उग्रवादियों के हमले में 5 जून 2007 को शहीद हुए सीआरपीएफ जवान करमवीर सिंह को गांव सैदपुर जसकोली में श्रद्धांजलि दी गई। सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर रामपुर से सैदपुर जसकोली पहुंचे एसआई पुष्पराज उनियाल, एएसआई कमल सिंह के अलावा पवन कुमार, गजेंद्र सिंह, रंजीत सिंह, कर्मवीर सिंह आदि ने शहीद करमवीर सिंह के चित्र और प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उनकी वीरता को याद किया। कहा कि करमवीर सिंह ने अदम्य साहस एवं वीरता का परिचय देते हुए बड़ी बहादुरी से लड़ते हुए शहादत दी। इस दौरान शहीद के परिजनों को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान शहीद की मां अतरवती, पत्नी नीतू, प्रमोद कुमार के अलावा स्थानीय लोग और असमोली थाने से दरोगा राज सिंह मौजूद रहे।

### छत से गिरकर छह वर्षीय बच्ची गंभीर घायल



छत से गिरकर घायल बच्ची।

**संभल, अमृत विचार :** खेलते समय छत से रास्ते में गिरकर छह साल की मासूम बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। थाना बिलारी क्षेत्र के गांव डोहरी निवासी लखपत की छह वर्षीय पुत्री हिमांशी बुधवार की सुबह छत पर खेल रही थी। पास में ही हिमांशी की मां सावित्री खाना बना रही थी। हिमांशी खेलते खेलते छत की बाउंड्री वाल के पास पहुंची और छत से रास्ते की ओर को देखने लगी। अचानक से हिमांशी का संतुलन बिगड़ गया और हिमांशी छत से नीचे रास्ते पर गिरकर गंभीर घायल होकर बेहोश हो गई। हालत गंभीर होने पर परिजन बेहोशी की हालत में हिमांशी को लेकर जिला अस्पताल आ गए और भर्ती कराया।

### उधार में पकौड़ी न देने पर दुकानदार के साथ गाली गलौज

**संभल/कैलादेवी, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव रुदायन निवासी अनिल गांव में पकौड़ी का ठेला लगाता है। बुधवार को गांव की एक व्यक्ति ठेले पर पहुंचा और अनिल से खाने के लिए उधार में पकौड़ी मांगने लगा। अनिल ने उधार में पकौड़ी देने से मना कर दिया। आरोप है कि इसी बात को लेकर व्यक्ति जाति-सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अनिल के साथ गाली गलौज करने लगा। जिसके बाद अनिल थाने पहुंचा और तहरीर देकर पुलिस से व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की।

### पशु चिकित्सक पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप

**संभल/मनोटा, अमृत विचार :** ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव पाली निवासी गुलाब सिंह ने बुधवार की शाम थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि बीमार होने पर भैंस का उपचार कराने के लिए असमोली निवासी पशु चिकित्सक को फोन कर बुलाया था। आरोप है कि शाम साढ़े छह बजे पशु चिकित्सक नशे की हालत में गुलाब सिंह के घर पहुंचा और बिना पूछे भैंस के पशु चिकित्सक ने इंजेक्शन लगा दिया। जिससे भैंस की ओर तबियत बिगड़ गई और इंजेक्शन के लगने के पांच मिनट के बाद ही भैंस की मौत हो गई। मौका पाकर पशु चिकित्सक यहां से भाग गया। गुलाब सिंह ने तहरीर देकर पशु चिकित्सक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की।

### नौकरी दिलाने के नाम पर ठगे रुपये

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र के रेंदा गांव निवासी चौब सिंह ने बुधवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि मुझसे एक व्यक्ति ने प्रयागराज नगर निगम में नौकरी दिलाने के नाम पर 160000 रुपए लेकर जॉइनिंग लेटर दिया था। चौब सिंह जब जॉइनिंग लेटर लेकर प्रयागराज पहुंचा तो अपने साथ फर्जीवाड़ा और ठगी होने का पता चला। थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है। यह मामला 2021 का है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



संभल में आरिश को मिठाई खिलाकर खुशी मनाते परिजन। ● अमृत विचार

### आरिश ने उत्तीर्ण की नीट परीक्षा, परिजनों में खुशी

**संभल अमृत विचार :** नगर के मुहल्ला दीपा सराय निवासी सरताज उल इस्लाम के बेटे आरिश ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर परिवार का नाम रोशन किया है। आरिश ने 720 में से 662 अंक प्राप्त किए हैं। आरिश की सफलता से परिवार में खुशी का माहौल बना है। परिजनों ने आरिश को मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया। वहीं नाते रिश्तेदारों ने भी बधाई दी।

### खंड स्तर पर प्रचार प्रसार कर जैविक खेती को दें बढ़ावा

**बहजोई, अमृत विचार :** जिला गंगा समिति व जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक में नमामि गंगे के तहत गंगा के किनारे गांव में ओडीएफ प्लस के अंतर्गत हुए कार्यों को लेकर डीएम ने अधिकारियों से चर्चा की। वहीं जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रचार प्रसार के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम मनीष बंसल ने नमामि गंगे के तहत कराए जा रहे कार्यों की प्रगति की अधिकारियों से समीक्षा की। डीएम ने कहा कि जनपद में गंगा किनारे गांव ओडीएफ प्लस पूर्ण हुए हैं नहीं हुए वहां पर कार्य को शीघ्र पूरा किया जाए। डीएम ने डीपीआरओ से जानकारी प्राप्त करते हुए ओडीएफ प्लस के मानक को पूर्ण कर रहे हैं या नहीं उनका सत्यापन करने की बात कही। डीएम ने कहा कि जैविक कृषि को बढ़ावा देने के लिए प्रचार प्रसार किया जाए। जैविक उत्पाद तैयार करने वाले संस्थानों को विकास खंड स्तर पर प्रेरणा कैंटीन पर अपने जैविक उत्पादक रखने के लिए प्रेरित करें।

## एक नजर

### साक्षी स्टार की सदस्यों ने लगाए पौधे

**चन्दौसी, अमृत विचार :** साक्षी स्टार चन्दौसी की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में तथा ग्रुप की उपाध्यक्ष छवि रस्तोगी के जन्मदिन के अवसर पर आवास विकास स्थित वृंदावन पार्क में पौधरोपण किया गया। पीपल, नीम, शीशम, आम आदि के पौधे रोपित किए। प्रदेश अध्यक्ष रंजना शर्मा ने कहा कि पेड़ों की कमी होने के कारण आजकल गर्मियों में तामपान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। पौधे हमें शुद्ध हवा देते हैं जो हमें गर्मियों में पौधों की कमी के कारण नही मिल पाती है। अध्यक्षता सुधा शर्मा ने व संचालन रेनू शर्मा ने किया। इस अवसर पर रेनू शर्मा, बबिता बिंदल, छवि रस्तोगी, सुनीता शर्मा, शालिनी गोयल, भावना सिंह, सुमन मिश्रा उपस्थित रहीं


पौधरोपण करते जीआरपी इंचार्ज।

### जन्मदिन पर पांच पौधे रोपित करने का संकल्प दिलाया

**चन्दौसी, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर जीआरपी प्रभारी राजदेव पूनिया ने अपनी टीम के साथ रेलवे स्टेशन पर जीआरपी बैरिक प्रांगण में पौधे रोपित किए। साथ ही स्टाफ को अपने-अपने जन्मदिन पर पांच पौधे रोपित करने का संकल्प दिलाया।

### गायत्री परिवार की वरिष्ठ साधिका का निधन



**बबराला अमृत विचार :** गायत्री परिवार की वरिष्ठ साधिका व गायत्री शक्ति पीठ की संस्थापक सदस्य राममूर्ति देवी (64 वर्ष) का निधन हो गया। मंगलवार शाम को ब्रेन हेमरेज होने पर परिजन उपचार के लिए दिल्ली ले जा रहे थे, तभी रास्ते में बुलंदशहर में उन्होंने दम तोड़ दिया। गायत्री परिवार सहित विभिन्न सामाजिक मंचों से जुड़ी राममूर्ति देवी का अंतिम संस्कार बुधवार को शांति उपवन में किया गया।



पौधरोपण करती साक्षी स्टार की सदस्या। ● अमृत विचार


चन्दौसी में पौधरोपण करते भारत विकास परिषद के पदाधिकारी व सदस्य।


बहजोई : कलेक्ट्रेट परिसर में पौधा लगाते डीएम मनीष बंसल।

# पर्यावरण संरक्षण एवं पौधरोपण की शपथ ली

## भारत विकास परिषद ने विश्व पर्यावरण दिवस पर संकल्प लिया कि वह दो पौधे लगाएंगे तथा संरक्षित करेंगे

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** विश्व पर्यावरण दिवस पर भारत विकास परिषद की ओर से सुभाष रोड स्थित शिव मंदिर के निकट पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी पदाधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण एवं पौधरोपण की शपथ ली। सभी सदस्यों द्वारा संकल्प लिया गया कि वह दो पौधे अपने संरक्षण में लगाएंगे एवं पूरे साल उनको संरक्षित करेंगे। क्योंकि केवल पौधे लगाना ही नहीं उनका संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। तदोपरांत नीम, जामुन, गुड़हल, अशोक, करी पत्ता, बट, शीशम आदि के पौधे रोपित किए गए। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. सुमन गुप्ता ने कहा हरी भरी धरती ही हमें सोते से जगाती है। पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें हमारी जिम्मेदारियों का एहसास कराती है। सचिव डॉ. दुर्गा टंडन ने कहा कि आओ एक पेड़ लगाए धरती को प्रदूषण मुक्त बनाएं। एसएन शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में पर्यावरणीय मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

इस अवसर पर नागेश गुप्ता, डीसी गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, अमित राज, रेखा रस्तोगी, आशा गोस्वामी, अमिता सिंह, विपिन गुप्ता, रमेश अधीर, नवीन कुमार गुप्ता, सत्यपाल गुप्ता आदि समिति के सदस्य उपस्थित रहे।


डीएसएम शुगर मिल में पौधारोपण करते संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### पौधरोपण कर पर्यावरण को सुरक्षित रखने का दिया संदेश

**असमोली, अमृत विचार :** भारतीय मजदूर संघ ने असमोली में स्थित बायो ऑर्गेनिक मिल में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण करते हुए पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संदेश दिया। भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ताओं ने बायो ऑर्गेनिक मिल में पौधरोपण किया और पर्यावरण सुरक्षा को लेकर विचार रखे। कहा कि हरे भरे जंगल, स्वच्छ वायु, निर्मल जल और विविध जीव जंतु मिलकर धरती को एक संतुलित स्थिति का तंत्र प्रदान करते हैं। यह तंत्र ही हमारे अस्तित्व का आधार है। वायु हमें सांस लेने के लिए ऑक्सीजन प्रदान करती है। आज पृथ्वी खतरे में है। प्रदूषण, वनों की कटाई, जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याएं गंभीर होती जा रही हैं। इस दौरान रेखा, दीपा, नीतू, विजेंद्र सिंह, वीर सिंह चौहान, मुकेश यादव उर्फ मुखिया, राहुल, सुखलाल, मदन कुमार आदि रहे।



रैली निकालते वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी। ● अमृत विचार


कॉलेज में पौधरोपण करतीं प्राचार्या व छात्राएं। ● अमृत विचार

### पौधों की देखभाल का लिया संकल्प

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एनकेबीएमजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों ईकाईयों की स्वयं सेविकाओं ने प्राचार्या प्रोफेसर अलका रानी अग्रवाल के मार्गदर्शन में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। सभी स्वयंसेविकाओं को शपथ दिलाई तथा उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनके कर्तव्य याद दिलाए। सभी स्वयंसेविकाओं ने प्रण लिया कि वह वर्ष में तीन पौधे अवश्य लगाएंगी तथा उनकी देखभाल करेंगी। प्राचार्या ने सभी स्वयंसेविकाओं को पर्यावरण विषय के बारे में बताते हुए पर्यावरण का जीवन में महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि संपूर्ण विश्व में 5 जून को पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। जो हमें पर्यावरण की देखभाल करने के हमारे सामूहिक कर्तव्य याद दिलाता है। इसके बाद स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय के प्रांगण में पीपल, नीम, तुलसा, गुड़हल तथा फाइकश आदि के पौधे लगाए। प्रथम इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शीतल गहलौत एवं द्वितीय इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रियंका के निर्देशन में कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर डॉ. अलका ठाकुर, डॉ. शिखा बंसवाल, डॉ. नीता गुप्ता, विभूति, सुरेश, अमित, उपस्थित रहे। स्वयं सेविकाओं में संध्या, विधि, सोनम, मन्तशा, रेणु, रिफा, अनम, महक आदि ने भागीदारी की।

### रैली निकाल कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बदायूं रोड स्थित वन विभाग के कार्यालय पर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। साथ ही पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए रैली भी निकली गई। रैली का आयोजन आवास विकास कालोनी से किया। रैली संभल गेट, गोशाला रोड होते हुए मालवीय चौक एसएम कॉलेज पर पहुंच कर संपन्न हुई। रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण की देखभाल व पेड़ पौधों के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। रैली में स्थानीय लोगों एवं बच्चों ने कर भागीदारी की।

## पर्यावरण संरक्षण को सजग हों लोग, लगाएं पौधे

संवाददाता, बहजोई

● डीएम ने पौध लगाकर आमजन से किया पौधरोपण का आह्वान

**अमृत विचार:** विश्व पर्यावरण दिवस पर डीएम व सीडीओ ने कलेक्ट्रेट में पौधरोपण किया। सभी से पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण करने का आह्वान किया। पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण को डीएम ने जरूरी बताया।

जिलाधिकारी मनीष बंसल कलेक्ट्रेट पहुंचे वहां उन्होंने परिसर में पौधरोपण किया। डीएम ने अशोक तो सीडीओ ने आम का पौधा लगाया। डीएम ने पौधरोपण करते हुए कहा कि पृथ्वी के तापमान को बढ़ने से रोकने के लिए हम सभी को ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए और जब तक उनकी देखभाल करनी चाहिए जब तक वह पेड़ न बन जाए। यही पौधे पेड़ बनाकर तापमान रोकने का काम करेंगे। साथ ही ट्री गार्ड का प्रयोग करते हुए पेड़ पौधों को सुरक्षित रखा जाए। प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी ज्ञान सिंह ने कहा कि जनपद वासी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाएं।


पौधरोपण करतीं जिला स्काउट-गाइड कमिश्नर संगीता भार्गव। ● अमृत विचार

### स्काउट-गाइड ने सड़क किनारे पौधे लगाए

**चन्दौसी, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद संभल के माध्यम से शहर के विभिन्न स्थानों पर सड़क किनारे नीम, आम, अमरूद, पीपल आदि के पेड़ ट्री गार्ड के साथ लगाए गए। गाइड कमिश्नर संगीता भार्गव ने बताया कि जिस तरह से गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है और तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। इसका मुख्य कारण पेड़ों का कटान है। हम सभी जानते हैं हमें जीने के लिए ऑक्सीजन चाहिए जो हमें सिर्फ पेड़ों से ही मिल सकती है। जिला संगठन आयुक्त स्काउट मोहित कुमार ने सभी को पेड़ बचाने के तरीके बताए और कहा कि हमें अगर जीवित रहना है तो पौधे लगाने होंगे। जिला संगठन आयुक्त गाइड मीनू भारती ने पौधेरोपित करने के साथ ही उनकी देखभाल पर जोर दिया। इस दौरान छह से आठ जून तक रेलवे स्टेशन पर सुबह 10 .30 बजे से अपराह्न चार बजे तक प्याऊ लगा कर यात्रियों की सेवा करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर पंकज कुमार, निशा खान, डोली कश्यप, सोनाली सागर, अनमोल, सचिन उपस्थित रहे।

# पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया प्रेरित

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** 1 जून से 5 जून अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मेरठ प्रांत की ओर से पूरे प्रांत में संचालित सामाजिक अनुभूति कार्यक्रम के निमित बुधवार को एबीवीपी के तहसील संयोजक भुवनेश बघेल के नेतृत्व में ग्रामीण अंचलों में भ्रमण कर ग्रामीण जीवन को जानने के प्रयास किया। साथ पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित किया।

गांव सैजनी में भ्रमण के दौरान विभाग संयोजक आकाश कुमार ने कहा कि सामाजिक अनुभूति कार्यक्रम से छात्रों को असली भारत के दर्शन होते हैं।

छात्र भारतीय ग्रामीण जन जीवन के संघर्षों को अच्छे से समझते और अनुभव भी करते हैं। गांव और शहर के जीवन में क्या अंतर होता है।

सभी छात्रों को गांव में जाकर यह सब जरुर अनुभव करना चाहिए। नगर उपाध्यक्ष वीके त्रिपाठी ने कहा कि हम सभी को ग्रामीण क्षेत्र में कम से कम दो या तीन दिन बिता कर उनके जीवन में सुख दुःख, सुविधाओं, कमियों, स्वास्थ्य, शैक्षिक जैसे मुद्दों को जानना और समझना चाहिए। जिससे हम उनकी कुछ संभव मदद कर सकें। इस अवसर पर अखिलेश श्रीवास्तव, आकाश कुमार, भुवनेश बघेल, विवेक त्रिपाठी, लक्ष्मण यादव, धर्म सिंह, अरविंद बघेल आदि उपस्थित रहे।


ग्रामीणों को जागरूक करते अभाविप के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने भ्रमण कर ग्रामीण जीवन को जाना

## हिंदू साम्राज्य दिवस पर आज निकलेगी शोभायात्रा

**चन्दौसी, अमृत विचार:** हिंदू जागरण मंच की ओर से हिंदू स्वाभिमान संघ की एक बैठक बुधवार को कैथल गेट स्थित नगर कार्यालय पर हुई। बैठक में 6 जून को होने वाले कार्यक्रम हिन्दू साम्राज्य दिवस पर निकलने वाली शोभायात्रा की तैयारियों को अंतिम रुप दिया गया। नगर अध्यक्ष हनी चन्द्रा ने बताया कि शोभायात्रा गुरुवार को कैथल गेट स्थित श्री दाऊ जी मंदिर से शाम चार बजे से निकाली जाएगी। शोभायात्रा दाऊजी मन्दिर से प्रारंभ होकर नगर के कैथल गेट, ब्रह्म बाजार, फड़याई बाजार, घंटाघर, हुसैनी बाजार, मुरादाबाद गेट, फव्वारा चौक, सुभाष रोड होते हुए श्री राम मंदिर पर पहुंच कर संपन्न होगी। उक्त मार्ग पर रास्ते में कई जगह समाज के लोगों ने स्वागत करने की व्यस्वस्था की है। बैठक में कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई। संचालन आलोक वार्ष्णेय ने किया।


पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते नारायण सेवा समिति के पदाधिकारी।

## पौधे लगा पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** श्री नारायण सेवा समिति की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस ब्रजधाम कालोनी में मनाया गया। जहां पार्क में अर्जुन, गुटेल, बोतल ब्रश, जामुन, कचनार, नीम, पीपल आदि पौधों का रोपण किया तथा उनके संरक्षण हेतु पर्यावरण शपथ ली।

अध्यक्ष सुभाष चंद्र भोलेनाथ ने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण व संवर्धन हेतु अधिक से अधिक पौधरोपण व उसकी देखभाल सबसे बेहतर और आसान उपाय है। डॉ. राजकुमार गोयल ने कहा कि पृथ्वी की रक्षार्थ पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है। प्रबंधक हरीश कठेरिया एडवोकेट ने बताया कि समिति प्रतिवर्ष लगभग 100 पौधों का रोपण करती है तथा उनकी देखभाल हेतु जरूरी व्यवस्थाएं भी की जाती हैं। कार्यक्रम संयोजक प्रद्युमन सिंह चौहान, डॉ. डीके अग्निहोत्री, डॉ. जयशंकर दुबे ने जलवायु कविता सुनाकर सबको प्रेरित किया। अध्यक्षता चौधरी राजवीर सिंह ने की। इस अवसर पर केजी गुप्ता, संजीव कठेरिया, वेद प्रकाश मीणा, चौधरी राजवीर सिंह, सोमवीर सिंह, प्रमोद कुमार, अभिषेक गुप्ता बरनवाल आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप


शिव मंदिर पर खराब वाटर कूलर दिखाते पुजारी। ● अमृत विचार

### मंदिर का वाटर कूलर खराब, पेयजल को तरसे श्रद्धालु

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में सीता रोड स्थित मूंछों वाले शिव मंदिर परिसर में लगा वाटर कूलर खराब बना हुआ है। जिससे रोजाना सुबह व शाम सैकड़ों की संख्या में पूजा-अर्चना आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुजारी की शिकायत के बाद भी वाटरकूलर दुरुस्त नहीं किया जा रहा है। जिससे श्रद्धालुओं व आसपास के लोगों में रोष है। नगर पालिका ने श्रद्धालुओं को भीषण गर्मी में ठंडा पानी उपलब्ध कराने के लिए वाटरकूलर लगवाया था। मगर इस बार गर्मी में मौसम में वाटरकूलर की मशीन खराब होने से ठंडा पानी नहीं मिल रहा है। जबकि शिव मंदिर में रोजाना सुबह व शाम सैकड़ों श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने पहुंचते हैं। साथ ही आसपास के लोग भी मंदिर में लगे वाटरकूलर से ठंडा पानी लेते हैं। श्रद्धालु मंदिर में लगे हैंडपंप के पानी से प्यास बुझाने को मजबूर हैं। मंदिर के पुजारी अतुल शंखधार ने बताया कि वह कई बार नगर पालिका में वाटरकूलर सही कराने की शिकायत कर चुके हैं। मगर कोई सुनवाई नहीं होने से समस्या का समाधान नहीं हो सका है। पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय का कहना है कि मामला संज्ञान नहीं था। अब जानकारी हुई है। जल्दी ही वाटर कूलर सही करा दिया जाएगा। श्रद्धालुओं को शीतल पेयजल के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।


यात्रियों से पूछताछ करते जीआरपी प्रभारी। ● अमृत विचार

### जीआरपी ने चलाया चेकिंग अभियान

**चन्दौसी, अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन पर जीआरपी ने चेकिंग अभियान चलाया। संदिग्ध लगने पर यात्रियों व उनके सामान की चेकिंग की गई। वहीं रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर रुकने वाली ट्रेनों में भी जीआरपी जवानों ने यात्रियों के सामान की चेकिंग की। बुधवार को जीआरपी के प्रभारी राजदेव पूनिया व सिपाहियों ने रेलवे स्टेशन परिसर में चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें प्लेटफार्म नंबर 1,2,3, प्रतीक्षालय, टिकट विंडो व परिसर में जाकर सिपाहियों ने चेकिंग की। साथ ही संदिग्ध लगने पर यात्रियों व उनके सामान चैक किया। इसके बाद चन्दौसी जंक्शन से गुजरने वाली ट्रेनों की बोगियों में जाकर भी चेकिंग अभियान चलाया गया।

### निर्माणाधीन दीवार गिराने का आरोप

**संभल/सरायतरीन, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र में सरायतरीन के मुहल्ला बगीचा निवासी हनीफ बुधवार को अपने पड़ोसी के मकान की दीवार के पास अपनी दीवार चिनवा रहे थे। आरोप है कि विरोध करते हुए पड़ोसी महिला ने अपने बेटे के साथ मिलकर निर्माणाधीन दीवार को गिरा दिया। दीवार के पास बैठे हनीफ मलबे में दबकर घायल हो गए। चीख पुकार को सुनकर मौके पर इकट्ठा हुआ आसपास के लोगों ने दीवार का मलबा बचाकर हनीफ को बाहर निकाला और उपचार के लिए पास के निजी चिकित्सक के पास ले जाकर हनीफ का उपचार कराया।


नो एंट्री में ट्रक आने से लगा जाम। ● अमृत विचार

# नो एंट्री में घुसा ट्रक, जाम में फंस कर परेशान हुए लोग

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** शहर में सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक नो-एंट्री है। इस दौरान कोई भी भारी वाहन शहर में प्रवेश नहीं कर सकता। बुधवार दोपहर साढ़े बारह बजे सीता रोड स्थित कर्मशाला के निकट एक 16 टायरा ट्रक फंस गया। जिससे जाम लग गया। करीब आधा घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। जिससे भीषण गर्मी में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बुधवार की दोपहर साढ़े बारह बजे सीता रोड पर नो-एंट्री में 16 टायरा ट्रक घुस आया। जिससे कर्मशाला के सामने जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। ट्रक के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। भीषण गर्मी में जाम में फंसे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मगर इस बीच कोई भी पुलिस कर्मी व यातायात पुलिस का जवान मौके पर नहीं पहुंचा। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद यातायात सामान्य हो सका।

## पौधरोपण भविष्य के लिए बेहद जरूरी

**बबराला, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। बुधवार को हनुमान गढ़ी मंदिर परिसर में नगर पंचायत की ओर से पौधरोपण किया गया।

चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय और अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी समेत तमाम लोगों ने भी पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण की अलख जगाई। ईओ अमरेश तिवारी ने कहा कि भविष्य के लिए पौधरोपण बेहद जरूरी है। इस दौरान विकास शर्मा, सचिन यादव, पूनम यादव, रामदास, सत्यराम, अनुज, जोसेफ आदि रहे।


बबराला में पौधा लगाते चेयरमैन हर्ष वर्धन।


प्रदर्शनी का उद्घाटन करतीं एएसपी अनुकृति शर्मा। ● अमृत विचार

# कछुओं वाले तालाब पर लगी प्रदर्शनी

संवाददाता, गुन्नौर

● एएसपी दक्षिणी ने पेंटिंग में हिस्सा लेने वाले बच्चों को भेंट किए प्रशस्ति पत्र

**अमृत विचार :** गुन्नौर क्षेत्र के गांव काशीपुर में स्थित कछुओं वाले तालाब के आसपास पौधरोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। पर्यावरण प्रदर्शनी लगाकर लोगों को पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर जागरुक किया गया। बच्चों ने पेंटिंग बना कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा जुनावई विकास खंड के गांव काशीपुर स्थित कछुओं वाले तालाब पर पहुंचीं। यहां आयोजित कार्यक्रम में कछुओं वाले तालाब की सफाई में सहयोग करने वाले ग्रामीणों को सम्मानित किया। पर्यावरण प्रदर्शनी में गांव के स्कूली बच्चों ने हाथों से पर्यावरण संरक्षण को लेकर सुंदर चित्र उकेरे। एएसपी ने पेंटिंग में भाग लेने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र दिए और उनके साथ फोटो भी खिंचवाया। एएसपी ने कहा कि पर्यावरण का अर्थ संपूर्ण प्राकृतिक परिवेश से है, जिसमें हम रहते हैं। उन्होंने लोगों से हरी भरी धरती बनाए रखने के लिए आज से ही काम करना शुरू कर देने का आह्वान किया। उन्होंने ग्रामीणों को सफाई के लिए प्रेरित किया।

बुद्धयो भयं प्रणुदति तपसा विन्दते महत् ।
गुरुशुश्रूषया ज्ञानं शान्तिं योगेन विन्दति ॥

ज्ञान द्वारा मनुष्य का डर दूर होता है ,तप द्वारा उसे ऊंचा पद मिलता है ,गुरु की सेवा द्वारा विद्या प्राप्त होती है तथा योग द्वारा शांति प्राप्त होती है ।

## संपादकीय

# गठबंधन की राजनीति

लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन को बहुमत मिलने के बाद बुधवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के वरिष्ठ नेताओं ने सरकार गठन के मुद्दे पर एक बैठक में मंथन किया। बैठक में नरेंद्र मोदी राजग के नेता चुने गए। चुनाव परिणाम में राजग को बहुमत मिलने के साथ ही नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का मार्ग भी प्रशस्त हो गया था। साथ ही 'इंडिया' गठबंधन की बैठक में सरकार गठन की संभावनाओं और आगे की रणनीति पर चर्चा की गई। अठारहवीं लोकसभा के लिए किसी भी एक दल को स्पष्ट जनादेश नहीं मिला है। चुनाव परिणाम ने संदेश दिया है कि गठबंधन की राजनीति खत्म नहीं हुई है। भारतीय लोकतंत्र की जमीनी सच्चाई देश को गठबंधन की राजनीति की ओर ले जा रही है। यानि एक बार फिर देश में गठबंधन सरकार की वापसी हो रही है। गौरतलब है कि भारत में गठबंधन व्यवस्था राजनीतिक अस्थिरता का प्रमुख कारण रही है। परंतु गत वर्षों में भारत की राजनीति में जो नया मोड़ आया है उसमें गठबंधन की सरकार को नकारा भी नहीं जा सकता। राष्ट्रीय स्तर पर सर्वप्रथम गठबंधन सरकार की शुरुआत 1977 में मोरारजी देसाई के नेतृत्व में जनता पार्टी की सरकार के गठन के साथ मानी जाती है। परंतु जनता पार्टी के घटक दल जनसाधारण के विकास एवं स्वयं के दलीय आधार को सुदृढ़ करने की अपेक्षा गठबंधन के भीतर अपने महत्व को लेकर अधिक संघर्षरत रहे, जिससे जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति नहीं हो सकी। परिणामस्वरूप पार्टी और सत्ता दोनों की अकाल मृत्यु हो गई। 1979,1989, 1990 और 1991, 1996 व 1997 में गठबंधन की सरकार बनी जो कार्यकाल पूरा करने से पूर्व की गिर गईं। कहा जा सकता है कि क्षेत्रीय दलों की भरमार ने देश को राजनैतिक अस्थिरता के दौर में पहुंचा दिया था।

2014 और 2019 के चुनाव में भाजपा को अकेले ही बहुमत हासिल था और आसानी से दस साल तक सरकार चला पाई और अपने एजेंडे को लागू करती रही लेकिन अब गठबंधन की सरकार होगी। चुनावी नतीजे इशारा तो कर रहे हैं कि तीसरी बार भाजपा को सरकार चलाने में उतनी सुविधा नहीं होगी। इसके चलते भाजपा को अपनी प्राथमिकताओं से भी समझौता करना पड़ सकता है, क्योंकि उसे अपने एजेंडे को लागू करने के लिए सहयोगी दलों पर निर्भर रहना होगा। क्षेत्रीय दल स्थानीय मुद्दों को बहुत ही प्रमुख स्थान देते हैं और सरकार की गलत नीतियों एवं मनमानी पर रोक लगाते हैं। मिली-जुली सरकार की सफलता के लिए आवश्यक है कि राजनीतिक दल अहंवादी व्यक्तित्व और अनुशासनहीनता का त्याग कर सार्वजनिक नैतिकता के भाव को ग्रहण करें।

# बचना है तो बचा लो हिमालय



प्रमोद साह
पुलिस उपाधीक्षक चमोली

कोलंबिया के एक अध्ययन दल के प्रोफेसर जोर्ग शैफर का अनुमान है कि सामान्य स्थिति में सदी के अंत तक एक तिहाई हिमालय की बर्फ समाप्त हो जाएगी और बर्फ पिघलने की जो मौजूदा रफ्तार है,उस पर यदि कुछ विशेष नियंत्रण नहीं किया गया तो सदी के अंत तक दो तिहाई बर्फ समाप्त हो जाएगी।

**हिमालय की तलहटी में बसे देहरादून और हल्द्वानी में भी तापमान 43 डिग्री पार कर गया जबकि तराई में यह तापमान 45 डिग्री से ऊपर रहा। अकेले में मई माह में देश में 46 लोगों ने लू के कारण अपनी जान गंवाई। पूरे उत्तर भारत में बढ़ रही गर्मी का मुख्य कारण हिमालय क्षेत्र में ऊंची चोटियों से बर्फ का गायब हो जाना ही है जिसने तापमान में अचानक वृद्धि की है। 1990 के बाद तेजी से फैली उपभोक्ता संस्कृति जो अपने एयर कंडीशन होने पर इतराती थी। उसके भी इस वर्ष गर्मी ने होश ठिकाने लगा दिए हैं। कुल मिलाकर हिमालय की बढ़ती पर्यावरण चिंता और इस चिंता की दिशा में पहला बड़ा कदम वृक्षारोपण ही है,जो पर्यावरण की चतुर्दिक चिंताओं का समाधान करने में सक्षम है। इन तमाम निष्कर्षों से यह बात साबित है कि यदि हमें बचना है तो हमें हिमालय को बचाना होगा।**

पर्यावरण का संकट 21 वीं सदी में मानवता के लिए सबसे बड़ा संकट बनकर उभर रहा है। हालांकि पर्यावरण का यह संकट इससे पहले की सभ्यताओं के आगे भी उनके अस्तित्व का सवाल खड़ा कर चुका है। हम जानते हैं कि हमारी सिंधु घाटी सभ्यता और मिस्र की नील घाटी सभ्यता तथा मेसोपोटामिया की दजला-फरात नदियों की सभ्यता,जो कि ईसा पूर्व लगभग 3000 वर्ष पूर्व अपनी उच्चता के शिखर को प्राप्त थी,जहां आज की नगरीय सभ्यता के समान सभ्यता मौजूद थी। जिसने वहां संसाधनों के अधिक दोहन,वृक्षों के अधिक कटान के परिणाम स्वरूप प्रकृति का संतुलन बिगाड़ा। परिणामस्वरूप बाढ़ आदि कारणों से यह विकसित सभ्यताएं नष्ट हो गई। पर्यावरण के महत्व का यह पहला सबक था।

इसी सबक का परिणाम हुआ सिंधु घाटी सभ्यता के बाद भारत में विकसित वैदिक सभ्यता ने प्रकृति के संरक्षण के लिए प्रकृति को ही अपना देवता बना लिया। भारत ही नहीं पूरी दुनिया ने बीते लगभग ढाई हजार सालों में प्रकृति का संरक्षण कर,अपनी सभ्यताओं का विकास किया। पशुपालन और कृषि सभ्यताओं में पर्यावरण के साथ एक बेहतर ताल-मेल बना रहा,लेकिन औद्योगिक क्रांति के बाद विकास का जो मॉडल सामने आया,रासायनिक गैसों का जो स्राव हुआ, उसने मात्र 100 साल के भीतर ही पर्यावरण का संकट खड़ा कर दिया। 5 जून 1974 को संयुक्त राष्ट्र संघ ने हर वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का संकल्प लिया, ताकि पर्यावरण के प्रति वैश्विक चेतना को विकसित किया जा सके,लेकिन बीते 50 वर्ष में पर्यावरण के वैश्विक हालात दिन पर दिन चिंताजनक होते गए हैं। पर्यावरण पर दो प्रकार का संकट है। एक ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन का जिसका सीधा संबंध औद्योगिक विकास से है और दूसरा पारिस्थितिकी पर मार।

बीते सालों में वैश्विक स्तर पर पर्यावरण के सवाल पर सरकारों के मध्य सहमति भी बनी है। इसमें 1992 में रियो पृथ्वी सम्मेलन, 2015 का पेरिस समझौता जिसे 196 देशों ने स्वीकार किया, यह महत्वपूर्ण है। पेरिस समझौते में ग्रीन हाउस इफेक्ट को प्रभावित करने वाली छह गैसों को प्रतिबंधित किया गया है। पेरिस सम्मेलन में 21 वीं सदी के अंत तक वैश्विक औसत तापमान में 1.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि ही रखने का संकल्प है,लेकिन मौजूदा हालात में जिस तेजी से गर्मी बढ़ती जा रही है, उसमें 2030 से 2050 के मध्य ही 1.5 डिग्री सेल्सियस तापमान में वृद्धि हो जाने के आसार हैं जिसके परिणाम स्वरूप दो मीटर तक समुद्र का जल स्तर बढ़ जाएगा और तटीय क्षेत्र डूबने से संकट में होंगे।

विश्व में पर्यावरण की सबसे बड़ी चिंता हिमालय क्षेत्र में है,क्योंकि हिमालय ही न केवल भारत को,बल्कि दक्षिण पूर्व एशिया की आर्थिक की एवं भूगोल को नियंत्रित करता है। हिमालय जिसमें आंशिक चीन,पाकिस्तान ,अफगानिस्तान, नेपाल,भारत और भूटान सहित छह देशों में लगभग 2100 किलोमीटर लंबाई व 150 से 400 किलोमीटर तक की चौड़ाई वाला हिमालय शामिल है,जो कि 5 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला है और दुनिया का सबसे बड़ा हिम क्षेत्र है। हिमालय में 110 से अधिक चोटियां जिनकी ऊंचाई 7300 मीटर से अधिक है, मौजूद हैं। इन उच्च हिम शिखरों में अभी मानव की पहुंच नहीं है। हिमालय में 15 हजार से अधिक छोटे-बड़े ग्लेशियर हैं।

हिमालय पर पर्यावरण का चौतरफा संकट गहरा रहा है। एक ग्लेशियरों का तेज पिघलना,जंगलों का कटना, मिट्टी का अधिक तेजी से बहना, इन सब कारणों से गर्मी का बेतहाशा बढ़ना। वैज्ञानिकों ने खुलासा किया है कि सदी की शुरुआत से लेकर अब तक हिमालय के ग्लेशियरों के पिघलने की दर दोगुनी हो गई है,पिछले चार दशकों में एक चौथाई से ज्यादा बर्फ पिघल चुकी है। तेजी से बर्फ पिघलने की दर इस क्षेत्र के लिए "विनाशकारी" भविष्य की ओर इशारा करती है,जिस पर एक अरब लोग नियमित पानी के लिए निर्भर हैं।

प्रतिवर्ष 8 लाख घन मीटर बर्फ पिघल रही है जिसकी भरपाई नहीं हो रही है। परिणामस्वरूप प्रतिवर्ष ग्लेशियर की ऊंचाई पांच मीटर कम हो रही है। ग्लेशियरों के पिघलने की जो दर 1975 से 2000 तक 22 सेंटीमीटर प्रतिवर्ष आंकी गई थी,वह 2000 से 2016 के बीच बढ़कर 43 सेंटीमीटर प्रति वर्ष हो गई है। 2000 से 2016 के मध्य औसत तापमान में भी एक डिग्री सेंटीग्रेड की वृद्धि देखी गई। कोलंबिया के एक अध्ययन दल के प्रोफेसर जोर्ग शैफर का अनुमान है कि सामान्य स्थिति में सदी के अंत तक एक तिहाई हिमालय की बर्फ समाप्त हो जाएगी और बर्फ पिघलने की जो मौजूदा रफ्तार है,उस पर यदि कुछ विशेष नियंत्रण नहीं किया गया तो सदी के अंत तक दो तिहाई बर्फ समाप्त हो जाएगी।

हिमालय पर पड़ रहे इस पारिस्थितिकी दबाव के परिणाम स्वरूप हिमालय क्षेत्र में मौजूद 30 लाख झरनों से आधे झरने सूख रहे हैं अथवा मौसमी हो गए हैं जिससे न केवल हिमालय क्षेत्र में,बल्कि संपूर्ण भारत में पेयजल का संकट बढ़ता दिख रहा है। उच्च हिमालय क्षेत्र में बर्फ के पिघलने का सबसे महत्वपूर्ण कारण जंगलों के प्रति हमारी उपेक्षा भी है। वर्ष 2019 में उत्तर-पूर्व के हिमालयी राज्य जिन्हें हम सेवन सिस्टर के नाम से जानते हैं,में 1108 वर्ग किलो मीटर वन क्षेत्र कम हुआ है। वनों के अनियंत्रित दोहन से ग्लेशियरों के साथ ही हिमालय में मिट्टी का क्षरण भी चिंताजनक स्थिति में पहुंच गया है। उत्तराखंड हिमालय में 48.3 प्रतिशत भाग में मिट्टी का कटाव औसत 11.2 टन प्रति हेक्टेयर प्रतिवर्ष से अधिक है। कुल मिलाकर हिमालय पर पर्यावरण का चौतरफा हमला हो रहा है। हिमालय में खतरा बढ़ने के साथ ही दक्षिण पूर्व एशिया में जिसमें भारत भी शामिल है, सामान्य जनजीवन खतरे में पड़ गया है। इस वर्ष देश के आधा दर्जन शहरों में तापमान 50 डिग्री के पार चला गया और देश की राजधानी दिल्ली भी करीब-करीब 50 डिग्री में ही पहुंचकर मानी।

हिमालय की तलहटी में बसे देहरादून और हल्द्वानी में भी तापमान 43 डिग्री पार कर गया जबकि तराई में यह तापमान 45 डिग्री से ऊपर रहा। अकेले में मई माह में देश में 46 लोगों ने लू के कारण अपनी जान गंवाई। पूरे उत्तर भारत में बढ़ रही गर्मी का मुख्य कारण हिमालय क्षेत्र में ऊंची चोटियों से बर्फ का गायब हो जाना ही है जिसने तापमान में अचानक वृद्धि की है। 1990 के बाद तेजी से फैली उपभोक्ता संस्कृति जो अपने एयर कंडीशन होने पर इतराती थी। उसके भी इस वर्ष गर्मी ने होश ठिकाने लगा दिए हैं। कुल मिलाकर हिमालय की बढ़ती पर्यावरण चिंता और इस चिंता की दिशा में पहला बड़ा कदम वृक्षारोपण ही है,जो पर्यावरण की चतुर्दिक चिंताओं का समाधान करने में सक्षम है। इन तमाम निष्कर्षों से यह बात साबित है कि यदि हमें बचना है तो हमें हिमालय को बचाना होगा। आसान उपाय वृक्षारोपण को जीवन पद्धति बना लेना है। इस वर्ष हम चिपको आंदोलन की 50 वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। उत्तराखंड से जन्मे इस ऐतिहासिक आंदोलन ने पूरे विश्व पटल पर पर्यावरण की चेतना का विस्तार किया। हमें उम्मीद है कि हम इस वर्ष फिर पर्यावरण बचाने की दिशा में हम कुछ बड़े कदम उठाएंगे।

## प्रसंगवश

# भाजपा को भारी पड़ी अपनों की उपेक्षा

2024 के परिणाम एक सबक हैं,जो 400 पार का नारा लगा रही थी उस भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिला। हालांकि एनडीए को बहुमत मिल गया है। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में जो भाजपा का महत्वपूर्ण एवं स्थापित गढ़ माना जाता है। उस घर में मोदी का सिर्फ डेढ़ लाख वोटों से जीतना, कई बड़े चेहरों का हारना एवं भाजपा को आधी सीट भी न मिलना चिंता का विषय है। इसको समझने के लिए समग्र परिदृश्य को समझना होगा।

एक समय अन्ना हजारे के नेतृत्व में भ्रष्टाचार विरोध का आंदोलन क्रांति के रूप में पूरे देश ने देखा। उस आंदोलन से निकले अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस से गठबंधन करके दिल्ली के मुख्यमंत्री की शपथ लेकर अपनी पुरानी शपथ को दरकिनार कर दिया। इस पूरे परिदृश्य में एक तरफ कांग्रेस का पतन हो रहा था तो दूसरी तरफ देश में क्रांति की बयार चल रही थी। इसी बीच गुजरात मॉडल से चर्चित हुए नरेंद्र मोदी देश में लोकप्रिय होने लगे। देश में पहली बार भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी। आते ही मोदी ने अपनी कार्यशैली से लोगों के उत्साह को बढ़ाना शुरू कर दिया। उनके समकक्ष उनके ही दल के राजनेताओं के कद उनके सामने बौने होने लगे। विभिन्न प्रदेशों में भाजपा की सरकार बनने लगीं। अटल जी की नैतिकता की नीतियों से इतर यह एक नई भाजपा थी,जो नैतिकता नहीं सत्ता को प्राथमिकता दे रही थी।



अमित त्यागी
वरिष्ठ स्तंभकार

2019 आते-आते भाजपा से उसके मतदाता की अपेक्षा बढ़ने लगी। इस दौरान भाजपा में बाहर से लोग आने शुरू हो चुके थे। यह वह लोग थे जिनको हराकर या जिनसे संघर्ष करके भाजपा का मूल कार्यकर्ता दल को मजबूत करने का आधार बना था। इनके आने से मूल कार्यकर्ता निराश होने लगा। 2014 में गुजरात के अमित शाह को जब उत्तर प्रदेश की कमान दी गई तो उन्होंने अच्छा समन्वय स्थापित करते हुए 73 सीटें दिलवा दी थीं। बाहर के किसी व्यक्ति को किसी प्रदेश की कमान देने का प्रयोग सफल था। इसी तर्ज पर प्रांत और जिले स्तर पर बाहरी व्यक्ति को प्रभारी बनाया जाने लगा। धीरे-धीरे हर कला में पारंगत और आर्थिक संसाधनों से पूर्ण यह वर्ग मूल संगठन में पैठ बनाने लगा। मोदी के प्रथम कार्यकाल में प्रमुख भूमिका निभाने वाले अनेक नेता दूसरे कार्यकाल में चर्चित नहीं दिखे। नितिन गडकरी शांत रहकर अपना कार्य करते रहे। राजनाथ सिंह ज्यादा बयानबाजी करते नहीं दिखे। रविशंकर,स्मृति ईरानी,वसुंधरा राजे, शिवराज चौहान सहित अनेक नेता सिर्फ अपने कार्यों तक सीमित रहे। सुषमा स्वराज, अरुण जेटली, मनोहर पर्रीकर आदि स्वर्ग सिधार गए।

भारत अमेरिकी तर्ज पर पूंजीवाद का बड़ा बाजार बन गया। गूढ़ चिंतन मनन करने वाले लोगों का स्थान सोशल मीडिया और इंस्टाग्राम पर नाचने गाने वाली पीढ़ी ने ले लिया। मीडिया संस्थानों में कारपोरेट का आर्थिक हस्तक्षेप बढ़ने से निष्पक्षता से ज्यादा पक्ष या विपक्ष के प्रवक्ता होने की होड़ लग गई। यह एक नया भारत था जिसमें अब विमर्श का स्थान नहीं था। इसमें वाद विवाद,आरोप प्रत्यारोप और धार्मिक विषयों को मूल विषयों से प्रतिस्थापित कर दिया गया। एक तरफ देश का नेतृत्व अपने विचार को स्थापित करते चला रहा था तो दूसरी तरफ देश का युवा भविष्य चिंतन-मनन से इतर मनोरंजन और बाजार के हाथों खेलने लगा था। अब बाजार में सब कुछ बिक रहा है। सब कुछ उपलब्ध है। पद, पैसा, प्रतिष्ठा सब कुछ प्राप्त हो जाएगा,बस आपके पास धन होना चाहिए। कितने व्यवस्थित तरीके से पिछले दो-तीन दशक में भारत एक बाजार के रूप में स्थापित कर दिया गया।

अब 2024 में नरेंद्र मोदी अपना तीसरा कार्यकाल शुरू करते दिख रहे हैं। इस बार भाजपा नहीं एनडीए पूर्ण बहुमत में है। 400 पार का आंकड़ा बहुत दूर रह गया है। इसकी वजह सिर्फ मोदी नहीं है। मोदी की टीम से जुड़े लोगों का वह अहंकार है जिसका आत्मचिंतन उन्हें करना ही होगा। लक्ष्य से कम सीटों पर,जो मुद्दे बौद्धिक गिनवा रहे हैं वह हैं कि हिंदू जातियों में बंट गया,मुसलमान ने वोट नहीं दिया,विदेशी ताकतों ने खेल किया और गर्मी बहुत थी तो मतदाता बाहर नहीं निकला। जबकि कुछ वास्तविक तथ्य जो इन नतीजों का सत्य हैं वह है टिकट वितरण में आलाकमान का अहंकार,जमीनी सूचना तंत्र के स्थान पर लाभार्थी रिपोर्टरों पर ऐतबार, स्थानीय नेताओं का तिरस्कार, सरकार में हर स्तर पर चाटुकार एवं भ्रष्ट नौकरशाही की बेलगाम रफ्तार है। अपने लोगों की उपेक्षा के कारण विचार परिवार का मौन प्रहार भी एक वजह रही।

# बड़े-बड़े दावों की खुली पोल



कमलेश भारतीय
वरिष्ठ पत्रकार

**उड़ीसा में भाजपा को सफलता मिली और बीजू पटनायक ज्योति बसु का लंबे समय तक मुख्यमंत्री बनने का कीर्तिमान तोड़ने से वंचित रह गए। पंजाब में अकाली दल और भाजपा को पैर रखने की जगह भी नहीं मिली। दो गज जमीन भी न मिली पंजाब में। दिल्ली ने अरविंद केजरीवाल की हवा भी निकाल दी और भाजपा को सिर आखों पर बिठाया। यही जनता है,यही जनता जनार्दन का फैसला है।**

आखिर लोकसभा चुनाव के परिणाम आ गए और देश ने देखा कि एग्जिट पोल और चार सौ पार की पोल खुल गई। बड़े-बड़े नेताओं के बड़े-बड़े बोल धरे के धरे रह गए और जनता ने अपना जनादेश सुना दिया। जिस राम मंदिर में जनवरी में प्राण प्रतिष्ठा कर कांग्रेस को निमंत्रण ठुकरा देने पर कोसा गया,उसी अयोध्या में हार पचाना कोई आसान नहीं। यह हार हजम नहीं होने वाली। उत्तर प्रदेश में यह बहुत बड़ा बदलाव देखने को मिला। सबसे बड़ी बात कि बसपा प्रमुख मायावती का प्रभाव बिल्कुल जीरो पर पहुंच गया।

एक समय मायावती, जयललिता और ममता बनर्जी तीन देवियां बहुचर्चित थीं, लेकिन जयललिता रही नहीं और मायावती दस साल तक जनता के पक्ष में कहीं दिखी नहीं तो जीरो पर आ गईं। बस,एक ममता बनर्जी ने अपनी साख बरकरार रखी और पश्चिमी बंगाल में अकेली ही डटी रहीं और भाजपा के अश्वमेध घोड़े को थाम लिया। उत्तर प्रदेश में कहा जा रहा है कि बसपा का वोट बैंक कांग्रेस व समाजवादी पार्टी की ओर खिसक गया यानी बहन मायावती के पांव के नीचे से जमीन खिसक गई। कांशीराम का संघर्ष बेकार कर दिया।

एक समय जो प्रधानमंत्री पद की दावेदार बन गईं थीं,वही मायावती इस तरह कठपुतली मात्र बनतीं दिखीं जिससे इनके समर्थकों का दिल टूट गया। महाराष्ट्र की बात करें तो जिस अघाड़ी सरकार को गिराया था उसी अघाड़ी सरकार के दलों को लोगों ने चुन लिया। इस तरह सरकारें गिराने का जवाब जनता ने वोट से दिया। ऐसा ही जवाब चंडीगढ़ में भी मिला,वहां भी मेयर चुनाव में जो खेला किया गया था,जनता ने उसे नकारते कांग्रेस के मनीष तिवारी को चुनना बेहतर समझा। हिमाचल में भी जो कांग्रेस के छह विधायक भाजपा के साथ हिमाचल सरकार गिराने गए थे और अयोग्य घोषित कर दिए गए थे,वे भी दोबारा चुनाव में उतरे जिनमें से चार चुनाव हार गए यानी उनको लोगों ने दलबदल की सजा दे दी और इस तरह हिमाचल सरकार को जीवनदान मिल गया। आपातकाल की बड़ी महिमा कर भाजपा ने ऐसे लोगों को सम्मानित भी किया था,जो जेल में रहे थे,लेकिन खुद अघोषित आपातकाल लगाने का खामियाजा भी भुगतना पड़ा इस बार चुनाव में।

यह ईडी, सीबीआई और निर्वाचन आयोग जैसी संस्थाओं को तोते बना देना भी जनता को रास नहीं आया। कांग्रेस का लोकतंत्र बचाओ नारा काम करता दिखा और लोगों ने लोकतंत्र बचाने की कोशिश की,जो चेतावनी जैसा परिणाम आ गया। अब तेलुगु देशम के चंद्रबाबू नायडू और बिहार के सुशासन बाबू यानी नीतीश कुमार के हाथ में सत्ता का संतुलन चला गया है। भाजपा अपने दम पर सरकार नहीं बना रही। अब इसे चंद्रबाबू और नीतीश कुमार के सहारे की कदम-कदम पर जरूरत रहेगी और ये दोनों कभी भी पलटी मारने के लिए जाने जाते हैं यानी एक अनिश्चितता तो सिर पर सवार रहेगी। सबसे बड़ी बात कि वह खुला हाथ नहीं रहेगा शासन में,जो पिछले दस साल तक रहा।

उड़ीसा में भाजपा को सफलता मिली और बीजू पटनायक ज्योति बसु का लंबे समय तक मुख्यमंत्री बनने का कीर्तिमान तोड़ने से वंचित रह गए। पंजाब में अकाली दल और भाजपा को पैर रखने की जगह भी नहीं मिली। दो गज जमीन भी न मिली पंजाब में। दिल्ली ने अरविंद केजरीवाल की हवा भी निकाल दी और भाजपा को सिर आखों पर बिठाया। यही जनता है,यही जनता जनार्दन का फैसला है। कभी आपातकाल के बाद का चुनाव याद कीजिए और सोचिए कि आपातकाल के विरोध में कैसे इंदिरा गांधी और चौ बंसीलाल तक को धरती पर ला दिया था जनता ने, कुछ ऐसा ही अंडर करंट था इस बार,जिसे भाजपा का शीर्ष नेतृत्व भांपने में असफल रहा,वैसे ही जैसे आपातकाल के बाद इंदिरा गांधी अनुमान नहीं लगा पाई थीं। जनता जनार्दन का फैसला, इसके आगे नतमस्तक चाहे इंदिरा गांधी हों या फिर कोई और इसके आगे नतमस्तक होना पड़ता।

## सोशल फोरम

# देश को एक बड़ी राहत मिली

**इस चुनाव नतीजे ने भारत के स्वभाव और संविधान में इस देश की जनता की आस्था को एक बार फिर सामने ला दिया है।**

देश ने चुनाव नतीजों से राहत पाई है,पर स्थानीय लड़ाइयों को भारत की लड़ाई में बदलना अभी बाकी है। यह देश का पहला चुनाव है,जब अभूतपूर्व ढंग से सर्वाधिक लोकसभा सीटें पाने वाले दल का मोरल टूटा हुआ है और अपेक्षाकृत काफी कम सीटें पाने वाले विपक्षी दल का मोरल ऊंचा उठा हुआ है। यह चुनाव फल सांप्रदायिक प्रचार में बह गए हजारों हिंदुओं को यह सोचने के लिए प्रेरित करेगा कि सत्ता के लोभ में धर्म और धार्मिक विद्वेष को राजनीतिक हथियार बनाना। इतिहास पर हमला और गांधी का लगातार अपमान कहां तक उचित है? देश ने एक बड़ी राहत पा ली है, जो जनता में प्रेम,स्वतंत्रता और न्याय की भूख बचे होने का प्रमाण है।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

इस चुनाव नतीजे ने भारत के स्वभाव और संविधान में इस देश की जनता की आस्था को एक बार फिर सामने ला दिया है। फिर भी इस चुनाव फल से यह समझ लेना गलत है कि सांप्रदायिक फासीवाद का खतरा टल गया। पिछले 10 सालों में सामाजिक खाइयां पर्याप्त चौड़ी कर दी गई हैं,विद्वेष का जहर कहीं-कहीं खून में शामिल हो चुका है। यह स्वीकार करना चाहिए कि धार्मिक पागलपन का अंत नहीं हुआ है,वह सिर्फ घायल हुआ है। यदि विपक्ष का गठबंधन अपने मतभेदों से उबरकर एक बड़ी वैचारिक समरसता के साथ,कुछ बड़े राष्ट्रीय कार्यक्रम लेकर और अपने को थोड़ा और सुधार करके सामने नहीं आता तो इस देश की सांस्कृतिक जमीन में पिछले 100 सालों से बोया जा रहा जहर फिर बड़ा असर दिखा सकता है। विपक्ष के गठबंधन को मनबंधन बनना होगा। लोकसभा की 240 सीटों पर जीत को हल्के से नहीं लेना चाहिए। अभी स्थानीय लड़ाइयों को भारत की एक बड़ी लड़ाई में बदलना बाकी है,जो कुछ अधिक दिमागी खुलेपन और अधिक गहरी एकता की मांग करता है।

-फेसबुक वॉल से

# सत्ता की लाठी छीन लेती है आस्था

वर्ष 1350 ईसा पूर्व, मिस्त्र देश में फराओ 'अखनातेन' का शासन काल था। इन्होंने अपने नाम के आगे अपने देवता का नाम सजाया था। 'आतेन' देवता को मानते हुए अखनातेन ने पूर्व काल में जनसामान्य में प्रचलित 'अमूम' नामक देवता के उपासक द्वितीय दर्जे के नागरिक माने जाने लगे। राजा केवल अतेन उपासकों का राजा बना हुआ था। तकरीबन सत्रह साल के अपने शासन काल में उसने धर्म आधारित राज्य चलाने की जबरदस्त कोशिश की। फिर उसके पुत्र का शासन काल आया,जिसे इतिहास तूतेन खामेन के नाम से जानता है।



प्रियदर्शिनी दिव्या भारद्वाज
स्वतंत्र विचारक
उझानी, बदायूं

तूतेन मिस्त्र के सर्वाधिक प्रसिद्ध फराओ में से एक है। इनकी ममी दुनियाभर में शोध का विषय रही है। तूतेन ने पुराने प्रचलित धर्म की पुनर्स्थापना की। प्रचलित सौर देव एमूम अथवा आमेन को पुनः प्रतिष्ठित किया। जनता के मन से धर्म का दबाव हटा दिया। उसे स्वाभाविक जीवन एवं स्वाभाविक परंपरागत अभ्यास करने से न तो रोका गया और न ही राज्य की ओर से प्रेरित किया गया। राज्य अपना काम करता रहा और जनता अपना। तूतेन की कार्यशैली ने उसे आज तक का सबसे महान फराओ बनाया। एक और देश का इतिहास बांच लेते हैं। ब्रिटेन में 1653 से 1658 का काल खंड जब राजा चार्ल्स से दुखी जनता को ओलिवर क्रोमवेल में अपना नेता दिखाई दिया। ये समय इंग्लैंड में प्यूरिटन काल कहलाया। प्यूरिटन जो प्योर अर्थात् शुद्ध माने जाते थे। ये सब विशुद्ध धार्मिक लोग थे। किसी भी साज श्रृंगार, काव्य, रसमय अभिव्यक्ति के पुरजोर विरोधी थे। इनके समय में नाटक और साहित्य अभिव्यक्ति के माध्यम हुआ करते थे,जिन पर राज्य का कठोर अंकुश था। जनता मनोरंजन के साधनों का प्रयोग नहीं कर सकती थी।

ओलिवर की मृत्यु के बाद उनके बेटे रिचर्ड ने शासन संभाला जिन्हें सत्ता से बेदखल कर दिया गया। वह भी ओलिवर के पूर्व जनरल मोनक के द्वारा। 1660 में वही सरकार जिससे सब नाखुश थे रोयलिस्ट चार्ल्स की सत्ता आ गई। धर्म की रफ्तार हल्की पड़ गई। मानवीय आकांक्षा ये धर्म पर भारी साबित हुई। ओलिवर के शव को जो सालों पहले हीरो की तरह दफनाया गया था,कब्र से निकाल कर चौराहे पर लटका कर उसके सिर को धड़ से अलग किया गया। धर्म के प्रति ये कैसी अनासक्ति प्रकट हो गई? आज जब राम की नगरी की सीट की खबर सुनी तो बरबस ही बहुत सारे देशों का इतिहास दिमाग में उछलने लगा। आस्था,सत्ता पर हावी होती है पर जब-जब सत्ता आस्था की लकीर पीटती है। आस्था सत्ता की लाठी छीन लेती है। धर्म केवल धर्म के लिए हो सकता है,चुनाव के लिए मुद्दे पुराने ही चलेंगे।

# चुनावों के निहितार्थ

राजनीति चंचल होती है। यहां स्थायित्व नहीं होता। हार-जीत चुनावी राजनीति का अहम हिस्सा है। यही लोकतंत्र को प्राणवान और जीवंत बनाता है। सियासी दलों और नेताओं को लोकप्रियता,विश्वसनीयता और स्वीकार्यता घटती- बढ़ती रहती है। एक बार जनता का विश्वास खोने वाला दल अथवा नेता अगली बार पुनः जनता का विश्वास और समर्थन प्राप्त कर सकता है। सियासत में विश्वसनीयता स्थायी भाव नहीं होता है। इसके उलट तटस्थता, निष्पक्षता और जनपक्षधरता पत्रकारिता के बुनियादी तत्व हैं। यदि एक बार पत्रकारिता की विश्वसनीयता संदिग्ध हो गई उसे दुबारा पाना मुश्किल होता है।



प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

2024 के लोकसभा के चुनाव परिणाम आ गए हैं। इन चुनावों में किसी राजनीतिक दल की स्वीकार्यता कुछ बढ़ी,किसी की थोड़ी बहुत घटी। जिन सियासी दलों की घटी,उनकी अगले चुनाव में बढ़ सकती है। जिनकी बढ़ी, संभव है कि अगले चुनाव में कम हो जाए,लेकिन पत्रकारिता के पेशे की विश्वसनीयता को पहुंची क्षति की भरपाई संभव नहीं है। पत्रकारिता के लिहाज से इस चुनाव का परिणाम यह है कि तथाकथित मुख्यधारा के खबरिया चैनलों की विश्वसनीयता रसातल में पहुंच गई। सुखद पक्ष यह है कि मुख्यधारा के खबरिया चैनलों के बरअक्स सोशल मीडिया की विश्वसनीयता एवं लोकप्रियता में कई गुना उछाल आया है। आने वाला वक्त सोशल मीडिया का है।

# नष्ट होते जंगल

हाल में उत्तराखंड में जंगलों की आग भारी चिंता का विषय है। अखबारों की खबरों के अनुसार सुप्रीम कोर्ट का मानना था कि जंगल की आग बुझाने का रवैया उदासीन है,जिन अग्निशमन कर्मचारियों को इस काम में लगाना था,उनकी चुनाव में ड्यूटी लगा दी गई सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड सरकार के मुख्य राज्य सचिव को तुरंत कोर्ट में हाजिर होकर स्पष्टीकरण देने को कहा है,सुप्रीम कोर्ट ने यह भी जानना चाहा कि चुनाव आयोग की विशिष्ट छूट के बाद भी वन विभाग के कर्मियों की चुनाव में ड्यूटी कैसे लगा दी गई? उल्लेखनीय है कि अब से दो महीने पहले सुप्रीम कोर्ट उत्तराखंड में जिम कार्बेट पार्क में पेड़ों के कटान और अवैध खनन मामले में तल्ख टिप्पणी कर चुका है। अब जब 40 प्रतिशत वन क्षेत्र आग की चपेट में है तो इसे बचाने के लिए जिम्मेदार और भविष्य में आग की घटनाओं को रोकने और जंगलों को बचाने के लिए क्या सुप्रीम कोर्ट सख्त कदम उठाने के मूड में है या जंगल यों ही काटे जाते रहेंगे? निरंतर कम होता जा रहा वन क्षेत्र पर्यावरण चिंता का विषय बना हुआ है। पृथ्वी पर मौजूद पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से 46 प्रतिशत पेड़ समाप्त किए जा चुके है,420 बिलियन हेक्टेयर वन क्षेत्र ही धरती पर शेष हैं। हमारे देश में राष्ट्रीय वन क्षेत्र नीति के अनुसार 33.3 प्रतिशतभी भाग पर वन होने चाहिए,किंतु मात्र 19.5 प्रतिशत भाग पर ही वन रह गए हैं,जो एक गंभीर बात है। वनों की अंधाधुंध कटाई को रोका जाना और उन्हें आग से बचाया जाना बहुत जरूरी है अन्यथा पृथ्वी के बढ़ते तापमान को रोकना,पर्यावरण को और वन जीवों को बचाना नामुमकिन हो जाएगा। पर्यावरण को बचाना भी हम सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

## एक नजर

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**अमरोहा, अमृत विचार :** गांव केशवपुर में ट्रेन से कटकर युवक की मौत हो गई। मामला थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के गांव केशवपुर का है। दरअसल बुधवार दोपहर यहां के निवासी शिवम पुत्र अशोक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। जानकारी पर मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई। वहीं सूचना के बाद पहुंची थाना देहात पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस पर रखवा दिया। मौके पर पहुंचे परिजनों में शव को देखकर कोहराम मच गया। थाना प्रभारी प्रेमपाल सिंह ने बताया कि ट्रेन से कटकर युवक की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

### सड़कों की हालत सुधरेगी

**रामपुर, अमृत विचार :** लोक निर्माण विभाग द्वारा जिले की 100 सड़कों की हालत आचार संहिता हटने के बाद सुधारी जाएगी। मालगोदाम, मिलक में चंद्रकला, स्वार-दढ़ियाल, मुरादाबाद-टांडा, बिलासपुर, रायजादा, सुल्तानपुर से बिजारखाता, टांडा के मरघटी, पिपलिया मेहतो, सैफनी चंदरपुर कला, पंजाबनगर और जौलपुर की सड़कों की हालत काफी खस्ता है। यहां के लोगों की मांग पर विभागीय अधिकारियों ने सड़कों की हालत सुधारने की सुध ली है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली से भिड़ी रोडवेज बस, परिचालक की मौत

## उत्तराखंड से दिल्ली जा रही थी बस, पेपर मिल के पास हुआ हादसा

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचारः** नैनीताल हाईवे स्थित पेपर मिल के पास उत्तराखंड डिपो की रोडवेज बस और लकड़ी से भरी ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बस के परिचालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 15 से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।



हादसे के बाद एंबुलेंस में बैठे घायल। ● अमृत विचार



क्षतिग्रस्त बस। ● अमृत विचार

उत्तराखंड के लालकुआं शहर के मोहल्ला किवाड़ीनगर निवासी महेश सिंह रोडवेज बस के चालक हैं। मंगलवार रात वह बस में सवारियां भरकर दिल्ली के लिए रवाना हुए थे। इस बीच रास्ते में रात्रि साढ़े 12 बजे नैनीताल हाईवे स्थित पेपर मिल के निकट रोडवेज बस की ट्रैक्टर-ट्रॉली से भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बस के परखच्चे उड़ गए। बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। चीख पुकार सुनकर दुर्घटना स्थल पर ग्रामीणों व राहगीरों की भीड़ जुट गई। सूचना के बाद प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह, ईसानगर चौकी प्रभारी राजीव त्रिपाठी भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। उन्हें एंबुलेंस से उपचार के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवायाॉ। गंभीर घायल बस के परिचालक ने उपचार के लिए लेकर जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक परिचालक मनीष कुमार मिश्रा पुत्र प्रमोद कुमार मिश्रा निवासी मोहल्ला इन्द्रानगर पश्चिम उजालानगर हल्द्वानी उत्तराखंड का रहने वाला था। इसके अलावा इस हादसे में 15 से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी और जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। घायल यात्री उपचार के बाद गंतव्य को रवाना हो गए। बस में 24 यात्री सवार थे।



मनीष मिश्रा।



अस्पताल में भर्ती घायल।



अस्पताल में उपचार कराता घायल।

### बिना रिफ्लेक्टर लगी दौड़ रहीं ट्रॉलियां

स्थानीय तहसील में हाईवे से लेकर ग्रामीण मार्गों तक पर बिना रिफ्लेक्टर के तेज रफ्तार से ट्रालियां दौड़ रहीं हैं। जिसकी वजह से हादसों की संख्या में इजाफा होता जा रहा है। शासन और जिला प्रशासन ने पूर्व में अधिकारियों को रिफ्लेक्टर लगवाए जाने के लिए निर्देशित किया था। मगर इसके बावजूद भी अधिकारी आंख मूंद कर बैठे रहे और बिना रिफ्लेक्टर के दौड़ने वाली इस ट्राली ने एक बड़े हादसे को अंजाम दे दिया। शासन द्वारा रिफ्लेक्टर को लेकर दिए गए आदेश की चर्चा जोरों पर है।

### ओवरलोड वाहनों पर नहीं लग रहा अंकुश

नैनीताल हाईवे पर ओवरलोड वाहनों के दौड़ने का क्रम बना हुआ है। दिन हो या रात, ओवरलोड वाहन हाईवे पर दौड़ते हुए नजर आ जाएंगे। हादसे के समय ट्रैक्टर ट्राली में भी ओवरलोड लकड़ी भरी हुई थी, जोकि बड़े हादसे का सबब बनी। इसके अलावा खनन के ओवरलोड वाहन भी आए दिन किसी न किसी को हादसे का शिकार बनाते रहतें हैं।

## सार-संक्षेप



हसनपुर में पौधरोपण करते पालिका अध्यक्ष। ● अमृत विचार

### नगर पालिका में किया पौधरोपण

**हसनपुर, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर पालिका अध्यक्ष एवं स्टाफ द्वारा पौधरोपण किया। बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर विभिन्न सरकारी कार्यालयों एवं सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से पौधरोपण किया गया। पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी एवं अधिशासी अधिकारी प्रदीप नारायण दीक्षित ने पालिका प्रांगण में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर दिनेश कुमार, मनि कुमार, करन सिंह, दीपक अग्रवाल, विनय शर्मा, मोहम्मद शारिक, ज्योति गर्ग आदि मौजूद रहे।



मंडी धनौरा में पौधरोपण करते पालिका अध्यक्ष। ● अमृत विचार

### प्रदूषण मुक्त पर्यावरण के लिए पौधरोपण जरूरी

**मंडी धनौरा,अमृत विचार :** बुधवार को पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने सभासदों के साथ नगर के चौधरी चरण सिंह पार्क में पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को पर्यावरण के प्रति सचेत करते हुए एक-एक पौधे लगाने की बात कही। पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि मौसम में हो रहे परिवर्तन एवं प्रदूषण के चलते भीषण गर्मी आदि से हरे भरे पेड़ ही निजात दिला सकते हैं। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी अरुण कुमार, उमेश कुमार, सोनू बाबू, सभासद नौशाद मंसूरी, अरुण दीक्षित सहित आदि पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

### चेयरपर्सन व ईओ ने किया पौधरोपण

**गजरौला, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर पालिका परिषद गजरौला की ओर से कूड़ा प्रसंस्करण केन्द्र पर निर्मित वेस्ट टू वन्डर पार्क में चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा व ईओ शालिनी गुप्ता द्वारा पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता प्रभारी आदेश अग्रवाल, लिपिक वेदप्रकाश, इरशाद खां, अजय कुमार, ललित कुमार, वंदना अग्रवाल, रविन्द्र, अक्षय शुक्ला, वंशिक शेखर, शुभम सिंघल, कपिल भटनागर, नदीम, कपिल कुमार, गौरव, रामपाल कयास, सुमित, राखी, नीतू रहे।

### रमाबाई महाविद्यालय में पौधरोपण किया

**गजरौला, अमृत विचार :** नगर के रमाबाई आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण का संकल्प लिया। प्राचार्य डॉ. इन्द्रदेव सिंह ने पौधों की महत्ता बताई। पर्यावरण समिति की अध्यक्षा डॉ. रीना रस्तौगी व राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रभारी डॉ. श्वेता अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। इस दौरान रासेयो विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण से संदर्भित गीत व कविताएं प्रस्तुत करके सबको जागरूक किया और ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते प्रभाव को कम करने का संकल्प लिया।



लोगों को शर्बत पिलाते ईओ व अन्य। ● अमृत विचार

### भीषण गर्मी में लोगों को पिलाया शर्बत

**नगीना, अमृत विचार :** बुधवार को नगर पालिका की ओर से शिविर लगाकर राहगीरों को शर्बत पिलाया गया। भीषण गर्मी में राहगीरों ने शर्बत पीकर राहत महसूस की। इस अवसर पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी संदीप सक्सेना, मुख्य लिपिक मदनपाल सिंह व पालिका के सभासद कपिल पवार, गोपाल शर्मा, बृजमोहन उर्फ बाली, रोहित विश्नोईतथा कर्मचारी मौजूद रहे।

### शिविर लगाकर लोगों को शर्बत पिलाया

**नहटौर, अमृत विचार :** भीषण गर्मी के चलते समाजसेवी ग्रुप टीम ने शिविर लगाकर राहगीरों को शर्बत पिलाया। भीषण गर्मी को देखते हुए समाजसेवी ग्रुप ने यूनियन बैंक के पास शिविर लगाकर शर्बत पिलाया। गर्मी से परेशान लोगों ने शर्बत पीकर राहत की सास ली। इस मौके पर हिंदू ब्लड बैंक सेवा जिला अध्यक्ष मेहबूब शेख, इरशाद अहमद, शाहबाज, जावेद अंसारी, सादिक, विमल, दिलदार, जावेद सिद्दकी आदि मौजूद रहे।



पौधरोपण करते डीएफओ वन्दना सिंह व वन विभाग की टीम ।

### पौधरोपण से स्वस्थ रहेगा पर्यावरण

**बढ़ापुर, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर साहूवाला व बढ़ापुर वन रेंज के गांवों में पौधरोपण कर लोगों को वनों का महत्व में बताते हुए वनों की रक्षा की शपथ दिलाई। 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर नजीबाबाद वन प्रभाग की साहूवाला एवं बढ़ापुर वन रेंज में पौधरोपण किया गया। इसके साथ वन विभाग द्वारा लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से वनों की सुरक्षा और वनों के महत्व के बारे में बताया। साहूवाला वन रेंज में डीएफओ वंदना सिंह द्वारा स्कूली छात्र छात्राओं के लिये चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमें बढ़ापुर चेयरमेन डॉ. दिलशाद अंसारी सहित सभासद दानिश कुरैशी व अन्य लोग मौजूद रहे। चित्रकला से बच्चों को वनों के महत्व के बारे में बताया, साथ ही चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को टिफिन और ट्राफी उपहार स्वरूप दी गई। चेयरमेन डॉ. दिलशाद अंसारी व डीएफओ वंदना सिंह ने पौधरोपण किया। इसके अलावा डीएफओ ने कांशीवाला नर्सरी का निरीक्षण भी किया। वहीं, दूसरी और बढ़ापुर में रेंजर जितेंद्र कुमार द्वारा रेंज के अंतर्गत आने वाले ग्राम रामजीवाला में ग्राम प्रधान मोहम्मद अख्तर की मौजूदगी में ग्रामीणों के साथ गोष्ठी की। ग्रामीणों को वनों के महत्व के बारे में बताते हुए पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए उद्देश्य से पौधरोपण किया गया। इस मौके पर ग्रामीण से कई प्रजातियों के पौधों का रोपण कराया, साथ ही वनों में साफ सफाई कराई गई। इस अवसर पर रामजीवाला के सैकड़ों ग्रामीणों सहित बढ़ापुर वन रेंज की टीम मौजूद रही।

# डूंगरपुर के एक मामले में आज भी होगी बहस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में बुधवार को बचाव पक्ष ने बहस की। लेकिन पूरी नहीं हो सकी। अब गुरुवार को भी बहस होगी।

गंज थाना क्षेत्र के डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने को लेकर वर्ष 2019 में काफी मुकदमे दर्ज हुए थे। ये सभी मामले बस्ती में रहने वाले लोगों की ओर से दर्ज कराए गए थे। इसमें घरों में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज, डकैती और आपराधिक षड्यंत्र रचने के आरोप में ठेकेदार बरकत अली, रिटायर्ड सीओ आले हसन के अलावा सपा नेता आजम खां को आपराधिक षड्यंत्र रचने का आरोपी बनाया गया था। आरोप था कि पूर्व मंत्री आजम खां के इशारे पर अन्य आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया था। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि बुधवार को बचाव पक्ष की बहस हुई। लेकिन यह बहस पूरी नहीं हो सकी है।

### लेखपाल ने शत्रु संपत्ति केस में दर्ज कराए बयान

**रामपुर, अमृत विचार :** शत्रु संपत्ति कब्जाने के मामले में बुधवार को एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट में लेखपाल ने बयान दर्ज कराए। अब इस मामले में 25 जून को सुनवाई होगी। सपा नेता आजम खां के खिलाफ वर्ष 2019 में कई मुकदमे दर्ज हुए थे। इनमें शत्रु संपत्ति कब्जाने का भी मामला शामिल है। इसमें शत्रु संपत्ति को कब्जाने का आरोप लगा था। इस मामले में बुधवार को कोर्ट में लेखपाल ने बयान दर्ज कराए।

## युवक के साथ किशोरी फरार, दो पक्षों में तनाव

**स्वार, अमृत विचारः** प्रेम प्रसंग के चलते किशोरी को दूसरे समुदाय का युवक अपने रिश्तेदारों की मदद से बहला-फुसलाकर भगा ले गया। जिससे गांव में तनाव व्याप्त है।

कोतवाली के गांव निवासी किशोरी का दूसरे समुदाय के युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। किशोरी के परिजनों को प्रेम प्रसंग का पता चला तो उन्होंने किशोरी पर पाबंदी लगा दी। लेकिन दोनों परिजनों से छिपकर मिलते रहे। आरोप है कि दो दिन पूर्व किशोरी को युवक परिजनों एवं रिश्तेदारों की मदद से भगा ले गया। किशोरी के पिता ने मुख्य आरोपी समेत आठ लोगों को नामजद कर तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सूरज, राजकुमार, मेजर, संजय, अंकित, चंचल, जिला मुरादाबाद के थाना भोजपुर के गांव खईया खददार निवासी शक्तिमान, हरपाल पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# आजम खां मुरादाबाद व रामपुर के नहीं, देश के नेता : रुचि वीरा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** मुरादाबाद की सांसद रुचि वीरा बुधवार को सपा नेता आजम खां के घर शहर के मोहल्ला घेर मीरबाज खां टंकी नंबर पांच पहुंचीं। यहां उन्होंने आजम खां की पत्नी डॉ. तजीन फात्मा से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों के सवाल पर कहा कि आजम खां देश के नेता हैं।

मंगलवार को लोकसभा चुनाव की मतगणना हुई थी। इसमें मुरादबाद से सपा प्रत्याशी रुचि वीरा ने 1,05,762 वोटों के अंतर से जीत हासिल की है। इसके बाद रुचि वीरा बुधवार दोपहर अपने समर्थकों के साथ सपा नेता आजम खां के घर पहुंचीं। उन्होंने डॉ. तजीन फात्मा से मुलाकात की और उनकी तबीयत के बारे में जाना। पत्रकारों के सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि हम लोग बहुत सालों से आजम खां से जुड़े हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ-साथ आजम खां का मुझे टिकट दिलवाने में योगदान है। इसलिए मैं उनके परिवार से मिलकर उनका शुक्रिया अदा करने आई हूं।



रामपुर में पत्रकारों से रूबरू होतीं मुरादाबाद की सांसद रुचि वीरा।

## किसान ने प्रशासन से मांगी आत्महत्या की अनुमति

**मिलक, अमृत विचारः** भूमि विवाद के चलते किसान ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर आत्महत्या की अनुमति मांगी है। क्षेत्र के मोहम्मद नगर नानकार निवासी लालता प्रसाद गंगवार ने जिलाधिकारी को भेजे पत्र में लिखा है कि क्षेत्र के बिलासपुर रोड स्थित सिमरा मोड़ पर उनकी जमीन है। उसके विवाद से तंग आ चुका है और आत्महत्या करना चाहता है।

नरखेड़ा गांव निवासी एक व्यक्ति ने गाटा संख्या 127 में उसकी गाटा संख्या 124 व सरकारी जमीन की गाटा संख्या 125 में अवैध कब्जा कर दुकानों का निर्माण कर लिया है। जब भी वह निर्माण का विरोध करता है तो झगड़े पर आमादा हो जाता है। झूठे केस में फंसाने की धमकी देता है। जिलाधिकारी को भेजे पत्र में कहा है कि दो दिन में समाधान नहीं हुआ तो वह जिलाधिकारी कार्यालय के सामने आत्महत्या कर लेगा।



# पौधरोपण करने से सुरक्षित हो सकेगा मानव जीवन : डीएम

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर इंदिरा पार्क में जिलाधिकारी ने हरीशंकरी के पौधों का रोपण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि पौधरोपण से मानव जीवन सुरक्षित रहेगा। इसके साथ नंदनवन में भी प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग ने पौधरोपण किया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर मनोज कुमार, ज्ञान सिंह उप प्रभागीय वनाधिकारी, अंशुमान मित्तल, उप प्रभागीय वनाधिकारी नजीबाबाद महेश चंद्र गौतम, रेंज अधिकारी बिजनौर, सौरभ कुमार, संजय राणा, रुचि चौधरी वन दरोगा अन्य रेंज एवं मुख्यालय स्टाफ, पीपी फाउंडेशन, एनसीसीएन, एसएस कैडेट्स, प्रधानाध्यापक राजकीय इंटर कालेज, डीएवी इंटर कॉलेज आदि मौजूद रहे। इस मौके पर जिलाधिकारी एवं प्रभागीय निदेशक ने अधिक से अधिक पौधरोपण करने व उनकी देखभाल की आमजन से अपेक्षा की। जिलाधिकारी ने इंदिरा पार्क में विकास कार्यों का निरीक्षण भी किया एवं विभाग द्वारा कराए कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए कुछ अन्य कार्य कराए जाने हेतु भी निर्देशित किया। इस अवसर पर पिलखन, कंजी, अमरुद, पीपल, बरगद, अशोक आदि के पौधों का रोपण किया गया।

वहीं, **नहटौर** में बुधवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र पर खंड शिक्षा अधिकारी योगेश कुमार शर्मा ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखने में वृक्षों का अहम योगदान होता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम दो दीर्घजीवी पोधों को लगाकर उनकी देखभाल करनी चाहिए।

इस मौके पर आम, नीम, गुलमोहर, अशोक, बरगद, जामुन, पीपल आदि के 20 पौधे लगाए गए। इस मौके पर आफताब अहमद, विनय कुमार, प्रदीप कुमार, शकील अहमद, विपिन कुमार, संदीप कुमार, कमलवीर सिंह, प्रमोद कुमार, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।



पौधरोपण करते जिलाधिकारी व वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार



पौधरोपण करते सामाजिक कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### पौधरोपण कर पर्यावरण को बचाने का आह्वान

**नगीना, अमृत विचार :** मोहल्ला विश्नोई सराय में नवीन विश्नोई मंदिर कमेटी की महिला मंडली ने विश्नोई मंदिर के परिसर में बुधवार सुबह पूजन-हवन करके प्रसाद वितरित किया। इसके पश्चात विश्व पर्यावरण दिवस पर नवीन बिश्नोई मंदिर कमेटी व दिव्य सेवा संस्थान के कार्यकर्ताओं ने नवीन शिक्षा सदन, गुरु जंभेश्वर उद्यान व नगीना हरेवली मार्ग पर नीम, पीपल व बरगद के पौधे रोपित किए गए। कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार विश्नोई ने सभी से अधिक से अधिक पौधे रोपित करके उनका संरक्षण करने की अपील की। जिससे लोग ग्लोबल वार्मिंग से बच सकें और आने वाली पीढ़ी के लिए सुरक्षित वातावरण का निर्माण कर सकें। इस अवसर पर नवीन विश्व मंदिर कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार विश्नोई , दिव्य सेवा संस्थान के प्रबंधक संजय शर्मा के साथ अतुल विश्नोई, मनजीत विश्नोई, अवधेश विश्नोई, अनिल शर्मा, सुनील विश्नोई, सचिन विश्नोई आदि रहे।

## नाबालिग के सोशल मीडिया से नहीं हटे फोटो

**बढ़ापुर, अमृत विचार :** मोहल्ला निवासी महिला की नाबालिग पुत्री के फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड करने की महिला द्वारा शिकायत कर गई थी। मामले में बढ़ापुर पुलिस ने महिला के घर पहुंच कर फैसला लिखवा लिया। परन्तु अभी तक सोशल मीडिया से नाबालिग के फोटो नहीं हटने से परिवार आहत है।

मोहल्ला निवासी महिला ने मंगलवार को थाना बढ़ापुर में लिखित शिकायत दी थी कि उसके पड़ोस के रहने वाले उजेफा व फैज नामक दो युवकों ने सोशल मीडिया पर उसकी नाबालिग पुत्री के फोटो अपलोड कर दिए। मंगलवार देर शाम महिला शिकायत लेकर जब थाना बढ़ापुर पहुंची थी। पुलिस ने बुधवार को पीड़ित महिला के घर पहुंचकर उसकी पुत्री से फैसला लिखवा लिया, साथ ही फोटो सोशल मीडिया से उसके फोटो हटवाने का आश्वासन दिया। जब पुत्री के फोटो डिलीट नहीं हुए तो महिला ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से गुहार लगाने की बात कही।

# प्रदेश में 37 सीटें जीतने पर सपाइयों ने जताई खुशी

संवाददाता, नहटौर

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव में 37 सीटें जीतकर प्रदेश की सबसे बड़ी व देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरने पर खुशी जताई।

बुधवार को समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव व तराई किसान संगठन के राष्ट्रीय महासचिव सरदार सुरेंद्र सिंह फलौदिया के आवास पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता व तराई किसान संगठन के सदस्यों ने मिठाई खिलाकर खुशी जताई। इस दौरान सुरेंद्र सिंह फलौदिया ने कहा कि वर्तमान चुनाव में इंडिया गठबंधन ने लोगों का विश्वास जीता है। परिणाम स्वरूप इंडिया गठबंधन से जुड़े सभी दलों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। यूपी में समाजवादी पार्टी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। वहीं कांग्रेस का प्रदर्शन भी पिछले चुनावों की अपेक्षा बेहतर रहा है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की जीत किसान, मजदूर, दलित शोषित, युवा व अल्पसंख्यकों की जीत है। उन्होंने कहा कि जनता ने भाजपा को नकार दिया है। सपा 37 सीटें जीतकर प्रदेश में सबसे बड़ी व देश में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। इस अवसर पर सरदार लखविंदर सिंह, सरदार सोमपाल सिंह, सरदार जसवीर सिंह, गुरमीत सिंह, युवराज सिंह, बबलू कुमार, चौधरी भीम सिंह, राजीव कुमार, काजी जमाल नासिर, नौशाद अहमद, चौधरी बॉबी कुमार, सरदार उदयराज सिंह, रईस अहमद आदि उपस्थित रहे।

## घर में घुसकर बच्चे को पीटा, हाथ टूटा

**नहटौर, अमृत विचार :** मोहल्ला तीरग्रान में होटल के बाहर बालक से मारपीट करने के बाद आरोपियों ने दोबारा से बालक के घर पहुंचने पर उसके साथ मारपीट करते हुए उसका हाथ तोड़ दिया गया। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है।

मोहल्ला तीरग्रान का रहने वाला बालक अयान होटल के बाहर खड़ा था। एक युवक ने बालक से मजाक करनी शुरू कर दी। बालक के जबाव देने पर युवक ने उसके साथ मारपीट की। जब बालक मारपीट की घटना बताने अपने घर गया तो आरोपी ने घर में घुसकर दोबारा से मारपीट की। इस दौरान बालक को बचाने आई उसकी मां व बहन के साथ भी मारपीट की गई। मारपीट में बालक का हाथ टूट गया। मामले में पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई है।

# ओमकुमार के चुनाव हारने के बाद कार्यकर्ताओं की उपेक्षा बनी मुद्दा

- भाजपा प्रत्याशी के हारने पर सोशल मीडिया पर हो रही चर्चा
- 2019 में मिले मतों तक भी नहीं पहुंच पाए ओम कुमार

संवाददाता, नहटौर

**अमृत विचार :** नगीना लोकसभा चुनाव में नहटौर विधानसभा के भाजपा विधायक के हारने की समीक्षा खुद भाजपाई सोशल मीडिया पर करते हुए नजर आ रहे हैं। अब पार्टी कार्यकर्ताओं की उपेक्षा पर सबसे ज्यादा बहस हो रही है। खासकर छोटे कार्यकर्ताओं को तरजीह न दिया जाना भी हार का कारण माना जा रहा है। भाजपा प्रत्याशी रहे ओम कुमार वर्ष 2019 में भाजपा के यशवंत सिंह को मिले मतों के आंकड़ों को भी नहीं छू पाए।

नहटौर विधानसभा के विधायक ओमकुमार को भाजपा ने नगीना लोकसभा से प्रत्याशी बनाया था। करीब 1 लाख 51 हजार मतों से वह आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर आजाद से चुनाव हार गए। वर्ष 2019 में भाजपा के यशवंत सिंह को नगीना लोकसभा से चार लाख से ऊपर मत मिले थे। वर्ष 2024 के चुनाव में ओमकुमार इस आंकड़े को भी नहीं छू पाए। वह करीब 3 लाख 61 हजार वोटरो में सिमट कर रह गए। दलित वोटरों को अपने पाले में लाने के गणित में वह पूरी तरह से फेल हो गए। दलितों ने उन्हें पूरी तरह से नकार दिया। अब भाजपा विधायक ओमकुमार के लोकसभा चुनाव हारने पर सोशल मीडिया पर खूब चर्चा हो रही है। खुद भाजपाई कार्यकर्ताओं की उपेक्षा को हार का सबसे बड़ा कारण मान रहे हैं। छोटे कार्यकर्ताओं की अनदेखी को लेकर हार ठीकरा फोड़ा जा रहा है। उनकी खुद की नहटौर विधानसभा में इतने कम मत मिलने पर भी बहस हो रही है।



नहटौर विधायक ओम कुमार।

## आरक्षण के मुद्दे पर चुप्पी बन गई आत्मघाती

- कांग्रेस और सपा जहां चुनाव अभियान में जोर शोर से यह प्रचार करने में लगी थीं कि भाजपा 400 पार इसलिए चाहती है, ताकि संविधान को बदला और आरक्षण को खत्म किया जा सके। लेकिन आरक्षण और संविधान के मुद्दे पर सबसे आगे रहने वाली बसपा ने इस मुद्दे पर चुप्पी साधे रखी। इससे दलित वोट बैंक में यह संदेश गया कि शायद मायावती अब बहुजन आंदोलन से दूर हो गयी हैं।

अमृत विचार
मुरादाबाद, गुरुवार, 6 जून 2024
www.amritvichar.com

### यूपी की जमीनी हकीकत भांप नहीं पाई पार्टी तो बंगाल में मतदाता का मिजाज समझने में फिर कर बैठी चूक


# यूपी, बंगाल, महाराष्ट्र और राजस्थान ने किया भाजपा की उम्मीदों का बंटाधार

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश में सपा मुखिया अखिलेश यादव की अगुवाई में इंडिया गठबंधन तो पश्चिम बंगाल में टीएमसी अध्यक्ष मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा को लोकसभा चुनाव में बहुमत के आंकड़े से रोक दिया। इन दोनों राज्यों के चुनाव परिणाम भाजपा के लिए हैरत भरे रहे। यूपी में जहां भाजपा जमीनी हकीकत नहीं भांप पाई तो बंगाल में ममता के जादू की काट खोजने में एक बार फिर विफल रही। इन दो राज्यों के बाद महाराष्ट्र और राजस्थान में मिला झटका भाजपा के सामने तमाम सवाल छोड़ गया है।

भाजपा को सबसे बड़ा झटका उत्तर प्रदेश में लगा। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को प्रदेश में 64 सीटों पर जीत मिली थी। इनमें 62 सीटें भाजपा के खाते में आई थीं। इस बार एनडीए को 36 सीटें मिली हैं, जिनमें भाजपा की संख्या 33 है। इस तरह प्रदेश में भाजपा की सीटें लगभग आधी रह गई हैं। इसके मुकाबले इस बार सपा का वोट शेयर 18 फीसदी से बढ़कर 33.5 फीसदी पर पहुंच गया। उसने प्रदेश में अब तक की सबसे ज्यादा 37 सीटें हासिल कर लीं। यूपी में इंडिया गठबंधन के पास 43 फीसदी वोट शेयर होने से एनडीए जिसके पास भी लगभग इतना ही वोट शेयर था, के साथ कांटे की टक्कर रही। पिछली बार 2019 के चुनाव सपा-बसपा गठबंधन का वोट शेयर 37.3 फीसदी था, जो एनडीए के लगभग 50 प्रतिशत से काफी पीछे था। इंडिया गठबंधन के वोट शेयर में बड़ा उछाल आने का कारण प्रत्याशियों का चयन और युवाओं की नाराजगी माना जा रहा है।

### सपा प्रमुख अखिलेश यादव और टीएमसी अध्यक्ष मुख्यमंत्री ममता ने झटका देकर रोक दी बहुमत के आंकड़े की राह



### उत्तर प्रदेश के आंकड़े

एनडीए : 2019

| दल | सीट | वोट प्रतिशत |
|---|---|---|
| भाजपा | 62 | 49.97 |
| अपना दल | 02 | 1.21 |

एनडीए : 2024

| दल | सीट | वोट प्रतिशत |
|---|---|---|
| भाजपा | 33 | 41.37 |
| अपना दल | 01 | 0.92 |

### सपा-बसपा : 2019

| दल | सीट | वोट प्रतिशत |
|---|---|---|
| सपा | 05 | 18.11 |
| बसपा | 10 | 19.42 |
| रालोद | 00 | 1.6 |

### इंडिया गठबंधन : 2024

| दल | सीट | वोट प्रतिशत |
|---|---|---|
| सपा | 37 | 33.59 |
| कांग्रेस | 06 | 9.46 |

### पश्चिम बंगाल में भाजपा के वोट 2 प्रतिशत घटे, टीएमसी के इतने ही बढ़े

- 42 सीटों वाले पश्चिम बंगाल में साल 2019 में 18 सीटें जीतने वाली भाजपा को इस बार 12 सीटों से संतोष करना पड़ा। टीएमसी को 29 सीटों पर जीत मिली। एक सीट कांग्रेस ने जीती। पश्चिम बंगाल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे ज्यादा सीटें जीतने का दावा किया था, भाजपा नेताओं ने 25 से ज्यादा सीटें जीतने की हुंकार भरी थी। इसके लिए संदेशखाली और भ्रष्टाचार के मुद्दे को भाजपा ने पूरे चुनावी अभियान में सबसे बड़ा मुद्दा बनाया। लेकिन परिणामों में यह रणनीति धराशायी नजर आई। संदेशखाली में आने वाली बशीरहाट की सीट टीएमसी ने भारी अंतर से जीत ला। राज्य में मोदी फैक्टर से बड़ा निकला ममता बनर्जी फैक्टर। टीएमसी की भारी सफलता के पीछे महिला और मुस्लिम वोटर ने बड़ा रोल निभाया। राज्य में टीएमसी का मत प्रतिशत इस बार 45.77 रहा, जो 2019 में प्राप्त 43.7 प्रतिशत वोटों से दो फीसदी अधिक है। इसी के चलते पार्टी ने 2019 के लोकसभा चुनावों की तुलना में सात सीटें और जीत लीं। इससे पहले 2019 के चुनाव में भी टीएमसी का वोट प्रतिशत 4.64 बढ़ा था, तब भाजपा ने 18 सीटें जीती थीं और उसके वोट में 22.2 प्रतिशत की जबरदस्त बढ़ोतरी दर्ज की गयी थी। लेकिन इस बार भाजपा के मत प्रतिशत में दो फीसदी से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। भाजपा को इस बार 38.73 प्रतिशत वोट मिले हैं जबकि 2019 में पार्टी को 40.6 प्रतिशत वोट मिले थे। इसके चलते भाजपा को छह सीटों का नुकसान उठाना पड़ा।

- महिलाएं और मुस्लिम मतदाता बने टीएमसी की बड़ी जीत के आधार, संदेशखाली और भ्रष्टाचार का मुद्दा रहा बेअसर





सचिन पायलट।

### राजस्थान में हैट्रिक चूकी 9.16 फीसदी गिरे भाजपा के वोट

राजस्थान में जहां पिछली बार एनडीए ने सभी 25 सीटों पर जीत हासिल की थी। भाजपा को 24 सीटें मिली थीं। एक सीट आरएलपी के खाते में गई थी। लेकिन इस बार भाजपा को राज्य में 14 सीटों पर ही जीत मिली है। इसके मुकाबले इंडिया गठबंधन के खाते में 11 सीटें चली गईं, जिनमें 8 सीटें कांग्रेस की हैं। कांग्रेस का दस साल बाद राज्य में खाता खुला, पिछले दो चुनाव से भाजपा राजस्थान में क्लीन स्वीप कर रही थी। इस बार कांग्रेस ने सचिन पायलट को आगे करके प्रत्याशी चयन में जाट, गूर्जर और मीणा वोट बैंक को अपनी तरफ मोड़ने का प्रयास किया था। छह माह पहले विधान सभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करने वाली भाजपा का राज्य में वोट शेयर 9.16 प्रतिशत गिर गया, जबकि कांग्रेस का वोट शेयर 8.22 प्रतिशत बढ़ गया। 2019 में भाजपा ने राज्य में 60 फीसदी वोट हासिल किए थे।



दिल्ली में आयोजित एनडीए की बैठक में शामिल होने पहुंचे एलजेपी रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान ने पूर्व गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। अमृत विचार



इंडिया गठबंधन की दिल्ली में आयोजित बैठक में शामिल होने पहुंचे राजद नेता एवं बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने साथी नेताओं का अभिवादन किया।

# वोट शेयर और सीटों के खेल में भाजपा कई राज्यों में हो गई फेल

चुनाव डेस्क

- तमिलनाडु में 11.2 प्रतिशत वोट पाकर भी खाता नहीं खुला, महाराष्ट्र में डेढ़ फीसदी वोट कम होने से 14 सीटों की लगी चपत
- पंजाब में 2019 से दोगुने वोट पाकर भी गठबंधन नहीं होने के कारण पार्टी रह गई खाली हाथ, पिछली बार की दो सीटें भी गंवाई

**अमृत विचार।** तमिलनाडु में भाजपा का वोट शेयर 2019 के चुनाव में 3.6 प्रतिशत था, जो इस बार बढ़कर इस बार 11.2 प्रतिशत पर पहुंच गया, लेकिन इससे उसकी सीटों की संख्या में कोई इजाफा नहीं हुआ। पार्टी खाता तक नहीं खोल पाई। इसी तरह पंजाब में भाजपा का पिछली बार वोट शेयर 9.6 फीसदी से बढ़कर इस बार के चुनाव में 18.6 प्रतिशत हो गया, लेकिन किसी दल से गठबंधन नहीं होने की वजह से यह आंकड़ा सीट जीतने के लिए पर्याप्त नहीं था। इस कारण भाजपा को 2019 में जीती गई अपनी दो सीटें भी गंवानी पड़ीं। बिहार में भाजपा का वोट प्रतिशत पिछली बार के 23.6 प्रतिशत के मुकाबले करीब तीन प्रतिशत गिरकर 20.5 पर पहुंच गया। इस वजह से उसे 5 सीटें गंवानी पड़ गईं, जबकि पश्चिम बंगाल में महज 1.6 प्रतिशत की गिरावट की वजह से उसकी छह सीटें कम हो गईं। वोट प्रतिशत और सीटों के आंकड़े में सबसे ज्यादा उलझाव महाराष्ट्र में नजर आया। यहां भाजपा की हिस्सेदारी पिछली बार के 27.6 प्रतिशत से सिर्फ 1.4 प्रतिशत गिरकर 26.2 प्रतिशत पर पहुंचने से भाजपा को पिछली बार की आधी से भी कम सीटें ही मिल सकीं।

### कर्नाटक में 0.63 % वोट कम रहने से कांग्रेस ने गंवाई 8 सीटें

भाजपा – 46.06 – 17 सीट
कांग्रेस – 45.43 - 09 सीट

### हरियाणा में 2.44 वोट का अंतर पर सीटें मिलीं बराबर

भाजपा – 46.11 – 05 सीट
कांग्रेस – 43.67 - 05 सीट

### राजस्थान में 11.33 वोट कम पाकर कांग्रेस ने झटक लीं 8 सीटें

भाजपा – 49.24 – 14 सीट
कांग्रेस – 37.91 - 08 सीट

## आसपास-उत्तराखण्ड

# हंगामे के आरोपी पूर्व विधायक और सपा प्रत्याशी अदालत से दोषमुक्त

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- विधानसभा चुनाव की मतगणना के दिन 9 मार्च को मंडी समिति के बाहर किया था हंगामा

**अमृत विचार :** विधानसभा चुनाव की मतगणना के दिन मंडी समिति के गेट पर हंगामा करने और अधिकारियों की गाड़ियों को रोककर जबरन गेट खोलने के मामले में दो सपा प्रत्याशी समेत छह लोगों को नामजद करते हुए 200-250 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। एमपी, एमएलए कोर्ट ने बुधवार को सभी आरोपियों को दोषमुक्त करार दिया।

विवेचना में लापरवाही के चलते विवेचक के खिलाफ विभागीय जांच का आदेश दिया है। एसएसपी, आइजी और डीजीपी अभियोजक, लखनऊ को निर्णय की कॉपी भेजी जाएगी।

2022 में विधानसभा चुनाव की मतगणना के दिन शहर की मंडी समिति के बाहर हंगामा हुआ था। अधिकारियों की गाड़ियां रोककर चेक करने की कोशिश की थी। बिसौली के तत्कालीन एसडीएम के वाहन चालक श्यामवीर ने 9 मार्च को कोतवाली सिविल लाइन पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंडी समिति के मुख्य गेट पर 200 से 250 लोगों ने रोक लिया। जबरन गाड़ी का दरवाजा खोलने लगे। गाली-गलौज भी की। सपा से बिसौली सीट से प्रत्याशी आशुतोष मौर्य, शेखूपुर से प्रत्याशी हिमांशु यादव, कैप्टन अर्जुन सिंह, सपा जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक आशीष यादव, रचित गुप्ता, काजी रिजवान समेत 200-250 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने 11 अक्टूबर 2022 को आरोप पत्र दाखिल किया। मामला विशेष न्यायालय एमपी, एमएलए के न्यायाधीश की अदालत में विचाराधीन था।

# विवि परीक्षा में समय से पहले गोपनीय पत्र जारी करने का शक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षा में कुछ महाविद्यालयों में समय से पहले गोपनीय पत्र जारी करने की शिकायतें मिली हैं। इससे प्रश्नपत्र लीक होने की आशंका है। विश्वविद्यालय के सचल दल इस मामले में गोपनीय छापेमारी भी कर रहे हैं। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों और नोडल केंद्रों के प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि समय से ही गोपनीय पत्र जारी किए जाएं, नहीं तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

विश्वविद्यालय के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिजनौर के कुछ परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शुरू होने से निर्धारित 30 मिनट की समय सीमा से पहले प्रश्नपत्र खोले जा रहे हैं। इससे पेपर लीक होने की भी आशंका है।

### पीएचडी कोर्स वर्क के फार्म भरने की तिथि बढ़ी

**बरेली, अमृत विचार :** रुविवि ने पीएचडी कोर्स वर्क मुख्य परीक्षा के संस्थागत और बैक परीक्षा के फार्म भरने की तिथि बढ़ा दी है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक परीक्षा फार्म 25 मई तक ऑनलाइन भरे गए थे। शोध निदेशक के अनुरोध पर 6 से 10 जून तक ऑनलाइन फार्म भरने की तिथि बढ़ा दी है।

### चारा काट रही युवती को मगरमच्छ ने किया घायल

**खटीमा, अमृत विचार :** महोलिया में सिंचाई नहर के किनारे चारा काटने गई युवती पर मगरमच्छ ने हमला कर घायल कर दिया। बुधवार को महोलिया निवासी नरेंद्र सिंह राणा की पत्नी बबली राणा गांव की महिलाओं के साथ पशुओं के लिए चारा लेने महोलिया स्थित सिंचाई नहर के किनारे गई थी। वह सिंचाई नहर में चारा काट रही थी कि झाड़ियों में बैठे मगरमच्छ ने हमला कर बायां पैर पकड़ लिया। चीख पुकार पर साथ गई महिलाओं ने बमुश्किल मगरमच्छ से बबली का पैर छुड़ाया।

# बर्खास्त सीआरपीएफ जवान को पुनः ड्यूटी दिलाने के नाम पर ठगा

संवाददाता, बाजपुर

- नामजद आरोपी को पुलिस ने किया बरेली से गिरफ्तार

**अमृत विचार :** बर्खास्त सीआरपीएफ जवान को पुनः ड्यूटी दिलवाने के नाम पर 32 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। नामजद आरोपी को कोर्ट से जारी वारंट के बाद पुलिस ने बरेली से गिरफ्तार कर लिया है।

ग्राम नंदपुर नरकाटोपा निवासी नीतू अग्रवाल पत्नी राजेश अग्रवाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसका भाई सीआरपीएफ में तैनात था। 21 अप्रैल 2021 को ड्यूटी पर सीनियर कमांडर से अभद्रता करने के चलते 30 नवंबर 2021 को उसे बर्खास्त कर दिया था। अचानक भाई के दोस्त संतोष राम का फोन आया, उसने कहा कि मैं तुम्हारे भाई को दुबारा ड्यूटी दिलवा दूंगा, लेकिन इसमें करीब 25 लाख रुपये का खर्चा आएगा। इसमें पहले एक लाख रुपये नकद लिए। उसके बाद फिर 2 लाख रुपये नकद लिए और ऐसा करते-करते 200 बार अपने खाते 32 लाख रुपये डलवा लिए। इसी टेंशन में उसके भाई आदेश कुमार की मौत भी हो गई। संतोष राम द्वारा अब पैसे नहीं लौटाए जा रहे हैं।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 420 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर लिया था। तफ्तीश के दौरान बैंक मैनेजर के बयानों के आधार पर आरोपी संतोष राम निवासी बराओं पोस्ट बराओं थाना नोखा जिला रोहतास बिहार के विरुद्ध अपराध साबित हुआ। पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध होने के बाद आरोपी को विवेचना में सहयोग करने के लिए कहा गया तथा धारा 41 (क) सीआरपीसी के नोटिस देने की बात कही, परंतु वह मुकदमे से बचता रहा। 4 जून को उसे बरेली बाइपास चौक से गिरफ्तार कर लिया गया।

# तेज हवा के बाद गिरे ओले, बारिश हुई

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बुधवार को शहर में अपरान्ह तक गर्मी रही, लेकिन शाम को मौसम एकाएक बदल गया। तेज हवाओं के साथ आसमान में बादल छा गए। ओले पड़े और बारिश भी हुई। शाम के समय ठंडी हवाएं चलने से लोगों को गर्मी से राहत मिली।

हल्द्वानी में सुबह से ही मौसम साफ रहा। मौसम साफ रहने की वजह से धूप भी तेज रही। दोपहर के समय तेज गर्मी पड़ी और हल्की गर्म हवाएं भी चलीं। अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26.1 डिग्री सेल्सियस रहा। शाम करीब साढ़े पांच बजे मौसम में बदलाव होने लगा। तेज हवा चलने लगी राहगीरों का सड़क पर चलना मुश्किल हो गया। कुछ देर बाद ठंडी सड़क, दमुवाढूंगा, मल्ली बमौरी, पॉलीशीट आदि क्षेत्रों में थोड़ी देर तक ओले गिरे। उसके बाद बारिश शुरू हो गई।

# बेरोजगारों को नौकरी का झांसा देकर हड़पी लाखों की रकम

संवाददाता, रुद्रपुर

- मार्केटिंग के नाम पर युवकों को बुलाया
- बेरोजगारों ने एसएसपी को सौंपा पत्र

**अमृत विचार :** यूपी संभल के रहने वाले बेरोजगार युवकों ने एक युवक पर नौकरी का झांसा देकर लाखों रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़ित युवकों ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

ग्राम भिरावती संभल के रहने वाले नेक पाल ने बताया कि वह नौकरी की तैयारी कर रहा है। इसी दौरान गांव के ही एक युवक ने उसे मार्केटिंग में नौकरी दिलाने की बात कही और बताया कि आठ घंटे की ड्यूटी करने पर 18 हजार रुपये सैलरी मिलेगी।

इसे सुनकर गांव के कुछ युवक भी तैयार हो गए। आरोप था कि युवक ने रजिस्ट्रेशन के नाम पर सभी बेरोजगारों से 54 हजार के हिसाब से 2.70 लाख का भुगतान करवा लिया और रुद्रपुर लाकर एक कमरे में रहने खाने की व्यवस्था कर दी। बताया कि छह माह तक 18 हजार, छह माह बाद 50 हजार और एक साल बाद एक लाख रुपये सैलरी मिलेगी। आरोप था कि दो माह काम करने के बाद कोई सैलरी नहीं दी और पैसा भी वापस नहीं किया, जबकि शैक्षिक वास्तविक दस्तावेज भी नहीं लौटाए।

इस कारण कई भर्तियों में वह प्रतिभाग करने में वंचित रह गए। आरोप था कि कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई की। जिस पर पीड़ित युवकों ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India / Medical Council Of India / Dental Council of India / Pharmacy Council of India / Indian Nursing Council / Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council / Association of Indian Universities / Uttar Pradesh State Medical Faculty
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा – डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा – डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

## आचार संहिता खत्म होते ही शुरू होगी साइबर थानों में भर्ती

**लखनऊ, अमृत विचार :** बड़े पैमाने पर साइबर अपराध से जूझ रहा पुलिस विभाग जल्द ही थानों पर कार्मिकों की भर्ती करने जा रहा है। चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई थी। हालांकि विभाग ने बाकी संसाधनों को थानों तक पहुंचाने की प्रक्रिया पूरी कर ली है। प्रदेश में पुलिस विभाग ने 57 थाने स्थापित कर दिए हैं। इन थानों पर लगभग सभी संसाधन पहुंचाएं जा चुके हैं। सिर्फ कार्मिकों की तैनाती होनी बाकी थी। इसके लिए गृह विभाग ने कार्मिकों की भर्ती का आदेश दिया था, लेकिन इसी बीच चुनाव आचार संहिता लागू हो गई। कुल 1425 पदों पर पुलिस कार्मिकों की भर्ती होनी थी, लेकिन गृह विभाग ने चुनाव होने तक रोक लगा दी। अब जल्द ही भर्ती प्रक्रिया शुरू करने का विचार किया जा रहा है। ताकि जल्द स जल्द थानों का कार्य संचालन हो सके। साइबर थानों की पूरी रूपरेखा तैयार कर ली गई है। जिन जिलों में अभी थाने नहीं खुल पाए हैं वहां पर पुलिस लाइनों में जगह चिन्हित कर थाने तैयार करने के आदेश दिए गए हैं।

# देखते ही गोली मार दी जाएगी जैसी भाषा का प्रयोग उचित नहीं

## सैन्य संस्थानों को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने की टिप्पणी

विधि संवाददाता,प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भारतीय वायुसेना स्टेशन में घुसपैठ के आरोपी नेपाली नागरिक को जमानत पर रिहा करते हुए अपनी महत्वपूर्ण टिप्पणी में कहा कि सुरक्षा के उद्देश्य से सशस्त्र बलों के परिसर में अतिक्रमणकारियों को प्रवेश की अनुमति नहीं है, लेकिन 'देखते ही गोली मार दी जाएगी' जैसी भाषा का इस्तेमाल कानून की दृष्टि में उचित नहीं है। विशेषकर जब सशस्त्र बलों की स्थापना सार्वजनिक स्थान पर हो, जहां आमजनता विशेषकर बच्चे आते-जाते रहते हों। इस तरह के शब्दों का बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ता है, इसलिए केंद्र सरकार को इस तरह के शब्दों को लिखने में सावधानी बरतनी चाहिए।

कोर्ट ने इस बात से सहमति जताई कि हर किसी को रक्षा परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए, लेकिन अतिक्रमणकारियों को गोली



मार दी जाएगी और देखते ही गोली मार दी जाएगी जैसे संदेशों के बजाय हल्के शब्दों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव की एकलपीठ ने इस साल फरवरी में नशे की हालत में अवैध रूप से वायुसेना स्टेशन में प्रवेश कर गए नेपाली नागरिक एतबीर लिंबू को सशर्त जमानत देते हुए की।

याची के खिलाफ आईपीसी और शासकीय गोपनीयता अधिनियम, 1923 की धाराओं के तहत थाना पुरामुफ्ती, प्रयागराज में मामला दर्ज कराया गया था। याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि आवेदक गरीब परिवार से है और नौकरी के उद्देश्य से भारत आया है। घटना वाले दिन नशे की हालत में वह मनौरी वायुसेना स्टेशन में प्रवेश कर गया।

हिंदी का ज्ञान न होने और पहचान पत्र खो जाने के कारण वहां तैनात सैनिकों को अपना ठीक से परिचय नहीं दे पाया। याची के अधिवक्ता ने आगे बताया कि परिसर में प्रवेश करने का उसका कोई गलत इरादा नहीं था। याची के पास कोई आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई है, फिर भी सभी पहलुओं पर विचार किए बिना जांच अधिकारी ने याची के खिलाफ आरोप-पत्र जारी कर दिया। इस पर कोर्ट ने सरकार से रक्षा भूमि पर अवैध घुसपैठ, अतिक्रमण और अनाधिकृत पहुंच को रोकने के लिए उठाए गए उपाय की जानकारी मांगी थी, जवाब में वायुसेना ने अपने हलफनामे में कोर्ट को बताया पठानकोट एयरबेस और उरी आर्मी बेस पर आतंकवादी हमले के बाद रक्षा प्रतिष्ठानों/स्टेशनों की भौतिक सुरक्षा बढ़ाने के लिए अनेक उपाय किए गए हैं।

## मेरठ में स्वीमिंग पूल पर युवक की हत्या हमलावर फरार

**मेरठ, एजेंसी :** जिले के लोहियानगर क्षेत्र के एक स्वीमिंग पूल पर युवक की गोली मार कर हत्या कर दी गई। गोली चलते ही स्वीमिंग पूल पर नहाने आये लोगों में भगदड़ मच गई। वारदात के बाद आरोपी हमलावर मौके से फरार हो गये। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने मंगलवार रात हुई इस घटना के बारे में बुधवार को बताया कि मृतक का नाम अरशद (30) है। जैदी फार्म निवासी अरशद थाना नौचंदी क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर था और उस पर 18 मुकदमे दर्ज थे। लोहियानगर क्षेत्र के एक स्वीमिंग पूल पूल में नहाने के दौरान अरशद का बिलाल नाम के युवक के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के चलते बिलाल ने गोली चला दी जिससे अरशद की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि आरोपी हमलावर बिलाल पर भी हत्या और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर आरोपों में मुकदमे दर्ज हैं। मृतक के परिजनों की तरफ से हमलावर के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

## ग्रीन वॉल का बुरा हाल



हरियाली है धरा का भूषण, करती है ये दूर प्रदूषण... पर नगर निगम को इससे वास्ता नहीं। कानपुर के लाल इमली चौराहे पर वर्ष 2022 में नगर निगम ने वायु प्रदूषण कम करने के लिए यह ग्रीन वॉल बनाई थी जिसमें छोटे-छोटे गमले लगाकर पौधे लगाए गए थे। पर्यावरण दिवस पर इनकी हालत देख लीजिए। हरियाली कब की खत्म हो चुकी और सूखे पौधे नगर निगम की सक्रियता की पोल खोल रहे हैं। **फोटो - मनोज तिवारी**

## हत्या के दोषी तीन सगे भाइयों समेत पांच को उम्रकैद


**बलिया, एजेंसी :** यहां की एक अदालत ने हत्या के चार वर्ष पुराने एक मामले में बुधवार को तीन सगे भाइयों समेत पांच लोगों को उम्रकैद की सजा सुनायी। पुलिस अधीक्षक देव रंजन वर्मा ने बताया कि हल्दी थाना क्षेत्र के जवही दियर गांव में सात सितम्बर 2020 को शिव जी यादव नामक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। घटना के समय शिव अपनी पत्नी के साथ दवा लेने के लिए जा रहा था। इस मामले में शिव की पत्नी राज मुनी देवी की तहरीर पर तीन सगे भाइयों लाल जी यादव, छागुर यादव और सरल यादव के साथ-साथ अजय यादव और उसके पिता छोटक यादव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। अदालत ने सभी आरोपियों को हत्या का दोषी करार देते हुए उन्हें सजा सुनायी।

## फिर बढ़ी बिजली की मांग, 29 हजार मेगावाट का आंकड़ा पार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में भीषण गर्मी के कारण बिजली की मांग फिर बढ़ गई। बुधवार को अधिकतम बिजली मांग 29,344 मेगावाट दर्ज हुई। एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आपूर्ति लेकर स्थिति काबू में की गई। जबकि स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश में बिजली संकट बना रहा।

बीते दिन तापमान में कुछ कमी आने के कारण मांग में कुछ कमी आ गई थी। अधिकतम बिजली मांग 28,456 मेगावाट दर्ज हुई थी, पर मांग फिर अचानक बढ़ गई। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार मांग बढ़ने पर एनर्जी एक्सचेंज से आयात बढ़ाकर मांग पूरी की गई। आने वाले दिनों में मांग के और बढ़ने की संभावना को लेकर



तैयारी शुरू हो गई है। बीते एक जून को बिजली की अधिकतम मांग का रिकॉर्ड टूट गया था। बिजली की अधिकतम मांग 29,727 मेगावाट पर पहुंच गई थी। इससे पहले 29 मई को बिजली की अधिकतम मांग को 29,077 मेगावाट दर्ज हुई थी। कॉरपोरेशन के अधिकारियों का कहना है कि तापमान में कभी कमी व बढ़ोतरी हो रही है। इस कारण बिजली की मांग भी घट-बढ़ रही है। भारी मांग के कारण 30 हजार मेगावाट तक मांग के पहुंचने की संभावना को लेकर पूरी तैयारी की गई है।

# अब पंचायतें ऑनलाइन भरेंगी बिजली का बिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायतें सरकारी संपत्तियों में बिना बिल जमा किए बिजली नहीं जला पाएंगी। बिल नहीं मिले या फिर गड़बड़ मिले यह प्रधान व सचिव का बहाना नहीं चलेगा। जो भी बकायेदारी है वह पारदर्शिता के साथ ऑनलाइन जमा की जाएगी।

इस तरह से प्रदेश की 57,754 ग्राम पंचायत पर करीब 22 अरब की बकायेदारी बताई जा रही है। इसे वसूलने के लिए बिजली विभाग ने पंचायती राज विभाग के साथ खर्च बिजली का आकलन किया है। साथ ही ब्लॉकों के विभागीय पोर्टल पंचायती राज डेवलपमेंट (पीडीए) पर लाखों रुपये के बिल अपलोड किए हैं। जिनका खंड विकास अधिकारी संबंधित ग्राम पंचायतों के सचिवों से सत्यापन कराकर ऑनलाइन जमा करेंगे। यदि बिल में गड़बड़ी होगी तो उसमें विभाग सुधार करेगा। बिजली विभाग ने सभी ग्राम पंचायतों को लॉगिन आईडी व पासवर्ड दिए हैं। इसी आईडी पर हर माह बिल आएंगे और इसी से जमा होंगे।

### नहीं कर पाएंगे बिजली चोरी, लेंगे कनेक्शन

ग्राम पंचायतों की ज्यादातर सरकारी संपत्तियों पर बिजली कनेक्शन नहीं हैं। जहां कनेक्शन हैं तो वहां मीटर खराब हैं। चोरी से बिजली भी जलाई जाती है और ऑफलाइन व्यवस्था के तहत बिजली बिल का पता नहीं चलता है। इसे रोकने के लिए बिजली विभाग के आग्रह पर पंचायती राज विभाग ने ऐसी संपत्तियों का सर्वे कराया कर रिपोर्ट जुटाई है। जहां बिजली कनेक्शन दिए जाएंगे और मीटर ठीक किए जाएंगे।

## नदी में डूबने से तीन भाइयों की मौत

**रानीगंज(प्रतापगढ़), अमृत विचार :** सई नदी में नहाने गए बुधवार को दो सगे व एक मौसेरे भाइयों समेत तीन किशोरों की मौत हो गई। लालगंज क्षेत्र के अजगरा रानीगंज, बहुंचरा गांव निवासी सीमा दुबे, आदर्श दुबे(14) व आदित्य दुबे (12) के साथ अपने मायके रानीगंज के मऊ डंडियां गांव संजय कुमार तिवारी के घर दोनों बेटों के साथ सोमवार को आई थी। वहीं किशुनगंज कांपा निवासी 16 वर्षीय शिवा पांडेय भी मां संगीता पांडेय के साथ मंगलवार को नाना के घर गर्मी की छुट्टी बिताने आया था। दोपहर में आदर्श अपने भाई आदित्य और मौसी के बेटे शिवा पांडेय के साथ बाग में घूमने निकले। इसके बाद तीनों नहाने लगे। नहाते समय तीनों गहरे पानी में चले गए। डूबने से दो सगे भाई सहित तीनों किशोरों की मौत हो गई। दोपहर करीब तीन बजे घाट पर दोनों भाई आदर्श व आदित्य का शव पानी में उतराता दिखाई दिया। कुछ दूरी पर शिवा पांडेय का भी शव मिल गया।

# पति की मृत्यु के बाद उत्तराधिकारी के रूप में माता-पिता को वैवाहिक विवादों में कार्यवाही का अधिकार

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वैवाहिक विवादों में पति की मृत्यु के बाद विधिक उत्तराधिकारी के प्रश्न पर विचार करते हुए कहा कि पति की मृत्यु के बाद हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 11 के तहत विवाह को शून्य घोषित करने के लिए दाखिल किए गए आवेदन की कार्यवाही को आगे बढ़ाने का अधिकार सीपीसी के आदेश के अनुसार माता-पिता को है।



उक्त अधिनियम की धारा 11 के तहत पारिवारिक न्यायालय के समक्ष लंबित कार्यवाही को आगे बढ़ाने के लिए माता-पिता को मृतक के कानूनी प्रतिनिधि के रूप में प्रतिस्थापित करने के प्रश्न पर कोर्ट ने माना कि वैवाहिक मामलों में संपत्ति के अधिकार भी शामिल होते हैं, जहां एक पक्ष द्वारा विवाह को शुरू से ही शून्य घोषित करने की मांग की जाती है। ऐसे में मृतक के कानूनी प्रतिनिधि के रूप में माता-पिता को प्रतिस्थापित किया जा सकता है और कार्यवाही को आगे बढ़ाया जा सकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति विवेक कुमार बिड़ला और न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी की खंडपीठ ने शताक्षी मिश्रा की प्रथम अपील को खारिज करते हुए पारित किया, जिसमें अपीलकर्ता ने अपर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, कानपुर नगर द्वारा पारित आदेश को चुनौती दी थी और उसने बतौर विधिक उत्तराधिकारी मृतक के माता-पिता द्वारा विवाह को शून्य घोषित करने की कार्यवाही को आगे बढ़ाने का विरोध किया था।


## वर्ग पहेली-92

**बाएं से दाएं**

1. 1. परदेश, दूसरा देश, पराया देश 2. स्वदेश से भिन्न कोई दूसरा देश।
2. 1. संवर्धन, पालन-पोषण 2. समर्थन।
4. 1. वह राजकीय अधिकारी जिसे फ़ौजदारी या आपराधिक अभियोगों को सुनने और विचार करने तथा अपराधियों को दंड देने का अधिकार होता है 2. न्यायाधीश, (मजिस्ट्रेट)।
6. अपमान, बेइज़्ज़ती, तिरस्कार, अनादर, अप्रतिष्ठा।
7. 1. पूंजीवाद तथा यथास्थितिवाद का विरोधी व्यक्ति, (लेफ़्टिस्ट) 2. साम्यवादी विचारधारा वाला व्यक्ति, (कम्यूनिस्ट)।

**ऊपर से नीचे**

2. जिसका संस्कार हुआ हो।
3. गुंडागर्दी, गुंडाराज।
5. दादूदयाल नामक संत द्वारा चलाए हुए पंथ या संप्रदाय का अनुयायी।



### वर्ग पहेली -91 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | दी | खा | | 2 नि | | |
| थि | | | 3 पे | शा | चि | 4 क |
| मा | | | | च | | च |
| 5 स | रे | बा | ज़ा | र | | पें |
| | | | | | | दि |
| | | | | 6 प | नि | या |
| 7 सं | सू | च | क | | | |

## मुख्यमंत्री ने जन्म दिन पर किया पौधरोपण



**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्म दिन बुधवार को मनाया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास पर पौधरोपण किया। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत भाजपा नेताओं ने उन्हें बधाई दी। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स के जरिये कहा कि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश की प्रगति और गरीबों-वंचितों को सशक्त बनाने के लिए काम कर रहे हैं।

# 300 करोड़ का भुगतान, फिर भी गरीब बच्चे प्रवेश को परेशान

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

- शिक्षा के अधिकार अधिनियम की धज्जियां उड़ा रहे प्राइवेट स्कूल

**अमृत विचार :** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत गरीब बच्चों के लिए सरकार की ओर से पिछले सत्र का करीब 300 करोड़ रुपये फीस भुगतान किया जा चुका है। उसके बाद भी शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए चयनित 50 प्रतिशत बच्चों का प्रवेश लेने में निजी स्कूल आनाकानी कर रहे हैं। जहां प्रवेश लिए जा रहे हैं वहां किसी न किसी मद में भुगतान के लिए दबाव बनाया जा रहा है।

आरटीई अधिनियम कहता है कि फीस प्रतिपूर्ति का पैसा सरकार देती है ऐसे में कोई शुल्क निजी स्कूल अभिभावकों से नहीं ले सकते हैं। कई बार बच्चे का साल न बर्बाद हो इस डर से एडमिशन फीस अभिभावक चुका भी देते हैं फिर भी किसी न किसी मद में अवैध धन उगाही जारी है।

हालात ये हैं कि गर्मियों की छुट्टियां समाप्त होने वाली हैं और आरटीई के तीन चरणों की लाटरी खुल चुकी है लेकिन 50 प्रतिशत गरीब बच्चों को प्रवेश निजी स्कूलों ने नहीं दिया है। मनमानी के चलते पिछले सत्र में भी हजारों बच्चे प्रवेश से वंचित रह गए थे। अभिभावकों से स्कूल प्रबंधक आवेदन और फार्म का शुल्क मांग रहे हैं। वार्षिक समारोह-प्रतियोगिताओं के नाम पर भी शुल्क मांगा जा रहा है।

### 55 हजार स्कूलों में दो लाख सीटों पर प्रवेश का लक्ष्य

प्रदेश भर के 55 हजार से अधिक निजी स्कूलों में इस बार दो लाख बच्चों को निशुल्क प्रवेश दिलाने का लक्ष्य तय किया गया है। वहीं आरटीई के 3 चरणों में 1,52,993 बच्चों का चयन हुआ है। आरटीई के चौथे चरण में एक जून से 20 जून तक आवेदन लिए जाएंगे। सत्यापन 21 जून से 27 जून तक होंगे। लॉटरी 28 जून को निकलेगी।

### 18 हजार चयनित, प्रवेश सिर्फ 8 हजार को

तीन चरणों में अब तक अकेले लखऊ में 18 हजार बच्चे चयनित हुए लेकिन प्रवेश 8 हजार बच्चों को ही मिल पाया।10 हजार बच्चों के अभिभावक निजी विद्यालयों के चक्कर लगाने के लिए मजबूर हैं।

## भीरा में युवक को शारदा नदी में खींच ले गया मगरमच्छ

**भानपुर(खीरी), अमृत विचार :** भीरा क्षेत्र में मंगलवार को शारदा नदी में पानी पीने गए एक युवक पर मगरमच्छ ने हमला कर दिया और उसे मार डाला। तलाश के दौरान बुधवार की सुबह उसका शव नदी में बरामद हुआ है। भीरा क्षेत्र के गांव रेवतीपुरवा निवासी बबलू (21) मंगलवार को शारदा नदी के किनारे अपने पशुओं को चराने ले गया था। बताया जाता है कि तभी उसे प्यास लगी। इस पर वह नदी में पानी पीने चला गया। इसी दौरान नदी में मौजूद मगरमच्छ ने बबलू पर हमला बोल दिया और उसको पानी में खींच ले गया। देर शाम तक पशु घर वापस आ गए, लेकिन बबलू नहीं आया। परिवार के लोगों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चल सका।

## सुडोकू-5

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 5 | | | 4 | | | 3 |
| | 6 | 7 | | | 8 | 4 | 1 | |
| 2 | | | | 1 | | 5 | | 7 |
| 5 | | | | | | | 4 | |
| | | 1 | | | | 9 | | |
| | 8 | | | | | | | 6 |
| 7 | | 4 | | 5 | | | | 8 |
| | 3 | 9 | 6 | | | 1 | 7 | |
| 1 | | | 3 | | | 2 | 9 | |

### सुडोकू -4 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 3 | 4 | 6 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 4 | 5 | 7 | 8 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 9 | 2 | 6 | 5 | 1 | 7 | 8 | 3 | 4 |
| 3 | 7 | 8 | 2 | 5 | 6 | 4 | 9 | 1 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 9 | 4 | 7 | 8 | 5 |
| 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 9 | 5 | 3 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 9 | 4 | 3 | 1 | 6 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 जून गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अमावस्या 18 .07 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-रोहिणी 20 .16 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

**मेष** - आज धन को लेकर संतुष्ट रहेंगे। परिजनों का सहयोग और प्रेम प्राप्त होगा। अपनी गलतियों से सीखने की कोशिश करेंगे। पैतृक संपत्ति से जुड़े मामलों को लेकर आप भाग्यशाली रहेंगे। दिनचर्या काफी अस्त-व्यस्त रहने वाली है।

**वृष** - आज विवादित मामलों का समाधान आपको मिल सकता है। यदि नया घर ढूंढना चाह रहे हैं तो उसमें आपको सफलता मिलेगी। नए कारोबार को लेकर उत्साहित रहेंगे। आपका मानसिक तनाव दूर होगा। कुछ अच्छी खबर के मिलने से आप प्रसन्न रहेंगे।

**मिथुन** - आज किसी को भी उधार देने से आपको बचना चाहिए। लंबी दूरी की यात्रा के दौरान परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। दूसरों पर ज्यादा निर्भर होना उचित नहीं है। अनावश्यक कार्यों में धन खर्च होगा।

**कर्क** - आज प्राकृतिक स्थलों की यात्रा करने की विचार बनाएंगे। कार्ययोजना में बदलाव करने के लिए दिन बहुत अच्छा है। आप कुछ मनोकामनाओं के पूर्ण होने से बेहद प्रसन्न रहेंगे। नव विवाहित जोड़े कहीं घूमने की योजना बना सकते हैं।

**सिंह** - आज नौकरी में आपकी सुविधाएं बढ़ सकती है। आप भोग-विलास को काफी महत्व देंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। प्रबंधन कार्य से जुड़े लोगों की पदोन्नति हो सकती है। अपनी योग्यता को सिद्ध करने में लगे रहेंगे।

**कन्या** - आज गुरुओं का मार्गदर्शन लेने से आपको लाभ होगा। नए कार्यों की शुरुआत न करें। आप कुछ परेशान हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन में कुछ कठिनाई होने की आशंका है। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाह हो सकते हैं।

**तुला** - आज अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। किसी से कोई वादा करना उचित नहीं होगा। धार्मिक विषयों को लेकर गंभीर रहेंगे। आप काफी प्रसन्न हो सकते हैं। नए विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे। विवादित मामलों को लेकर काफी सतर्क रहें।

**वृश्चिक** - आज यदि आप अपने अधिकारियों से संबंध मजबूत करना चाहते हैं तो दिन उसके लिए अनुकूल है। कार्यक्षेत्र में मित्रों का सहयोग मिलेगा। नई जानकारियों को लेकर आप काफी उत्सुक रहेंगे। आपका सामाजिक वर्चस्व बढ़ेगा।

**धनु** - आज शत्रुओं के साथ समझौता करने के अवसर मिल सकते हैं। कृषि कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ है। आपको किसी मित्र की मदद करने का अवसर मिलेगा। आपकी बातों से लोग नाराज हो सकते हैं। धन अनावश्यक कार्यों में खर्च होगा।

**मकर** - आज यदि आपको किसी तरह की पाचन समस्या है तो खानपान का विशेष ध्यान रखें। बच्चे अपने माता-पिता के साथ चर्चा में सम्मिलित हो सकते हैं। कारोबारी अपने एकाउंट्स आदि को लेकर कुछ सावधान रहें। आपकी सलाह से लोगों को काफी लाभ होगा।

**कुंभ** - आज जॉब में उच्च पद मिल सकता है। वैवाहिक जीवन में उतार-चढ़ाव रहेगा। गूढ़ विद्याओं की तरफ आपकी रुचि बढ़ेगी। प्रतियोगी परीक्षा के परिणाम आपके पक्ष में आ सकते हैं। अपने घर की साज-सज्जा में आप काफी रुचि ले सकते हैं।

**मीन** - आज लोग आपसे अपनी बातें शेयर करना पसंद करेंगे। युवा प्रेमियों के लिए दिन काफी अच्छा रहेगा। ट्रांसपोर्ट से जुड़े व्यवसाय में उत्तम लाभ के अवसर मिलेंगे। यदि आप सोशल मीडिया में काफी सक्रियता रखते हैं तो आपको इसके माध्यम से काफी लाभ हो सकता है।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
धड़कन - दोपहर : 12 .00
भीष्मा - रात : 09 .00

**&pictures**
बादल - सुबह : 10 .30
नाम शबाना - रात : 07 .00

**Sony Pix**
द वॉटर हार्स - सुबह : 11 .10
द डॉर्क नाइट - रात : 09 .00

**Zee Cinema**
यह तो कमाल हो गया - सुबह : 11 .20
लगान - शाम : 06 .00

**Colors Cineplex**
रघुवीर - सुबह : 09 .21
साजन - शाम : 06 .39

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम : 06 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- दिन भर सोती रहती हो।
पत्नी- अब मैं आराम भी न करूं?
पति- उठो, चाय बना दो जल्दी से
पत्नी - खुद बना लो न,
पति- मेरे सर में तेज दर्द है।
पत्नी - हां, तो मेरे भी गले में दर्द है।
पति- ठीक है तुम मेरा सर दबा दो और मैं तुम्हारा गला दबा देता हूं।

मैडम कक्षा में पूछती हैं- बच्चे बताओ, अगर मैं एक पक्षी होती तो मैं क्या होती?
एक छात्र जवाब देता है-मैडम आप तोता होतीं।
मैडम- बहुत अच्छा! और तुम कैसे जानते हो?
छात्र- क्योंकि आप हमेशा बातें दोहराती रहती हैं।
छात्र की बात सुनकर मैडम का माथा ही घूम गया।

### मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 965 फ्लेग 1075 डीएमओ 850 बोल्ड 1135, सम्भल-चन्दौसी-शिवालिक 970 फ्लेग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 860।

### मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना: 75 से 78 रुपये मसूर: 60 से 68 रुपये मलका: 62 से 68 रुपये अरहर: 140 से 150 रुपये उड़द: 100 से 110 रुपये धोआ उड़द: 110 से 130 रुपये मूंग धोआ: 104-106 रुपये मूंग छिलका: 95 से 105 रुपये मूंग साबुत: 90 से 105 चना देसी: 60 से 70 रुपये चना काबली: 90 से 130 राजमा लाल: 130 से 140 राजमा चित्रा: 125 से 130 लोबिया लाल: 90 से 110 लोबिया सफेद: 80 से 100 रुपये।

### एक नजर

#### अडाणी की कंपनियों के शेयरों में आया उछाल

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों में से नौ के शेयर बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई पर अडाणी ग्रीन एनर्जी के शेयर में 11.01 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स में 8.59 प्रतिशत, अंबुजा सीमेंट्स में 7.47 प्रतिशत तथा समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज में 6.02 प्रतिशत की तेजी आई। एसीसी का शेयर 5.20 प्रतिशत, एनडीटीवी 3.26%, अडाणी टोटल गैस 2.67%, अडाणी विल्मर 0.77 प्रतिशत तथा अडाणी पावर का शेयर 0.32 प्रतिशत चढ़ गया।

#### खजाने में कम हो गया कोल इंडिया का योगदान

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लि. (सीआईएल) का चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-मई की अवधि में सरकारी खजाने में योगदान 2.2 प्रतिशत घटकर 9,560.28 करोड़ रुपये रह गया है। कोयला मंत्रालय के अनुसार, कोल इंडिया लिमिटेड ने एक साल पहले खजाने में 9,777.64 करोड़ रुपये का भुगतान किया था।

# सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 5 माह के निचले स्तर पर

## एचएसबीसी इंडिया के मुताबिक कारोबारी गतिविधि सूचकांक मई में गिरकर 60.2 पर आ गया

नई दिल्ली, एजेंसी

कड़ी प्रतिस्पर्धा, मूल्य दबाव और भीषण गर्मी के कारण मई में भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर घटकर 5 महीने के निचले स्तर पर आ गई है। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय बाजारों से नए ठेकों में एक दशक में सबसे तेज वृद्धि दर्ज की गई। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मई में गिरकर 60.2 पर आ गया जो पिछले साल दिसंबर के बाद से सबसे निचला स्तर है। अप्रैल में यह 60.8 पर था। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। मई के आंकड़ों से सामने आया कि नए व्यवसाय में मजबूत वृद्धि ने भारत की सेवा अर्थव्यवस्था में उत्पादन वृद्धि को बल देना जारी रखा है। सर्वेक्षण के अनुसार, एक और सकारात्मक बात यह रही कि कारोबारी विश्वास में आठ महीनों में सबसे अधिक वृद्धि हुई है। बिक्री में बढ़ोतरी, उत्पादकता में तेजी और मांग में मजबूती से वृद्धि को समर्थन मिला। हालांकि प्रतिस्पर्धा और मूल्य दबावों के कारण वृद्धि में कुछ बाधा भी आई। एचएसबीसी की वैश्विक अर्थशास्त्री मैत्रेयी दास ने कहा-मई में भारत की सेवा गतिविधि थोड़ी धीमी गति से बढ़ी, घरेलू नए ठेकों में थोड़ी कमी आई लेकिन वे मजबूत बने रहे। यह मजबूत मांग को दर्शाता है। उन्होंने कहा-कीमतों की बात करें तो मई में कच्चे माल तथा श्रम की लागत में वृद्धि के कारण लागत दबाव बढ़ गया। कंपनियां मूल्य वृद्धि का केवल एक हिस्सा ही ग्राहकों तक पहुंचाने में सक्षम रहीं। मई में जिस क्षेत्र में पर्याप्त सुधार हुआ, वह नए निर्यात ठेके थे...जिसमें वृद्धि सितंबर 2014 में श्रृंखला की शुरुआत के बाद से सबसे तेज रही।

### मांग बढ़ने से कार्यालय की भर्तियों में आया सुधार



**मुंबई।** तेल एवं गैस, बैंकिंग और रोजमर्रा के उपभोग का सामान (एफएमसीजी) जैसे प्रमुख क्षेत्रों में कार्यालयों में बैठकर काम करने वाले कर्मचारियों की भर्तियों में लगातार सुधार हो रहा है। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, स्वास्थ्य सेवा और यात्रा एवं होटल जैसे क्षेत्रों में अप्रैल की तुलना में मई में नियुक्तियों में छह प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कार्यालय में बैठकर काम करने वाले पदों पर भर्तियां हालांकि पिछले साल के इसी महीने की तुलना में दो प्रतिशत कम हैं। रिपोर्ट के अनुसार, आईटी (शून्य प्रतिशत वार्षिक), बीपीओ (तीन प्रतिशत) और शिक्षा (पांच प्रतिशत) में भर्ती में गिरावट ने समग्र नौकरी जॉबस्पीक सूचकांक को नीचे कर दिया। रिपोर्ट में कहा गया, तेल एवं गैस (14 प्रतिशत), बैंकिंग (12 प्रतिशत) और एफएमसीजी (17 प्रतिशत) जैसे प्रमुख क्षेत्रों में अच्छी वृद्धि दर्ज की गई, जबकि स्वास्थ्य सेवा और यात्रा एवं होटल क्षेत्र में आठ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

## भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से रेपो दर पर कल आएगा निर्णय

**मुंबई।** आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की 3 दिन की द्विमासिक मासिक बुधवार को शुरू हुई। माना जा रहा है कि एमपीसी प्रमुख ब्याज दर रेपो को यथावत रखेगी। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास शुक्रवार को मौद्रिक नीति समिति द्वारा लिए गए निर्णयों की घोषणा करेंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दर (रेपो) में कटौती की उम्मीद नहीं है, क्योंकि मुद्रास्फीति अब भी चिंता का विषय बनी हुई है। फरवरी, 2023 से रेपो दर 6.5 प्रतिशत के उच्चस्तर पर बनी हुई है। अर्थव्यवस्था में तेजी के बीच माना जा रहा है कि एमपीसी ब्याज दरों में कटौती से बचेगी। केंद्रीय बैंक ने आखिरी बार फरवरी, 2023 में रेपो दर को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया था और तब से उसने लगातार सात बार इसे यथावत रखा है।

# सेबी ने सीधे ग्राहकों के खातों में प्रतिभूति भुगतान को किया अनिवार्य

नई दिल्ली, एजेंसी

- ग्राहकों की प्रतिभूतियों के जोखिम को कम करने के लिए उठाया गया कदम

बाजार नियामक सेबी ने बुधवार को ग्राहकों के खाते में प्रतिभूतियों के सीधे भुगतान की प्रक्रिया को अनिवार्य बनाने का निर्णय लिया। परिचालन दक्षता बढ़ाने और ग्राहकों की प्रतिभूतियों के जोखिम को कम करने के लिए यह कदम उठाया गया है।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परिपत्र में कहा कि यह 14 अक्टूबर से प्रभावी होगा। वर्तमान में, समाशोधन निगम प्रतिभूतियों के भुगतान को ब्रोकर के खाते में जमा करता है। उसके बाद इसे संबंधित ग्राहक के डीमैट खातों में जमा किया जाता है। सेबी ने शेयर बाजारों, समाशोधन निगम और डिपॉजिटरी के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद फैसला किया है, भुगतान के लिए प्रतिभूतियां समाशोधन निगम सीधे संबंधित ग्राहक के डीमैट खाते में जमा करेगा। इसके अलावा, समाशोधन निगमों को मार्जिन ट्रेडिंग सुविधा के तहत बिना भुगतान वाली प्रतिभूतियों और वित्तपोषित शेयरों की पहचान करने के लिए कारोबारी सदस्य या समाशोधन सदस्यों (सीएम) के लिए एक व्यवस्था प्रदान करनी चाहिए। सेबी ने सुझाव दिया है कि 'पोजिशन' के स्तर पर अगर कोई कमी रहती है तो कारोबारी सदस्य या समाशोधन सदस्यों को नीलामी की प्रक्रिया के माध्यम से इसका निपटान करना चाहिए। इसके अलावा, ऐसे मामलों में ब्रोकर को समाशोधन निगम की तरफ से लगाए गए शुल्क के अलावा ग्राहक पर कोई शुल्क नहीं लगाना चाहिए।

### सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,650 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,900 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,050-55,250 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,550 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,400 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 88,800 |
| चांदी तैयार | 88,900 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 72,700 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,700 |
| चांदी पक्की | 880 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 72,750 |
| चांदी आभूषण | 88,800। |

# शुल्क वापसी राशि सीधे निर्यातकों के बैंक खातों में भेज रहा सीबीआईसी

नई दिल्ली, एजेंसी

- सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से होगा भुगतान

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने बुधवार को कहा कि उसने सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) मंच के जरिए इलेक्ट्रॉनिक तरीके से शुल्क वापसी की राशि सीधे निर्यातकों के बैंक खाते में भेजना शुरू कर दिया है।

वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि निर्यातकों के खातों में शुल्क वापसी राशि का भुगतान सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से स्वचालित रूप से किया जाएगा। यह कागज रहित सीमा शुल्क और व्यापार सुविधा को बेहतर बनाने की दिशा में सीबीआईसी की एक और पहल है। इस नई सुविधा से शुल्क वापसी की राशि के भुगतान में कम समय लगेगा और पारदर्शिता भी बढ़ने की उम्मीद है। लेखा महानियंत्रक ने पीएफएमएस को तैयार और क्रियान्वित किया है। इसने सरकार के वित्तीय प्रशासन में व्यापक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पीएफएमएस का उपयोग प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के लिए भी किया जाता है।

## सोने की कीमत में 80 रुपये और चांदी में 1,200 रुपये की आई गिरावट

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना 80 रुपये की गिरावट के साथ 72,820 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी है। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,200 रुपये घटकर 91,900 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 93,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

# राजग की जीत से नीतिगत स्थिरता का उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

- मूडीज के अनुसार सीट घटने से धीमा पड़ सकता है सुधार




वैश्विक वित्तीय साख प्रमाणन एजेंसी मूडीज का कहना है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी सरकार बनने से देश की आर्थिक नीतियों में निरंतरता बनी रहने की उम्मीद है लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले गठबंधन का बहुमत इस बार हल्का होने से सुधारों की गति पर असर पड़ सकता है।

मूडीज ने लोकसभा के मंगलवार को जारी नतीजों पर निवेशकों के लिए जारी एक सामान्य परचे में बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का बहुमत पहले से हल्का होने के दूरगामी आर्थिक और राजकोषीय सुधारों को लागू करने में देरी हो सकती है। नोट में कहा गया है कि सुधारों में देरी से राजकोषीय स्थिति को मजबूत करने के सरकार की योजना की प्रगति बाधित हो सकती है। मूडीज ने इन परिणामों पर परचे में कहा है, हमें उम्मीद है कि खास तौर पर बुनियादी ढांचे पर खर्च और देश में विनिर्माण को बढ़ावा देने पर बजटीय जोर के संबंध में लागू नीतियों की निरंतरता, मजबूत आर्थिक वृद्धि में सहायक होगी। वहीं मूडीज का यह भी सोचना है कि राजग की जीत का अपेक्षाकृत कम अंतर, साथ ही संसद में भाजपा को पूर्ण बहुमत से पीछे रह जाने से अधिक दूरगामी आर्थिक और राजकोषीय सुधारों की प्रगति में देरी हो सकती है जो राजकोषीय मजबूती की राह पर प्रगति में बाधाएं उत्पन्न कर सकती है। भारतीय अर्थव्यवस्था की शक्ति के बारे में मूडीज का अनुमान है, भारत की आर्थिक शक्ति के बारे में हमारा आकलन है कि 2023-24 से 2025-26 के तीन साल के दौरान वास्तविक आर्थिक वृद्धि में लगभग सात प्रतिशत रह सकती है।



### एक नजर

#### बच्चे का मिला शव शरीर पर कुत्ते के काटने के निशान

**हैदराबाद।** हैदराबाद में बुधवार को कचरे के ढेर के पास छह साल के एक बच्चे का शव मिला जिस पर कुत्ते के काटने के निशान थे। पुलिस ने यह जानकारी दी। नगर निगम के एक अधिकारी ने हालांकि कहा कि बच्चे की मौत के कारण का पता नहीं चला है और अभी यह नहीं कहा जा सकता कि बच्चे की मौत आवारा कुत्ते के हमले से हुई है। शव फूला हुआ है, जिसको देखकर संदेह होता है कि बच्चा कचरे के ढेर के पास बने जलाशय में गिर गया होगा। अधिकारी ने बताया कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कुत्ते ने बच्चे को कब काटा।

#### जम्मू-कश्मीर के वन क्षेत्रों में लगी आग

**जम्मू।** जम्मू क्षेत्र के सीमावर्ती जिलों राजौरी और पुंछ के दो वन क्षेत्रों में बुधवार को आग लग गई, जिससे बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पुंछ के मेंढर इलाके में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास भटादुरियन में आग लगी और यह आस-पास के इलाकों में फैल गई। उन्होंने बताया कि प्रशासन, वन अधिकारी, सेना और स्थानीय लोग आग बुझाने के लिए काम कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि राजौरी के नौशेरा वन में भी आग लग गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों और वन विभाग के अधिकारियों ने अग्निशमन अभियान शुरू किया।

#### गैस सिलेंडर फटने से एक व्यक्ति झुलसा

**सिरसा।** हरियाणा में सिरसा शहर के इंद्रपुरी मोहल्ले में बुधवार को एक घर में गैस सिलेंडर के फटने से मालिक बुरी तरह से झुलस गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इंद्रपुरी मोहल्ला निवासी राजेंद्र कुमार ने एजेंसी से दो गैस सिलेंडर मंगवाये थे। बुधवार को एजेंसी का डिलीवरी ब्वॉय सिलेंडर देने पहुंचा। राजेंद्र कुमार दो सिलेंडर लेकर रसोई में गया और गैस चूल्हे में एक सिलेंडर की सील निकालकर उसे फिट करने लगा तो अचानक गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया, जिससे राजेंद्र बुरी तरह से झुलस गया, उसे उपचार के लिये सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद दमकल विभाग की गाड़ी पहुंची थी।

# आप कार्यालय की जमीन पर 6 सप्ताह में फैसला ले केंद्र : उच्च न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि आम आदमी पार्टी को अन्य राजनीतिक दलों की तरह यहां पार्टी कार्यालय के लिए जगह लेने का अधिकार है। साथ ही उच्च न्यायालय ने केंद्र से इस मुद्दे पर 6 सप्ताह के भीतर फैसला लेने को कहा है।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि राष्ट्रीय दलों को दिल्ली में जनरल पूल (आवासीय आवंटन प्रणाली) से दिल्ली में लाइसेंस शुल्क के भुगतान पर कार्यालय के लिए एक आवासीय इकाई का अधिकार है और यह तब तक के लिए है जब तक उन्हें अपना दफ्तर बनाने के लिए जमीन नहीं मिल जाती। न्यायाधीश ने कहा कि दबाव या जनरल पूल की अनुपलब्धता अनुरोध को अस्वीकार करने का कारण नहीं हो सकती है। अदालत ने अपने आदेश में कहा-तथ्य यह है कि भारी दबाव है, यह प्रतिवादियों द्वारा याचिकाकर्ता (आप) को पार्टी कार्यालय स्थापित करने के लिए जीपीआरए (जनरल पूल आवास) से आवास आवंटित करने के अधिकार से इनकार करने का एकमात्र कारण नहीं हो सकता है। अदालत ने कहा-प्रतिवादियों को निर्देश दिया जाता है कि वे आज से छह सप्ताह के भीतर याचिकाकर्ता के अनुरोध पर विचार करें और एक विस्तृत आदेश पारित करके निर्णय लें कि जीपीआरए से एक भी आवासीय इकाई याचिकाकर्ता को क्यों नहीं आवंटित की जा सकती है, जबकि अन्य सभी राजनीतिक दलों को जीपीआरए से समान आवास आवंटित किया गया है। आदेश में कहा गया है, उन्हें याचिकाकर्ता के आग्रह पर फैसले वाला विस्तृत आदेश याची को उपलब्ध करने दें।

### उच्च न्यायालय ने कहा-आवंटन के अधिकार से नहीं किया जा सकता है वंचित




अदालत ने यह भी कहा कि भले ही जमीन के आवंटन को लेकर पक्षों के बीच विवाद हो, लेकिन यह दल को राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों को जनरल पूल से सरकारी आवास के आवंटन के लिए समेकित निर्देशों के अनुसार, अस्थायी तौर पर कार्यालय के लिए एक आवासीय इकाई के आवंटन के अधिकार से वंचित किए जाने का कारण नहीं हो सकता है। अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली पार्टी ने अदालत में कहा कि चूंकि प्राधिकारियों ने नई दिल्ली में प्रमुख स्थानों पर सभी अन्य राष्ट्रीय दलों को कार्यालय परिसरों के निर्माण के लिए जमीन आवंटित की है इसलिए यह सुनिश्चित करना भी उनकी जिम्मेदारी है कि उसे भी ऐसा ही आवंटन किया जाए। उच्चतम न्यायालय ने मार्च में आप को यहां राउज एवेन्यू स्थित उसके कार्यालयों को खाली करने के लिए 15 जून तक का समय दिया था।



गुवाहाटी में अग्निशमन और आपातकालीन सेवाओं के कर्मियों ने आई बाढ़ के दौरान नावों पर सवार होकर लोगों को बचाया। इस समय भारी बारिश के चलते राज्य में आई बाढ़ से लोग काफी परेशान हैं। ● एजेंसी

## केजरीवाल से तिहाड़ जेल में पत्नी सुनीता व आप सांसद राघव चड्ढा ने की मुलाकात

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद राघव चड्ढा ने बुधवार को यहां तिहाड़ जेल में मुलाकात की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि जेल नियमों के अनुसार दोनों को दोपहर एक बजे आधे घंटे के लिए आगंतुक कक्ष में 'आप' प्रमुख से मिलने की अनुमति दी गई। नियमों के अनुसार, जेल में एक कैदी से दो आगंतुक हफ्ते में दो बार मिल सकते हैं। कैदी को अपने परिवार के सदस्यों से प्रतिदिन पांच मिनट तक फोन पर बात करने की भी अनुमति है। जेल के एक सूत्र ने यह भी बताया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने मंगलवार को अपनी कोठरी में टेलीविजन पर लोकसभा चुनाव के नतीजे देखे।

## गढ़चिरौली में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

गढ़चिरौली, एजेंसी

- पुलिस ने विस्फोटकों का जखीरा किया बरामद

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में बुधवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई और बाद में विस्फोटकों का एक जखीरा बरामद किया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

गढ़चिरौली जिले के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने बताया कि मंगलवार को खुफिया सूचना मिली थी कि नक्सलियों के अहेरी 'एलओएस' (स्थानीय अभियान दस्ता) के कुछ सशस्त्र कार्यकर्ता स्थानीय तेंदू पत्ता ठेकेदारों से धन उगाही करने के लिए जिले में घुसे हैं। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एम रमेश के नेतृत्व में गढ़चिरौली पुलिस की विशेष नक्सल विरोधी इकाई सी-60 की एक टीम तुरंत महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर इंद्रावती नदी के तट पर स्थित क्षेत्र के लिए रवाना हुई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बुधवार सुबह ग्यारेवाड़ा गांव के पास नक्सलियों ने पुलिस की टीम पर गोलीबारी की, जिसके बाद जवाबी गोलीबारी की गई। उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान भारी मात्रा में विस्फोटक, तार, बैटरियां, नक्सली साहित्य और नक्सलियों किट बैग बरामद किए गए।

## बीजद के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने ओडिशा के मुख्यमंत्री पद से दिया इस्तीफा

**भुवनेश्वर।** बीजद के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने ओडिशा में अपने 24 साल के शासन का अंत करते हुए राज्य विधानसभा चुनावों में पार्टी की हार के बाद बुधवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। सूत्रों ने बताया कि पटनायक ने राज भवन में राज्यपाल रघुबर दास को अपना इस्तीफा पत्र सौंपा। पटनायक के आवास पर बीजद के कई नेता एकत्रित हुए थे लेकिन वह अपना इस्तीफा देने अकेले ही राज्यपाल के आवास गए। बीजद अध्यक्ष ने बाहर इंतजार कर रहे पत्रकारों की ओर हाथ हिलाकर उनका अभिवादन किया और अपना इस्तीफा पत्र सौंपने के बाद राज भवन से निकल गए। भाजपा ने ओडिशा में 147 विधानसभा सीटों में से 78 सीटें जीतकर सत्ता पर कब्जा जमा लिया है जबकि बीजद केवल 51 सीटें जीत पाई।

## सीबीएसई को लिखित और प्रायोगिक परीक्षा के अंकों में मिली विसंगति

नई दिल्ली, एजेंसी

- बोर्ड ने विद्यालयों को समीक्षा करने का दिया परामर्श

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 500 विद्यालयों के करीब 50 प्रतिशत विद्यार्थियों के कुछ विषयों में लिखित एवं प्रायोगिक परीक्षा के अंकों में महत्वपूर्ण विसंगति का पता लगाया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बोर्ड ने विद्यालयों को उनकी आंतरिक मूल्यांकन प्रक्रिया की समीक्षा करने का परामर्श दिया है।

अधिकारियों ने बताया कि विद्यालयों को सलाह दी गई है कि वे प्रायोगिक परीक्षा का मूल्यांकन करते समय निष्पक्षता और सटीकता को प्राथमिकता दें और सुनिश्चित करें कि प्रक्रिया उचित और विद्यार्थियों की शैक्षणिक यात्रा में महत्वपूर्ण योगदान करने वाली हो। सीबीएसई के सचिव हिमांशु गुप्ता ने कहा-केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को उन्नत कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से सीबीएसई से संबद्ध 500 विद्यालयों में कुछ विषयों के 50 प्रतिशत या इससे अधिक विद्यार्थियों को लिखित परीक्षा और प्रायोगिक परीक्षा में मिले अंकों में कई महत्वपूर्ण विसंगति मिली है।


## छत्तीसगढ़ में एक इनामी समेत नौ नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने नौ नक्सलियों को गिरफ्तार किया है जिनमें एक पर पांच लाख रुपये का इनाम था। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फरसेगढ़ और मद्देड़ थाना क्षेत्रों में सुरक्षाबलों ने अलग-अलग कार्रवाई कर नौ नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों में मद्देड़ एरिया कमेटी का सदस्य लच्छु पूनेम (35) भी शामिल है जिसके सिर पर पांच लाख रुपए का इनाम है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सल विरोधी अभियान के तहत मद्देड़ थाना क्षेत्र से गिरफ्तारी की गई है।

# विदेश यात्रा मौलिक अधिकार: हाईकोर्ट

मुंबई, एजेंसी

- बॉम्बे हाई कोर्ट ने विदेश जाने की अनुमति देते हुए की टिप्पणी



बॉम्बे बॉम्बे उच्च न्यायालय ने एक मामले में कहा है कि विदेश यात्रा के अधिकार को देश के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत एक मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी गई है। उच्च न्यायालय ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के एक मामले में गवाह को थोड़े समय के लिए अमेरिका और ब्रिटेन जाने की अनुमति देते हुए अपने आदेश में यह बात कही। कोर्ट ने कहा कि विदेश यात्रा पर जाना किसी भारतीय व्यक्ति का उसका मौलिक अधिकार है।

न्यायमूर्ति कमल खाता और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की अवकाश पीठ ने गवाह संजय डांगी को 06 जून से 23 जून तक अमेरिका और ब्रिटेन की यात्रा करने की अनुमति दी। एनडीएसआई गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के रूप में ऑथम इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के प्रमोटर डांगी को सीबीआई ने वधावन प्रवर्तित दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (डीएचएफएल) से जुड़े कथित घोटाले की जांच में गवाह के रूप में बुलाया था। ऑथम इन्वेस्टमेंट भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के साथ पंजीकृत है और इसकी कुल संपत्ति 9,500 करोड़ रुपये है। पीठ ने अनुमति देते हुए डांगी के खिलाफ सीबीआई द्वारा जारी लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) को भी 24 जून तक निलंबित कर दिया।

डांगी की ओर से पेश समक्ष याचिका में बताया गया कि याचिकाकर्ता का नाम सीबीआई मामले में दायर आरोपपत्र में नहीं है और वास्तव में उसे गवाह के रूप में साक्ष्य देने के लिए एजेंसी द्वारा बुलाया गया था। इसके अलावा उन्हें पांच मौकों पर विदेश यात्रा की अनुमति दी गई थी और उन्होंने कभी भी अपने ऊपर लगाई गई शर्तों का उल्लंघन नहीं किया है।

## दिल्ली के एक अस्पताल में लगी भीषण आग

**नई दिल्ली।** दक्षिण पूर्व दिल्ली के लाजपत नगर इलाके में बुधवार को आंखों के एक निजी अस्पताल में भीषण आग लग गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि अभी तक किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है। पुलिस ने बताया कि ऐसा संदेह है कि दो मंजिला इमारत के भूतल पर शॉर्ट सर्किट के कारण एक एयर कंडीशनर में आग लगी। सोशल मीडिया पर अस्पताल में आग लगने के बारे में कई वीडियो प्रसारित हो रहे हैं। एक वीडियो में अस्पताल की इमारत से आग की लपटें निकलते हुए और काले धुएं का गुबार उठते हुए देखा गया था।



खेल डायरी



### सिंधू इंडोनेशिया ओपन के पहले दौर में हारी

**जकार्ता।** भारत की शीर्ष शटलर पी वी सिंधू बुधवार को इंडोनेशिया ओपन के पहले दौर में चीनी ताइपे की सू वेन-ची से हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू को बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट के महिला एकल स्पर्धा में 15-21, 21-15, 14-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। यह वेन-ची के खिलाफ उनकी पहली हार है। ताइवान की खिलाड़ी को राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता को हराने में एक घंटे 10 मिनट का समय लगा। महिला युगल के अंतिम 32 दौर में रुतपर्णा पांडा और स्वेतपर्णा पांडा की भारतीय जोड़ी कोरिया की छठी वरीयता प्राप्त किम सो येओंग और कोंग ही योंग की जोड़ी से 12-21, 9-21 से हार गईं।

### चेन्नईयिन एफसी ने एल्सिन्हो से करार किया

**चेन्नई।** चेन्नईयिन एफसी ने बुधवार को ब्राजील के रक्षापंक्ति के खिलाड़ी एलसन जोस डायस जूनियर (एल्सिन्हो) के साथ दो साल का करार किया, जिससे वह 2026 तक क्लब के साथ जुड़े रहेंगे। इस सप्ताह की शुरुआत में मिडफील्डर जितेंद्र सिंह की सेवाएं हासिल करने के बाद एल्सिन्हो इस टीम से 2024-25 सत्र से पहले जुड़ने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए है। चेन्नईयिन के मुख्य कोच ओवेन कॉयले ने कहा एल्सिन्हो एक बहुमुखी, मजबूत और तकनीकी फुटबॉलर है जो मिडफील्ड और सेंटर बैक में अपनी सेवाएं दे सकता है। इससे हमें रक्षापंक्ति में बेहतर विकल्प मिलेगा। हमारी टीम में ब्राजील के खिलाड़ियों का बड़ा विकल्प होता है। एल्सिन्हो ने 2014 में क्लब एस्पोर्टिवो नविरैएन्से के साथ अपनी पेशेवर यात्रा शुरू की। उन्होंने अपने करियर में अब तक 214 मैच खेले हैं। उन्होंने 15 गोल किए हैं और दो गोल करने में मदद की है।

### दाम्बुला फ्रेंचाइजी को मिला नया मालिक

**दाम्बुला।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने बुधवार को कहा कि लॉस एंजिल्स स्थित एक सिविल इंजीनियरिंग परामर्श फर्म लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) की दाम्बुला फ्रेंचाइजी की नई मालिक होगी जिसे 'दाम्बुला सिक्सर्स' नाम दिया है। इस फ्रेंचाइजी को दाम्बुला थंडर्स के नाम से जाना जाता था। इसका मालिक तमीम रहमान नाम का बांग्लादेश मूल का ब्रिटिश नागरिक था। मैच फिक्सिंग में शामिल होने के कारण फ्रेंचाइजी के अनुबंध को समाप्त करने के साथ रहमान को गिरफ्तार कर लिया था। एसएलसी ने कहा लॉस एंजिल्स के कैलिफोर्निया स्थित एक अग्रणी सिविल इंजीनियरिंग परामर्श कंपनी सिकोइया कंसल्टेंट्स एलपीएल टीम दाम्बुला का भविष्य संभालने के लिए आगे आई है। इस कंपनी में बहुलांश हिस्सेदारी प्रियंगा डी सिल्वा की है जो पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर हैं। लंका प्रीमियर लीग का पांचवां सत्र एक जुलाई से शुरू होने वाला है। यह तीन शहरों कैंडी, दाम्बुला और कोलंबो में खेला जाएगा।

# जीत के साथ शुरू हुआ भारत का सफर

## आयरलैंड को आठ विकेट से हराया, रोहित ने जड़ा अर्धशतक, हार्दिक ने झटके तीन विकेट

न्यूयॉर्क, एजेंसी

हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह की घातक गेंदबाजी के कप्तान रोहित शर्मा की (52) रनों की अर्धशतकीय तथा ऋषभ पंत के नाबाद (36) की पारियों के दम पर भारत ने बुधवार को टी-20 विश्वकप के आठवें मुकाबले में आयरलैंड को आठ विकेट से हरा दिया है।

रोहित शर्मा और विराट कोहली की सलामी जोड़ी ने 97 रनों के लक्ष्य को हासिल करने के लिए तेज शुरुआत की, इसी दौरान तीसरे ओवर की चौथी गेंद पर विराट कोहली (1) मार्क ऐडेयर ने आउट कर आयरलैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद रोहित शर्मा और ऋषभ पंत ने अच्छी साझेदारी करते हुए टीम के स्कोर 76 रन तक पहुंचा था कि 10वें ओवर में रोहित शर्मा रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौट गए। रोहित ने 37 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के लगाते हुए 52 रनों की पारी खोली। सूर्यकुमार यादव दो रन बनाकर आउट हुए। ऋषभ पंत ने 26 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 36 रन बनाये। भारत ने 12.2 ओवर में दो विकेट पर 97 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। आयरलैंड की ओर से मार्क ऐडेयर और बेन व्हाइट ने एक-एक विकेट लिए।

इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने आयरलैंड की पूरी टीम को 96 के स्कोर समेट दिया था। आज नैसो काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे ग्रुप ए के मुकाबले में भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। तीसरे ओवर की पहली गेंदबाज पर अर्शदीप सिंह ने आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग (2) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसी ओवर में अर्शदीप ने एंडी बैलबर्नी (5) को बोल्ड कर अपने खाते में एक और विकेट का इजाफा कर लिया। सातवें ओवर में हार्दिक पांड्या ने लोर्कान टकर (10) को बोल्ड कर दिया। हैरी टेक्टर (4) जसप्रीत बुमराह का शिकार बने। कर्टिस कैमफर (12), जॉर्ज डॉकरेल (3), मार्क ऐडेयर (3), जॉश लिटिल (14) और गैरेथ डेलेनी 14 गेंद पर (26) रन बनाकर रनआउट हुये। आयरलैंड की पूरी टीम 16 ओवर में 96 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से हार्दिक पांड्या ने तीन विकेट लिये। अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह को दो-दो विकेट मिले। अक्षर पटेल ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



हैरी टेक्टर का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ जश्न मनाते तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह। ● एजेंसी




36 रनों की पारी के दौरान शॉट लगाने ऋषभ पंत ● एजेंसी

### स्कोर बोर्ड

**आयरलैंड 96/10 (16 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| एंड्रयू बालबिरनी बो अर्शदीप | 5 | 10 | 1/0 |
| पॉल स्टर्लिंग कैच पंत बो अर्शदीप | 2 | 6 | 0/0 |
| लोरकन टकर कैच पंज बो हार्दिक | 10 | 13 | 2/0 |
| हैरी टेक्टोर कैच कोहली बो बुमराह | 4 | 16 | 0/0 |
| कर्टिस कैम्फर कैच पंत बोल्ड हार्दिक | 12 | 8 | 1/1 |
| जॉर्ज डॉकरेल कैच बुमराह बो सिराज | 3 | 5 | 0/0 |
| गैरेथ डेलानी रन आउट (सिराज/पंत) | 26 | 14 | 2/2 |
| मार्क एडेयर कैच शिवम दुबे बो हार्दिक | 3 | 2 | 0/0 |
| बैरी मैक्कार्थी और बोल्ड अक्षर | 0 | 6 | 0/0 |
| जोशुआ लिटिलब बुमराह | 14 | 13 | 2/0 |
| बेंजामिन व्हाइट नॉटआउट | 2 | 4 | 0/0 |

**अतिरिक्त रन:** 15, **गेंदबाजी:** अर्शदीप 4-0-35-2, सिराज 3-0-13-1, बुमराह 3-0-6-2, हार्दिक 4-1-27-3, अक्षर 1-0-3-1, जडेजा 1-0-7-0

**भारत 97/2 (12.2 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा रिटायर हर्ट | 52 | 37 | 4/3 |
| विराट कोहली कैच व्हाइट बो एडेयर | 1 | 5 | 0/0 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 36 | 26 | 3/2 |
| सूर्यकुमार कैच डॉकरेल बो व्हाइट | 2 | 4 | 0/0 |
| शिवम दुबे नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |

**अतिरिक्त रन:** 6, **गेंदबाजी:** मार्क एडेयर 4-0-27-1,जोशुआ लिटिल 4-0-42-0, बैरी मैक्कार्थी 2.2-0-18-0, कर्टिस कैम्फर 1-0-4-0, बेंजामिन व्हाइट-1-0-6-1

## मैंने द्रविड़ को रोकने का प्रयास किया पर वह नहीं माने: रोहित



**न्यूयार्क।** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि वर्तमान कोच राहुल द्रविड़ से उन्होंने पद के लिए आवेदन करने का आग्रह किया था लेकिन यह प्रयास सफल नहीं हुआ। टी-20 विश्वकप 2024 में आयरलैंड के साथ होने वाले मैच से पहले संवाददाता सम्मेलन में रोहित ने कहा मैंने उन्हें मनाने की बहुत प्रयास किया लेकिन कई और चीजे हैं, जिनका उनको ख्याल रखना है। मैंने व्यक्तिगत रूप से उनके कार्यकाल को बहुत पसंद किया है। मुझे पता है कि टीम के अन्य सदस्य भी यही बात कहेगा।

टूर्नामेंट जीतने के सवाल पर कहा, हमने इस बारे में नहीं सोचा है। जब मैंने आयरलैंड में पर्दापण किया था, वह मेरे पहले अंतर्राष्ट्रीय कप्तान थे तो मेरा और उनका संबंध बहुत लंबा है। वह हम सबके लिए एक रोल मॉडल हैं। हम उनको खेलते देख ही बड़े हुए हैं। उन्होंने कहा, हम जानते है कि उन्होंने एक खिलाड़ी के रूप में उन्हें क्या मिला है। वह कई बार टीम को मुश्किल परिस्थितियों से निकालकर ले गए हैं। वह इसी के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपने करियर के दौरान दृढ़ निश्चय दिखाया है। एक कोच के रूप में जब वह टीम में आए, तो मैं उनसे यही सब सीखना चाहता था। तो ट्रॉफी जीतने से अधिक यह सब जरूरी था।

वैसे हमने कई बड़ी सीरीज और टूर्नामेंट भी इस दौरान जीते। मैंने उनके साथ काम करने के हर एक क्षण आनंद लिया। एक टीम के रूप में हम यही चाहते थे। मैंने इन सबके बारे में बहुत सोचा है। अब मैं केवल अपने खेल और टीम की मदद के लिए जा रहा हूं। मेरा ध्यान अब बस यही है।

# ऑस्ट्रेलिया की नजरें इतिहास रचने पर अमेरिका के खिलाफ उतरेगा पाकिस्तान

ब्रिजटाउन (बारबडोस), एजेंसी

विश्व टेस्ट चैंपियन मेस (गदा) और 50 ओवर के विश्व कप का खिताब पहले ही जीत चुका ऑस्ट्रेलिया टी-20 विश्व कप में जब ओमान के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा तो उसकी नजरें एक ही समय में तीनों विश्व खिताब अपने काम करने वाली पहली टीम बनने पर टिकी होंगी। इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की नजरें अपने अनुभवी खिलाड़ियों हैं। टी-20 विश्व कप खिताब लंबे समय तक ऑस्ट्रेलिया से दूर रहा लेकिन 2021 में टीम ने पहली बार इस प्रारूप में विश्व कप जीता।

ऑस्ट्रेलियाई टीम में मैच विजेताओं की कोई कमी नहीं है। ऑलराउंडर और नवनियुक्त कप्तान मिचेल मार्श तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। ट्रेविस हेड शानदार फॉर्म में हैं और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल तथा एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में भारत के खिलाफ टीम की जीत में अहम भूमिका निभा चुके हैं। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे शुरू होगा। वहीं दिन के दूसरे मैच में पिछले टूर्नामेंट के उप विजेता पाकिस्तान की भिड़ंत अमेरिका से होगी। कागजों पर बाबर आजम की टीम जीत की प्रबल दावेदार है लेकिन हालिया फॉर्म को देखते हुए टीम की राह आसान नहीं होने वाली। कनाडा के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच में सात विकेट की जीत के बाद अमेरिका की टीम आत्मविश्वास से भरी है। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह पांच बजे शुरू होगा।



### चोट के कारण अमेरिका के खिलाफ नहीं खेलेंगे इमाद वसीम

**डलास।** ऑलराउंडर इमाद वसीम मांसपेशियों में खिंचाव के कारण गुरुवार को अमेरिका के खिलाफ होने वाले मुकाबले में नहीं खेल पाएंगे। कप्तान बाबर आजम ने कहा कि वसीम मांसपेशियों में खिंचाव से पूरी तरह से नहीं उबर पाए हैं और बाएं हाथ के इस स्पिनर की प्रगति पर नजर रखी जा रही है। बाबर ने यहां मीडिया से कहा मेडिकल स्टाफ उस पर नजर रखे हुए है और वह विश्व कप के बाकी मैचों के लिए उपलब्ध रहेगा। विश्व कप को ध्यान में रखते हुए इस अनुभवी टी-20 विशेषज्ञ खिलाड़ी को संन्यास से वापसी कराई गई। वसीम के अलावा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर को भी टी-20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान की टीम में चुना गया है।

## कार्लसन से हारे प्रज्ञानानंदा वैशाली ने मुजिचुक को हराया

स्टावेंगर (नॉर्वे), एजेंसी

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को यहां नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर के कड़े मुकाबले में शीर्ष वरीय मैग्नस कार्लसन के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा जबकि उनकी बड़ी बहन आर वैशाली ने सातवें दौर के बाद शीर्ष पर चल रही यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक को हराया। इस जीत के साथ कार्लसन ने अमेरिका के हिकारू नाकामूरा पर एक अंक की बढ़त बना ली है जिन्हें फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

इस बीच विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन का खराब प्रदर्शन जारी रहा और उन्हें अमेरिका के फाबियानो करूआना के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। छह खिलाड़ियों के इस डबल राउंड रोबिन टूर्नामेंट में अब जब सिर्फ दो दौर का खेल बाकी है तब कार्लसन 14.5 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। प्रज्ञानानंदा 12 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं जबकि अलीरेजा उनसे एक अंक पीछे चौथे स्थान पर हैं। करूआना नौ अंक के साथ पांचवें स्थान पर हैं जबकि लिरेन सिर्फ 4.5 अंक के साथ अंतिम पायदान पर हैं। महिला वर्ग में चीन की वेनजुन जू ने स्वीडन की पिया क्रेमलिंग के खिलाफ जीत से 14.5 अंक के साथ बढ़त बना ली है। उन्हें वैशाली के खिलाफ मुजिचुक की हार से भी फायदा मिला। यूक्रेन की मुजिचुक 13 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। उनसे 1.5 अंक पीछे वैशाली 11.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से तीसरे पायदान पर हैं।

नॉर्वे शतरंज



### अफरीदी बोले भारत-पाकिस्तान सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी

**न्यूयॉर्क।** पूर्व ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी भारत-पाकिस्तान मुकाबले को अमेरिका में बेहद लोकप्रिय सुपर बाउल के समकक्ष रखते हैं। उनका मानना है कि यह खेल की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता है और जो टीम नौ जून को न्यूयॉर्क में टी-20 विश्व कप मुकाबले में दबाव से बेहतर तरीके से निपटेगी वह जीत दर्ज करेगी।

दोनों टीमें टी20 विश्व कप में जब पिछली बार आमने-सामने थी तो विराट कोहली ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए भारत को जीत दिलाई थी। क्रिकेट का यह सबसे बड़ा मुकाबला पहली बार अमेरिका की सरजमीं पर हो रहा है और पाकिस्तान के पूर्व कप्तान अफरीदी दर्शकों के बीच बैठकर इसके गवाह बनेंगे। टी20 विश्व कप के दूत अफरीदी ने आईसीसी से कहा, वे अमेरिकी जो टूर्नामेंट के बारे में जानना चाह रहे हैं। मुझे भारत के खिलाफ खेलना बहुत पसंद था और मेरा मानना है कि यह खेल में सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता है।

## टीम अपनी खामियों को सुधारेगी: नवनीत कौर

लंदन, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) प्रो लीग के यूरोपीय दौरे के दूसरे चरण में लंदन पहुंची भारतीय महिला हॉकी टीम की उप कप्तान नवनीत कौर ने कहा टीम एकजुटता के साथ अपनी खामियों को दूर करने के लिए काम कर रही है।

उप-कप्तान नवनीत कौर ने कहा, हमारा ध्यान अब आवश्यक समायोजन और रणनीति बनाने पर है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हम अपने शेष मैचों में मजबूती से आगे बढ़ें। हमारा मानना है कि आने वाले मैचों का महत्व न केवल टूर्नामेंट के लिए है, बल्कि एक टीम के रूप में उभरकर आगे बढ़ने का समय है, इसलिए प्रत्येक खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रतिबद्ध है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम अपनी खामियों को दूर करने के साथ टीम को मजबूत बनाने के लिए एकजुट हैं। एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के यूरोपीय चरण में हमें कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, लेकिन प्रत्येक मैच हमारे लिए एक मूल्यवान सीख रही। बेल्जियम और ब्रिटेन के साथ करीबी मुकाबलों में असफलताओं के बावजूद टीम ने लचीलापन और सुधार दिखा। जैसा कि हम अपने शेष दो मैचों में फिर से जर्मनी और ब्रिटेन का सामना करने की तैयारी कर रहे हैं, हम अपने पिछले प्रदर्शन का विश्लेषण करने और सुधार पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य अपनी कड़ी मेहनत को सकारात्मक परिणामों में बदलना है।



# यह सिर्फ मेरे आखिरी मैच के बारे में नहीं : छेत्री

कोलकाता, एजेंसी

भारतीय फुटबॉल टीम के करिश्माई खिलाड़ी सुनील छेत्री ने बुधवार को अपने आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच को लेकर चल रही सुर्खियों को कम महत्व देते हुए यहां कुवैत के खिलाफ टीम के अहम फीफा विश्व कप क्वालीफायर पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश की।

भारत अगर गुरुवार को खेले जाने वाले इस मैच को जीत जाता है तो फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में उसकी जगह लगभग पक्की हो जाएगी। फीफा विश्व कप का आयोजन 2026 में अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होना है। इस में भाग लेने वाली एशिया की टीम का फैसला तीसरे चरण के क्वालीफायर के बाद होगा। छेत्री ने पिछले महीने घोषणा की थी कि कुवैत के खिलाफ फीफा क्वालीफायर का दूसरे चरण का मैच अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में उनका आखिरी मैच होगा। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 19 साल तक भारतीय फुटबॉल का चेहरा रहे इस खिलाड़ी ने कुवैत के खिलाफ कहा, मुझे लगता है कि हममें से ज्यादातर लोग 20 दिन पहले ही मिल चुके हैं और हमने मेरे करियर की आखिरी मैच की बात कर ली है। यह हो चुका है। हम यहां केवल और केवल कुवैत और भारत के बारे में बात करने के लिए आए हैं।

भावुक छेत्री ने अनुरोध किया कि वे उनसे बार-बार उनके संन्यास के बारे में न पूछें ताकि वह खुले दिमाग से खेल सकें। यह मेरे और मेरे अंतिम मैच के बारे में नहीं है, यह हमारे और कुवैत के बारे में है। और मैं अपने अंदर एक छोटे से संघर्ष से गुजर रहा हूं। कृपया बार-बार आप कैसा महसूस कर रहे हैं पूछकर इसे बदतर न बनाएं। केवल आप ही लोग हैं जो यह सवाल पूछ रहे हैं। हम ड्रेसिंग रूम में इसके बारे में बात नहीं करते हैं। हम वास्तव में यह मुकाबला जीतना चाहते हैं।



### इटली ने तुर्की से खेला गोल रहित ड्रॉ, पुर्तगाल ने फिनलैंड को हराया



**मिलान।** इटली ने अगले महीने यूरो फुटबॉल चैंपियनशिप में खिताब की रक्षा का अभियान शुरू करने से पहले अभ्यास मैच में तुर्की के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ खेला। इटली के खिलाफ मैच के दौरान तुर्की के डिफेंडर ओजान केबाक को गंभीर चोट लीग और उनके जर्मनी में होने वाले यूरो 2024 से बाहर होने की आशंका है। इटली को अपना दूसरा मैत्री मैच रविवार को बोस्निया-हर्जेगोविना के खिलाफ खेलना है जिसके बाद टीम यूरो 2024 में 15 जून को अल्बानिया के खिलाफ खिताब की रक्षा के अपने अभियान की शुरुआत करेगी। दूसरी तरफ स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बिना खेल रहे पुर्तगाल ने फिनलैंड को 4-2 से हराया। फिनलैंड के खिलाफ पुर्तगाल के लिए ब्रूनो फर्नांडिज ने दो जबकि रूबेन डियाज और डिएगो जोटा ने एक-एक गोल किया। फिनलैंड के लिए दोनों गोल तेमु पुकी ने दागे। ऑस्ट्रिया ने सर्बिया को 2-1 से हराया जबकि आयरलैंड ने हंगरी को हराकर उसके अजेय अभियान को थाम दिया।

### एमएलसी से जुड़े कमिंस, सेन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स से करार

**मेलबर्न।** तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने सेन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के साथ चार साल का करार किया है जिससे वह मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) से जुड़ने वाले ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं।

अमेरिका की इस फ्रेंचाइजी टी-20 लीग को आईसीसी से लिस्ट ए का दर्जा मिला है और इस टूर्नामेंट का दूसरा सत्र छह से 29 जुलाई तक खेला जाएगा। फ्रेंचाइजी के 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट वीडियो में कमिंस ने कहा एमएलसी काफी तेजी से प्रगति कर रहा है और क्रिकेट के लिए अमेरिका के बाजार में काफी क्षमता है। ऑस्ट्रेलिया को अगले साल जून-जुलाई में पूर्ण श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज का दौरा करना है और यह देखना होगा कि यह शीर्ष तेज गेंदबाज तब इस टी-20 लीग के लिए उपलब्ध रहता है या नहीं। सेन फ्रांसिस्को की टीम में ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक बल्लेबाज जेक फ्रेजर मैकगर्क कमिंस के साथी होंगे।

# घुटने की सर्जरी के कारण जोकोविच फ्रेंच ओपन और विंबलडन से बाहर

पेरिस, एजेंसी

दुनिया के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी और 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच घुटने की सर्जरी के कारण फ्रेंच ओपन और एक जुलाई से शुरू होने वाले विंबलडन टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। पेरिस में जोकोविच के घुटने की सर्जरी होनी है इस प्रक्रिया को लेकर उन्होंने फ्रेंच ओपन से अपना नाम वापस ले लिया था और अब एक जुलाई से शुरु होने वाले विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए है। सर्जरी के बाद स्वस्थ्य होने में लगने वाले समय के कारण सात सप्ताह बाद शुरु होने वाले पेरिस ओलंपिक में भी उनके भाग लेने पर संशय बन गया है।

रोलैंड गैरोस में कोर्ट की स्थितियों और जोकोविच की चोट के बीच संबंध एक विवादास्पद मुद्दा बन गया है। जिसने खिलाड़ियों की सुरक्षा और टूर्नामेंट प्रबंधन पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया हैं। इससे पहले साइबेरिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी जोकोविच ने सोशल मीडिया पर कहा मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत दुख हो रहा है कि मुझे रोलैंड गैरोस से हटना पड़ रहा है, मैंने कल के मैच में पूरे दिल से खेला और अपना सर्वश्रेष्ठ दिया और दुर्भाग्य से, मेरे दाहिने घुटने में एक मेनिस्कस टियर के कारण मेरी टीम और मैंने सावधानीपूर्वक विचार किया, जिसके बाद एक कठिन निर्णय लेना पड़ा। मैं इस सप्ताह फ्रेंच ओपन में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देता हूं और अपने प्रशंसकों को उनके प्यार और निरंतर समर्थन के लिए ईमानदारी से धन्यवाद देता हूं।



### बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी सेमीफाइनल में

**पेरिस।** भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी बेल्जियम के सैंडर जिले और जोरान वी को हराकर फ्रेंच ओपन पुरूष युगल के सेमीफाइनल में पहुंच गई। दोनों ने 7-6, 5-7,6-1 से जीत दर्ज की। बोपन्ना और एबडेन को जीतने में एक घंटा और चार मिनट लगे। उन्होंने पहला सेट कड़े मुकाबले में जीता लेकिन दूसरे में प्रतिद्वंद्वी टीम ने वापसी की। तीसरे सेट में मुकाबला बिल्कुल एकतरफा रहा और बोपन्ना तथा एबडेन ने बेल्जियम की टीम को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। बोपन्ना और एबडेन ने पहले और तीसरे दौर में भी तीन सेट के मुकाबले खेलने पड़े थे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

